

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853


राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 327 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 05 सितम्बर 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## मथुरा में सपा की सियासी परीक्षा, कृष्ण जन्मभूमि पर अखिलेश के सामने चुनौती

लखनऊ। अयोध्या में राम मंदिर के बाद अब मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि का मुद्दा भी उत्तर प्रदेश की सियासत में तेजी से उभरता दिख रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण का उल्लेख करते हुए बाबर और औरंगजेब का जिक्र किया और विपक्ष की आस्था पर सवाल उठाए। उनके निशाने पर समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव को माना जा रहा है।

कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद पहले से अदालत में विचाराधीन है। हिंदू पक्ष का दावा है कि शाही ईदगाह मंदिर की जमीन पर बनी है, जबकि मुस्लिम पक्ष 1968 के समझौते और पूजा स्थल कानून का हवाला देता है। विवादित परिसर करीब 13.37 एकड़ क्षेत्र से जुड़ा है।

ऐसे में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले मथुरा का मुद्दा सपा के लिए राजनीतिक चुनौती बन सकता है। अखिलेश यादव इस मुद्दे पर स्पष्ट रुख अपनाते हैं तो एक वर्ग की राजनीतिक प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ सकता है और चुप रहते हैं तो भाजपा उन्हें घेरने की कोशिश कर सकती है। फिलहाल अदालत में चल रहे विवाद के बीच मथुरा की सियासत गरमाने लगी है।

# जन्माष्टमी पर देशभर में भक्तिमय माहौल, मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

## मथुरा से मुंबई, जयपुर से गुरुवायूर तक कृष्ण भक्ति में डूबा देश; आधी रात कान्हा के जन्म का इंतजार, दही-हांडी की तैयारियां तेज

समाज जागरण

नई दिल्ली। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर शुक्रवार को देशभर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। मथुरा से मुंबई और जयपुर से गुरुवायूर तक मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, आरती, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच पूरा वातावरण कृष्णमय नजर आया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने व्रत रखा और भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के शुभ क्षण के साक्षी बनने के लिए मंदिरों में डटे रहे।

जन्माष्टमी के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान को इस बार 'समुद्र मंथन' की भव्य थीम पर सजाया गया। मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक आयोजन हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचकर पूजा-अर्चना की। मथुरा में जन्माष्टमी को लेकर सुरक्षा के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भी व्यापक



इंतजाम किए गए।

### गिरगांव चौपाटी में मंगला आरती से शुरू हुआ उत्सव

मुंबई के गिरगांव चौपाटी स्थित इस्कॉन मंदिर में शुक्रवार सुबह भव्य मंगला आरती के साथ जन्माष्टमी समारोह की शुरूआत हुई। भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। आध्यात्मिक गुरु केशव चंद्र दास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म अंधकार के बीच आधी रात को हुआ था, लेकिन भगवद्गीता के माध्यम से उन्होंने पूरी दुनिया को प्रकाश का मार्ग दिखाया। उन्होंने अर्जुन के माध्यम से संपूर्ण मानवता को कर्म और धर्म का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

मुंबई में जन्माष्टमी के अगले दिन शनिवार को होने वाले पारंपरिक दही-हांडी उत्सव को लेकर भी तैयारियां तेज हो गई हैं। शहर के विभिन्न इलाकों में गोविंदा की टोलियां ऊंचाई पर लटकाए जाने वाले दही और दूध से भरे मटकों को फोड़ने के लिए तैयार हैं। इससे शहर में उत्सव का उत्साह और बढ़ गया है।

### जयपुर में रात से ही मंदिरों में पहुंचने लगे श्रद्धालु

राजस्थान की राजधानी जयपुर में भी जन्माष्टमी को लेकर जबरदस्त उत्साह रहा। ऐतिहासिक गो-विंददेवजी मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालु बृहस्पतिवार देर रात से ही पहुंचने लगे थे। शुक्रवार सुबह चार बजे मंगला आरती के साथ दर्शन शुरू हुए। मंदिर प्रशासन के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण का मुख्य जन्मोत्सव शुक्रवार मध्यरात्रि को मनाया जाएगा।

### चेन्नई में दो दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव

चेन्नई के इस्कॉन मंदिर में भी जन्माष्टमी का पर्व पूरे धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। ईसीआर स्थित मंदिर में दो दिवसीय उत्सव की शुरूआत तीन सितंबर से हुई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, परिवारों, युवाओं और स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। व्रत रखने वाले श्रद्धालु दिनभर भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचते रहे।

### गुरुवायूर में उमड़ी आस्था, 25 हजार लोगों के लिए प्रसाद की तैयारी

केरल में अष्टमी रोहिणी के अवसर पर विभिन्न कृष्ण मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना हुई। प्रसिद्ध गुरुवायूर श्रीकृष्ण मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। वहीं अरनमुला पार्थसारथी मंदिर में अष्टमी रोहिणी सद्या यानी विशेष प्रसाद भोज की व्यापक तैयारियां की गईं। मंदिर सूत्रों के अनुसार इस धार्मिक भोज में करीब 25 हजार लोगों को भोजन परोसे जाने की तैयारी है।

*भगवान विष्णु के आठवें अवतार श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाने वाली जन्माष्टमी देश की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन मंदिरों में विशेष सजावट, झांकियों और धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मध्यरात्रि में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव मनाया जाता है। शुक्रवार को देशभर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने एक बार फिर भारतीय संस्कृति में कृष्ण भक्ति की गहरी आस्था को प्रदर्शित किया। (इनपुट : भाषा)*

### नेताओं ने दी जन्माष्टमी की शुभकामनाएं

पंजाब और हरियाणा के राज्यपालों तथा मुख्यमंत्रियों ने भी देशवासियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने भगवान कृष्ण के जीवन और शिक्षाओं को लोक-कल्याण, सदाचार और निष्काम कर्म का संदेश बताया। उन्होंने लोगों से भक्ति, एकता और धार्मिक मूल्यों के साथ पर्व मनाने का आह्वान किया।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने देशवासियों को जन्माष्टमी की बधाई देते हुए भगवान श्रीकृष्ण की कृपा सभी पर बने रहने की कामना की। हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष ने लोगों के जीवन में शांति, समृद्धि और शक्ति की कामना की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी जन्माष्टमी पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व लोगों के जीवन में प्रेम, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा लेकर आए।

## भारत दुनिया की कार्यशाला, बेल्जियम वैश्विक बाजार : बेल्जियम के पीएम



समाज जागरण

मुंबई। बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर ने शुक्रवार को मुंबई स्थित भारत डायमंड बोर्स का दौरा किया और हीरा उद्योग, बंदरगाह तथा लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के प्रमुख प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उन्होंने भारत-बेल्जियम के आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करने की संभावनाओं पर चर्चा की।

भारत डायमंड बोर्स में संबोधन के दौरान डी वेवर ने भारत को दुनिया की 'डायमंड वर्कशॉप' बताते हुए कहा कि दुनिया के हर 10 में से नौ से अधिक हीरे भारत में काटे और तराशे जाते हैं। भारत अब केवल हीरा प्रसंस्करण का केंद्र नहीं, बल्कि हीरे के आभूषणों का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बाजार भी है। उन्होंने एंटवर्प और भारत को एक-दूसरे का पूरक बताते हुए कहा कि भारत के पास दुनिया की कार्यशाला है, जबकि एंटवर्प वह जगह है जहां दुनिया का बाजार मिलता है। उन्होंने दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को आसान बनाने पर जोर दिया। बेल्जियम के प्रधानमंत्री ने भारत-एंटवर्प हीरा व्यापार को मजबूत करने के लिए नए एचआरटी कार्यालय के उद्घाटन का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आयात शुल्क में कमी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, लेकिन दोनों देशों के बीच शुल्क को पूरी तरह समाप्त करना और व्यापार को अधिक सुगम बनाना बेहतर होगा। (इनपुट : आईएएनएस)

## एसी फर्स्ट क्लास में सफर कर रही युवती के सूटकेस से विदेशी शराब बरामद





समस्तीपुर। बिहार में शराबबंदी के बावजूद तस्करी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। समस्तीपुर में गुप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ ने स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस के एसी फर्स्ट क्लास कोच में छापेमारी कर एक युवती को शराब की खेप के साथ हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान युवती के ट्रॉली बैग से महंगे ब्रांड की शराब बरामद होने की बात सामने आई है। बरामद शराब में रेड 6900, पेपर टीचर और ब्लेंडर्स प्राइड समेत अन्य ब्रांड की बोतलें शामिल बताई जा रही हैं। युवती नई दिल्ली से जयनगर जा रही थी। आरपीएफ ने युवती को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जांच टीम यह पता लगाने में जुटी है कि शराब कहां से लाई गई थी और इसे बिहार में किसे पहुंचाया जाना था। अधिकारियों को आशंका है कि इसके पीछे कोई संगठित तस्करी नेटवर्क हो सकता है। मामले की आगे जांच की जा रही है।

## स्वतंत्र भारद्वाज पर एससी-एसटी एक्ट, जानिए क्या है कानून का प्रावधान

समाज जागरण

नई दिल्ली। जंतर-मंतर से जुड़े विवाद के बाद चर्चा में आए स्वतंत्र भारद्वाज के खिलाफ एससी-एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किए जाने की बात सामने आई है। रिपोर्टों के मुताबिक, यह कार्रवाई निशु आजाद के पिता पर कथित हमले के मामले से जुड़ी है। हालांकि, एफआईआर या गिरफ्तारी से आरोप साबित नहीं होते, अंतिम फैसला अदालत करती है।

एससी-एसटी एक्ट, 1989 का उद्देश्य अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों को जातिगत अपमान, उत्पीड़न, हिंसा, सामाजिक भेदभाव और संपत्ति से जुड़े अत्याचारों से सुरक्षा देना है। कानून की धारा 3 में विभिन्न अपराधों के लिए अलग-अलग सजा का प्रावधान है। कई मामलों में छह महीने से पांच साल तक की सजा और जुर्माना, जबकि गंभीर अपराधों में इससे कहीं कड़ी सजा का प्रावधान है।

कानून में विशेष अदालतों के जरिए मामलों की सुनवाई की व्यवस्था है। 2018 के संशोधन के बाद एफआईआर दर्ज करने के लिए प्रारंभिक जांच अनिवार्य नहीं है। साथ ही, अधिनियम में अग्रिम जमानत पर विशेष प्रतिबंध का प्रावधान है, हालांकि अदालत प्रथमदृष्टया अपराध न बनने की स्थिति में राहत पर विचार कर सकती है।

किसी मामले में वास्तविक सजा इस बात पर निर्भर करती है कि एफआईआर में कौन-सी धाराएं लगाई गई हैं और जांच व सुनवाई के दौरान आरोप किस तरह साबित होते हैं।

# जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि पहुंचे सीएम योगी, श्रद्धालुओं पर की पुष्प वर्षा

### चांदी से सजे गर्भगृह में किए लाला के दर्शन

जन्माष्टमी के विशेष पर्व पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मुख्य गर्भगृह की दीवारों को चांदी की परत से सजाया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काफी देर तक चांदी से सजे गर्भगृह की अलौकिक छटा और लाला के मनमोहक स्वरूप को भक्तिभाव से निहारते रहे। मुख्य गर्भगृह में दर्शन-पूजन के बाद उन्होंने परिसर में स्थित योगमाया मंदिर, केशवदेव मंदिर और भागवत भवन में भी दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने देश और प्रदेश में सुख-शांति, समृद्धि तथा लोकमंगल की कामना की।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शुक्रवार सुबह श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप 'लाला' के दर्शन और विशेष पूजन किया। ब्रज प्रवास के दूसरे दिन जन्मभूमि पहुंचे मुख्यमंत्री ने पूरे विधि-विधान और आस्था के साथ मुख्य गर्भगृह में पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की सुख-शांति और समृद्धि की मंगल कामना की। मुख्यमंत्री के रूप में श्रीकृष्ण जन्मभूमि का यह उनका 20वां दर्शन रहा। मंदिर परिसर में पहुंचने पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन किया।

### गोमाता का पूजन कर श्रद्धालुओं पर बरसाए फूल

मंदिर में पूजन-अर्चन से पहले मुख्यमंत्री ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि



परिसर में गोमाता का विधिवत पूजन किया। इसके बाद उन्होंने परिसर में मौजूद हजारों श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार किया और उन पर देर तक पुष्प वर्षा की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर देशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।

### उज्जैन के कलाकारों का बढ़ाया उत्साह

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जन्मभूमि परिसर में सांस्कृतिक प्रस्तुति दे रहे उज्जैन से आए कलाकारों के बीच भी पहुंचे। उन्होंने कलाकारों की प्रस्तुति देखकर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके साथ फोटो भी खिंचवाई। मुख्यमंत्री करीब 30 मिनट तक श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर में रहे।

### सीएम योगी ने दी जन्माष्टमी की शुभकामनाएं

श्रीकृष्ण जन्मभूमि पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के माध्यम से देश और प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, "भक्ति, प्रेम एवं धर्म के शाश्वत आलोक, वासुदेव भगवान श्रीकृष्ण जी के पावन अवतरण दिवस 'श्रीकृष्ण जन्माष्टमी' की सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं मंगलमय शुभकामनाएं।

*भक्तवत्सल भगवान श्रीकृष्ण की असीम कृपा से सभी के जीवन में प्रेम, करुणा, धर्म एवं निष्काम कर्म के आदर्श प्रतिष्ठित हों तथा चराचर जगत में सुख, शांति, समृद्धि व लोकमंगल का विस्तार हो, यही प्रार्थना है।" (इनपुटः आईएएनएस)*

## बिना मिसाइल के भी तबाही मचा सकती है अंतरिक्ष की जंग

समाज जागरण

नई दिल्ली। आधुनिक युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। अब किसी देश को कमजोर करने के लिए मिसाइल या बम ही जरूरी नहीं, उसके सैटेलाइट नेटवर्क को निशाना बनाना भी गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। संचार, नेविगेशन और सैन्य निगरानी जैसी कई अहम व्यवस्थाएं अंतरिक्ष आधारित तकनीक पर निर्भर हैं।

सितंबर 2025 में अमेरिका और ब्रिटेन की अंतरिक्ष सेनाओं के एक संयुक्त अभियान ने इस बदलते परिदृश्य की ओर दुनिया का ध्यान खींचा। अभियान के दौरान दोनों देशों के अंतरिक्ष यान चीन के शियान-12-01 उपग्रह के बेहद करीब पहुंचे। इसे



सामान्य निगरानी से आगे बढ़कर अंतरिक्ष में बढ़ती सैन्य गतिविधियों के संकेत के तौर पर देखा गया। विशेषज्ञों के मुताबिक, आने वाले समय में अंतरिक्ष में सैटेलाइट की निगरानी, उनकी सुरक्षा और संभावित 'एंटी-सैटेलाइट' क्षमताओं को लेकर अमेरिका, चीन समेत बड़ी शक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा और बढ़ सकती है। ऐसे में अंतरिक्ष अब केवल वैज्ञानिक अनुसंधान का क्षेत्र नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सैन्य रणनीति का भी अहम मोर्चा बनता जा रहा है।

(राष्ट्रीय शिक्षक दिवस विशेष 5 सितंबर 2026)

# शिक्षा के धंधे में नैतिकता का स्तर और छात्रों का भविष्य

कहने को सभी शिक्षा ज्ञान मंदिर को पवित्र पेशे के रूप में देखते है, लेकिन क्या आज व्यापारीकरण के युग में यह वहीं मंदिर रहा है, जहां क्रांतिज्योति सावित्री बाई फुले शिक्षा की ज्ञानज्योत जलाने के लिए विपरीत विचारों, कुरीतियों वाले पूरे समाज से घृणा और द्वेष सहन करती रही थी। महात्मा ज्योतिराव फुले ने सामाजिक बहिष्कार, अपमान और विरोध की परवाह किए बिना शिक्षा को वंचितों की मुक्ति का माध्यम बनाया; राजर्षि शाहू महाराज ने शिक्षा में सामाजिक न्याय और अवसरों की समानता को राज्य की जिम्मेदारी माना; महर्षि धोंडो केशव कर्वे ने स्त्री-शिक्षा को अपने जीवन का ध्येय बनाया; डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन और मुक्ति की आधारशिला माना; पद्मश्री डॉ. एस. आर. रंगनाथन ने पुस्तकालयों को ज्ञान तक समान पहुँच और बौद्धिक लोकतंत्र का माध्यम बनाया और डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम ने ज्ञान को विकसित और आत्मनिर्भर भारत की शक्ति के रूप में देखा। ऐसे सभी महापुरुषों और समाजसुधारकों की दृष्टि में शिक्षा कोई बिकाऊ वस्तु नहीं, बल्कि व्यक्ति और समाज को बेहतर बनाने वाली सार्वजनिक नैतिक जिम्मेदारी थी।

आज उसी व्यवस्था के सामने एक असहज प्रश्न खड़ा है–क्या शिक्षा धीरे-धीरे ज्ञान और सामाजिक परिवर्तन के मिशन से हटकर फीस, मुनाफा, ब्रांड, परीक्षा-परिणाम और रोजगार के बाजार में बदलती जा रही है? यदि शिक्षा के नाम पर अनावश्यक आर्थिक बोझ, नियुक्तियों में कथित धनबल, राजनीतिक अथवा प्रशासनिक हस्तक्षेप और शिक्षकों की असुरक्षा जैसी प्रवृत्तियाँ बढ़ती है, तो संकट केवल संस्थागत व्यवस्था का नहीं, बल्कि शिक्षा के मूल नैतिक चरित्र का हैं। ऐसी स्थिति में हमें यह पुनर्विचार करना होगा कि जिन महापुरुषों ने शिक्षा को समानता, स्वाभिमान, ज्ञान और सामाजिक मुक्ति का साधन बनाया था, क्या हम उसी विरासत को आगे बढ़ा रहे है या अनजाने में शिक्षा को एक ऐसी व्यवस्था में बदल रहे है, जहाँ विद्यार्थी ग्राहक, शिक्षक कर्मचारी और ज्ञान एक उत्पाद बनता जा रहा है?

आजकल सोशल मीडिया और खबरों में शिक्षा संस्थांनों की अनेक अनुचित व्यवहार की अत्यधिक बढ़ती खबरें इसकी पवित्रता कलंकित कर रही हैं। महाराष्ट्र राज्य के सरकारी अनुदानित महाविद्यालयों में पदभरती के नाम पर प्रोफेसर के रेट की बात सबको पता है, अखबारों में कुछ दिन खबरें आती है, फिर सब सामान्य हो जाता हैं। शिक्षकों का मानसिक उत्पीड़न और आत्महत्या की घटनाएं भी लगातार बढ़ी हैं। शिक्षा व्यवस्था में भ्रष्टाचार, भर्ती घोटाले, डिग्री खरीदी, परीक्षा पेपर लीक, उत्तर पुस्तिकाओं में हेर-फेर, सरकारी खर्च में अनियमितता, सामग्री खरीद-फरोख्त में गड़बड़ी और कमजोर वित्तीय जवाबदेही ये सब बताते हैं कि शिक्षा के कामकाज में कई स्तरों पर गड़बड़ी हो सकती हैं। हर क्षेत्र में कार्यरत साधारणत सभी कर्मचारीयों को पता होता है कि, अपने विभाग में कहा अनुचित या भ्रष्ट कार्य होते है, लेकिन अधिकतम इस बारे में विरोध करना पसंद नहीं करते। जैसा चल रहा है चलने दो, यह रुख अपनाते है, लेकिन इस रुख का सीधा परिणाम संपूर्ण व्यवस्था प्रणाली, समाज और देश पर पड़ता है, जिसके गंभीर परिणाम मासूम जनता को सदियों तक झेलने पड़ सकते हैं।

विकसित देशों की शिक्षा संस्थान समान गुणवत्ता पर केंद्रित होती है, जहां अमीर-गरीब और निजी-सरकारी कर्मचारियों के बच्चे बिना किसी भेदभाव के एक ही स्कूल में पढ़ते हैं। जिस देश ने गुणवत्तापूर्ण उन्नत शिक्षा, सुदृढ़ स्वास्थ्य सुविधा और रोजगार सृजनशीलता को महत्वपूर्ण माना, वही प्रगति पथ पर आगे बढ़कर विकसित हुए हैं। विश्व में छोटे-छोटे देश जिनमे से किसी के पास खेती के लिए जमीन नहीं, पर्याप्त जल सुविधा नहीं, प्राकृतिक आपदाओं से घिरे रहते है, फिर भी वह अपने बेहतर शिक्षा प्रणाली द्वारा उन्नत तकनीक के दम पर विकसित हुए हैं। मनुष्य के संपूर्ण जीवन की आधारशिला की नींव उसकी शिक्षा पर निर्भर होती है, शिक्षा की गुणवत्ता और कौशल ही उसके भविष्य की नीति तय करती हैं। अर्थात इसका असर व्यक्ति के साथ ही उसके आने वाली पीढ़ी पर भी पढता है, जीवन के हर प्रसंग, कार्यकलापों में शिक्षा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष हस्तक्षेप जरूर करती हैं।

विदेशों में सामाजिक समरसता का ज्ञान बच्चों को स्कूल में ही दिया जाता है, नन्हे विद्यार्थियों को पढाई के विविध विषयों के साथ में घर की साफ-सफाई, बड़े-बुजुर्गों की मदद करना, अपना काम स्वयं करना, घर में अभिभावकों के काम में हांथ बटाना, महिलाओं की इज्जत करना, असहाय की मदद करना, समाजकार्य करना, पौधे लगाना, पर्यावरण की रक्षा करना, हस्तकला, शिल्पकला, छोटे-मोठे उपकरण सुधारना; ऐसे अनेक विषय उन्हें व्यावहारिक तौर पर स्कूल में पढ़ाये जाते हैं। इसमें सिखाया जाता है कि, कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता, सभी काम महत्वपूर्ण और समान हैं। जिस पर उन्हें शैक्षिक अंक भी प्रदान किये जाते हैं। यह तरीका विद्यार्थियों को एक कौशलपूर्ण, विकसित, सशक्त, जिम्मेदार, संस्कारी और समझदार नागरिक बनाने पर जोर देता है, जो कि यह हर देश के लिए बहुत जरुरी हैं। जब यहां बच्चे रील देखने में सबसे ज्यादा समय गवांते है, तब वहां बच्चे किसी एक काम में व्यावसायिक तौर पर कौशलपूर्ण तरीके से पारंगत हो चुके होते हैं।

देश में अधिकतम सरकारी कर्मचारी बच्चों की पढाई के लिए महंगे निजी शिक्षा संस्थानों को प्राथमिकता देते हैं। बेहतर वेतन के बावजूद खुद सरकारी स्कूली शिक्षक अपने बच्चों को अपनी ही स्कूल में पढ़ाना पसंद नहीं करते। अधिकतम निजी स्कूलों के शिक्षक कम वेतन पर कार्यरत होकर भी बेहतर परिणाम दशार्ते है, तो सरकारी संस्थानों को क्या हो जाता हैं? केंद्रीय, नवोदय विद्यालय शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करते है, लेकिन इन स्कूलों की संख्या बहुत कम है, इनमें शिक्षक गुणवत्ता, पदभरती, कार्यकलाप अद्यावत होते है, इसके मुकाबले अनेक राज्य सरकारों की स्कूलों के हालात बुरे नजर आते हैं। ग्रामीण क्षेत्र, दुर्गम भाग, पिछड़े इलाके के सरकारी स्कूल बारिश के मौसम में सजा देनेवाले संस्था बन जाते है, बेहतर शिक्षा सुविधा मिलना तो दूर अपनी स्कूल तक पहुंचने में नन्हे छात्र कीचड़, झाड़ियां, खड्डेनुमा सड़क, कही-कही तो उफनते नदी-नाले पार करके जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंचते हैं। कई स्कूल खंडहर नजर आते है, आधारभूत सुविधाओं की जानकारी ही नहीं हैं। गरीबों की ऐसी खस्ता हालत की है कि, प्राथमिक स्कूल में दाखिला लेनेवाले करीब 40 प्रतिशत विद्यार्थी कक्षा 12 तक कभी पहुंचते नहीं। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2017-18 से 2022-23 के बिच देश के 92 हजार सरकारी स्कूल बंद हुए। एक लाख से ज्यादा स्कूल एक शिक्षक के भरोसे हैं।

*शिक्षक कभी साधारण नहीं होता। प्रलय और निर्माण उनकी गोद मे पलते हैं। शिक्षक अपने कलागुणों, ज्ञान, शिक्षा से छात्रों में नए सशक्त और विकसित समाज की नींव रखते हुए देश के भविष्य के शिल्पकार की भूमिका साकार करते हैं। शिक्षा केवल अंक, रैंक, डिग्री और रोजगार नहीं होती बल्कि चरित्र, सुजान सुसंस्कृत नागरिक, रचनात्मक, आलोचनात्मक विचार एवं सामाजिक जिम्मेदारी का अहसास भी बेहद अहम होता है, शिक्षा की यही मुख्य नैतिकता होती हैं। अगर आज शिक्षा विद्यार्थी का आकलन करके उसके कलागुणों को निखारकर योग्य कौशलपूर्ण सक्षम करके जीवन के लिए बेहतर भविष्य निर्माण करवाने में कमजोर है, तो ऐसी शिक्षा देश में केवल डिग्रीधारियों की जनसंख्या बढ़ाने का काम करेंगी, जो होता आ रहा है, नीति आयोग ने भी अभी अपनी रिपोर्ट में यही बताया कि, युवाओं के पास डिग्री है कौशल नहीं। शिक्षा को केवल बाजार का उत्पाद न मानकर, एक सामाजिक अधिकार और सार्वजनिक ज़िम्मेदारी के रूप में देखना चाहिए।*

# हर माँ घर लौटे – यही विकास की असली पहचान

## बदलाव ने उम्मीद जगाई है, अब एक भी माँ नहीं खोनी है

जब किसी माँ की जान बचती है, तो आँकड़े में एक संख्या घटती है, लेकिन किसी घर की पूरी दुनिया बच जाती है। 122 से 87 तक पहुँचा मातृ मृत्यु अनुपात इसी बदलाव का प्रमाण है। भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की सतत विकास लक्ष्य प्रगति रिपोर्ट 2026 के अनुसार, 2015-17 में प्रति लाख जीवित जन्म पर 122 माताओं की मृत्यु होती थी, जो 2022-24 में घटकर 87 रह गई। 35 की यह कमी महज गणित नहीं; यह हर एक लाख जीवित जन्म पर 35 माताओं के बचने का अर्थ है। देशभर में इससे हजारों परिवारों की दुनिया सुरक्षित हुई है। हर घटती संख्या के पीछे एक बची माँ की साँस, बच्चे की सलामत गोद और परिवार का सुरक्षित भविष्य है।

कभी प्रसव की राह में अस्पताल से पहले मजबूरियाँ खड़ी मिलती थीं। अस्पताल दूर, सड़क खराब, वाहन का भरोसा नहीं और पैसों की तंगी अलग संकट थी। अंधविश्वास और रूढ़ मान्यताएँ प्रसव को इलाज नहीं, किस्मत के भरोसे छोड़ देती थीं। कई बार घर ही प्रसव कक्ष बनता और जटिलता बढ़ने पर मदद देर से पहुँचती। अब तस्वीर बदल रही है। नियमित जाँच, आयरन की गोलियाँ, संस्थागत प्रसव और जरूरत पर एम्बुलेंस ने मातृत्व को सुरक्षित किया है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और सुरक्षित मातृत्व अभियान ने भी यह भरोसा मजबूत किया है कि माँ को बचाना सुविधा नहीं, व्यवस्था की जिम्मेदारी है।

इस बदलाव की जड़ें उन गाँवों की मिट्टी में हैं, जहाँ इलाज की दूरी धीरे-धीरे घटकर लोगों की चौखट तक आ गई है। तपती दोपहर हो या स्याह रात, आशा कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं तक पहुँचती हैं, जाँच के लिए प्रेरित करती हैं, खतरे के संकेत समझाती हैं और जरूरत पड़ने पर अस्पताल पहुँचाती हैं। आंगनवाड़ी केंद्र पोषण और जागरूकता की कड़ी बनते हैं। नर्सें प्रसव कक्ष में रात-दिन डटी रहती हैं, डॉक्टर सीमित साधनों में भी जीवन बचाने की जद्दोजहद करते




हैं। इसलिए मातृ मृत्यु में कमी किसी एक विभाग की उपलब्धि नहीं, बल्कि उन अनाम हाथों की साझा जीत है, जिन्होंने किसी माँ को मौत की देहरी तक पहुँचने से पहले थाम लिया।

मातृ मृत्यु का घटता आँकड़ा दरअसल समाज की बदलती दृष्टि की कहानी भी कहता है। गर्भवती को समय पर अस्पताल पहुँचाना केवल उपचार तक पहुँचना नहीं, उसके जीवन को महत्व देना है। शिक्षित महिला खतरे के संकेत पहचानती है, सक्षम परिवार इलाज टालता नहीं और जागरूक समाज अंधविश्वास के बजाय विज्ञान का साथ चुनता है। इसलिए मातृ मृत्यु अनुपात में गिरावट स्वास्थ्य क्षेत्र की उपलब्धि भर नहीं, सामाजिक चेतना के बदलते चेहरे का आईना भी है। महिला को सिर्फ संतान जन्म देने वाली देह न मानकर अधिकार, स्वास्थ्य और सम्मान से पूर्ण मनुष्य समझना ही इस परिवर्तन की असली नींव है।

संस्थागत प्रसव का 90 प्रतिशत से ऊपर पहुँचना इस बदलाव की गहराई को रेखांकित करता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 के 2023-24 के आँकड़े इसकी स्पष्ट पुष्टि करते हैं। मातृ मृत्यु का घटता आँकड़ा सुकून देता है, मगर सवाल भी छोड़ जाता है–क्या 87 पर संतोष किया जा सकता है? 87 अब भी शून्य नहीं है। हर मातृ मृत्यु के पीछे एक घर की बुझी रोशनी, एक बच्चे की सूनी गोद और एक पति के कंधों पर अचानक बढ़ा जिम्मेदारियों का बोझ है। इसलिए 122 से 87 तक पहुँचना बड़ी उपलब्धि है, पर इसे मंजिल मान लेना भूल होगी। विकास केवल मृत्यु अनुपात घटने पर संतुष्ट हो जाना नहीं; विकास तब सार्थक होगा, जब प्रसव के दौरान किसी माँ की मृत्यु असामान्य और अस्वीकार्य मानी जाए–जीवन की अनिवार्य कीमत नहीं।

मातृत्व सुरक्षा की असली कसौटी वहीं सामने आती है, जहाँ सुविधा की आखिरी सीमा समाप्त हो जाती है। पहाड़ी इलाकों, दूर-दराज जिलों और गरीब बस्तियों में आज भी अस्पताल तक पहुँचना आसान नहीं है। कहीं एम्बुलेंस देर से आती है, कहीं रक्त बैंक में पर्याप्त रक्त नहीं मिलता और कहीं प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की कमी जटिल स्थिति को और गंभीर बना देती है। प्रसव की आपात स्थिति में कुछ मिनट भी जीवन-मृत्यु का फैसला कर सकते हैं। इसलिए योजनाएँ बनाना भर पर्याप्त नहीं; उनका ईमानदार क्रियान्वयन, मजबूत रेफरल व्यवस्था, पर्याप्त रक्त, प्रशिक्षित स्टाफ और तेज आपात सेवाएँ जरूरी हैं। आखिरी गाँव तक स्वास्थ्य सुविधा पहुँचाए बिना मातृ मृत्यु को निर्णायक रूप से घटाना संभव नहीं होगा।

माँ को बचाने की जिम्मेदारी की पहली शर्त है–उसे अकेला न छोड़ना। गर्भावस्था और प्रसव को केवल महिला का दायित्व मानने वाली सोच बदलनी होगी। पति पत्नी की नियमित जाँच को उतनी ही गंभीरता से ले, जितनी किसी जरूरी पारिवारिक जरूरत को। सास बहू की कमजोरी को ह्यसामान्यह्न कहकर न टाले, डॉक्टर की सलाह माने। परिवार गर्भवती के पोषण, आराम और उपचार को खर्च नहीं, भविष्य में किया गया निवेश समझे। मातृत्व सुरक्षा तभी मजबूत होगी, जब समाज माने कि माँ को बचाने की जिम्मेदारी केवल माँ की नहीं–परिवार, समुदाय और शासन की भी है।

किसी देश की प्रगति का सबसे सच्चा प्रमाण तब मिलेगा, जब प्रसव के बाद हर माँ अपने नवजात को सीने से लगाए सकुशल घर लौटेगी। जीडीपी, ऊँची इमारतें, तकनीकी उपलब्धियाँ और आर्थिक विकास महत्वपूर्ण हैं, लेकिन जीवन बचाने से बड़ा विकास का कोई पैमाना नहीं। 122 से 87 की यात्रा उम्मीद जगाती है, पर जिम्मेदारी भी बढ़ाती है। यह उन माताओं को मौन श्रद्धांजलि है, जो लौट नहीं सकीं, और आशा कार्यकताओं, आंगनवाड़ी कर्मियों, नर्सों, डॉक्टरों व परिवारों को सलाम है, जिन्होंने अनगिनत जिंदगियाँ बचाईं। अब 87 को पड़ाव नहीं, शून्य की ओर अगली छलांग की शुरूआत मानना होगा। क्योंकि एक माँ बचती है तो साथ में बच्चे का भविष्य, परिवार की धुरी और आने वाली पीढ़ी की उम्मीद बचती है।

**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**
**शिक्षाविद्**
**बड़वानी (मप्र)**

5 सितम्बर शिक्षक दिवस पर विशेष

# समाज के मार्गदर्शक होते हैं शिक्षक

**रमेश सर्राफ धमोरा**

शिक्षक हमारे जीवन में सिर्फ किताबों का ज्ञान नहीं बल्कि सही दिशा दिखाने वाले मार्गदर्शक भी होते हैं। बचपन की शिक्षा से लेकर करियर बनने तक वह हमें सीखने, समझने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इसीलिए हमारे देश में शिक्षकों को भगवान से भी ऊपर का दर्जा दिया गया है। शिक्षकों को सम्मान देने के लिए प्रतिवर्ष 5 सितंबर शिक्षक दिवस के लिए रूप में मनाया जाता है।

शिक्षक हमें जीवन में सफलता के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल देते हैं। शिक्षक हमारे व्यक्तित्व को तैयार करते हैं। चरित्र को ढालने और मूल्यों को स्थापित करने में मदद करते हैं। हमें एक अच्छा नागरिक भी मनाने में मदद करते हैं। शिक्षक ही है जो छात्रों को जीवन का नया अर्थ सिखाता है। वे हमें सही रास्ता दिखाते हैं और कुछ भी गलत करने से रोकते हैं। वे बाहर से देख सकते हैं। वे प्रत्येक छात्र की देखभाल करते हैं और उनके विकास की कामना करते हैं। उस छात्र को मत भूलो जो छात्र अपने शिक्षकों का सम्मान नहीं करता है। वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ता है। शिक्षक छात्र के व्यक्तित्व को ढालते हैं। वे एकमात्र निःस्वार्थ व्यक्ति हैं जो खुशी-खुशी बच्चों को अपना सारा ज्ञान देते हैं। कहा जाता है कि गुरु के बिना ज्ञान अधूरा रहता है। यह बात बिल्कुल सत्य है।

हर देश में शिक्षक दिवस को मनाने की तारीख अलग-अलग है। चीन में 10 सितम्बर तो अमेरिका में छह मई, ऑस्ट्रेलिया में अक्तूबर का अंतिम शुक्रवार, ब्राजील में 15 अक्तूबर और पाकिस्तान में पांच अक्तूबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इसके अलावा ओमान, सीरिया, मिस्त्र, लीबिया, संयुक्त अरब अमीरात, यमन, सऊदी अरब, अल्जीरिया, मोरक्को और कई इस्लामी देशों में 28 फरवरी को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। लेकिन भारत में शिक्षक दिवस को दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में 5 सितंबर 1962 से शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अपने छात्रों से अपने जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की इच्छा जताई थी।

डॉ राधाकृष्णन का जन्म पांच सितम्बर 1888 को तमिलनाडु के तिरुमनी गांव में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वे बचपन से ही किताबें पढ़ने के शौकीन थे और स्वामी विवेकानंद से काफी प्रभावित थे। डॉ



सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक महान शिक्षक थे। जिन्होंने अपने जीवन के 40 वर्ष अध्यापन पेशे को दिया है। वो विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षकों के योगदान और भूमिका के लिये प्रसिद्ध थे। इसलिये वो पहले व्यक्ति थे जिन्होंने शिक्षकों के बारे में सोचा और हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रुप में मनाने का अनुरोध किया। उनका निधन 17 अप्रैल 1975 को चेन्नई में हुआ था।

डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने 1909 में चेन्नई के प्रेसिडेंसी कॉलेज में अध्यापन पेशे में प्रवेश करने के साथ ही दर्शनशास्त्र शिक्षक के रुप में अपने करियर की शुरूआत की थी। उन्होंने बनारस, चेन्नई, कोलकाता, मैसूर जैसे कई प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों तथा विदेशों में लंदन के ऑक्सफोर्ड जैसे विश्वविद्यालयों में दर्शनशास्त्र पढ़ाया था। अध्यापन पेशे के प्रति अपने समर्पण की वजह से उन्हें 1949 में विश्वविद्यालय छात्रवृत्ति कमीशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

हमारे जीवन में सबसे पहली गुरु तो मां होती है जो हमें जन्म लेते ही हर बातों का ज्ञान कराती है। मगर विद्यार्थी काल में बालक के जीवन में शिक्षक एक ऐसा गुरु होता है जो उसे शिक्षित तो करता ही है साथ ही उसे अच्छे बुरे का ज्ञान भी कराता है। पहले के समय में तो छात्र गुरुकुल में शिक्षक के पास रहकर वर्षों विद्या अध्ययन करते थे। उस दौरान गुरु अपने शिष्यों को विद्या अध्ययन करवाने के साथ ही स्वावलंबी बनने का पाठ भी पढ़ाते थे। इसीलिए कहा गया है कि गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए। गुरु का स्थान ईश्वर से भी बड़ा माना गया है क्योंकि गुरु के माध्यम से ही व्यक्ति ईश्वर को भी प्राप्त करता है।

हमारे जीवन को संवारने में शिक्षक एक बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। सफलता प्राप्ति के लिये वो हमें कई प्रकार से मदद करते है। जैसे हमारे ज्ञान, कौशल के स्तर, विश्वास आदि को बढ़ाते है तथा हमारे जीवन को सही आकार में ढ़ालते है। कबीर दास ने शिक्षक के कार्य को इन पंक्तियो में समझाया है:-

**"गुरु कुम्हार शिष कुंभ है, गढ़ि गढ़ि काढ़ै खोट, अंतर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट"**

कबीर दास जी कहते है कि शिक्षक एक कुम्हार की तरह है और छात्र पानी के घड़े की तरह। जो उनके द्वारा बनाया जाता है और इसके निर्माण के दौरान वह बाहर से घड़े पर चोट करता है। इसके साथ ही सहारा देने के लिए अपना एक हाथ अंदर भी रखता है।

वर्तमान समय में शिक्षकों का समाज में सम्मान कम होने लगा है। बहुत से शिक्षकों की घटिया हरकतों ने उनको समाज की नजरों से गिरा दिया है। स्कूल, कालेजों में छात्र, छात्राओं के साथ शिक्षकों द्वारा नीच हरकते करने के चलते शिक्षण जैसा पवित्र कार्य बदनाम होता जा रहा है। मौजूदा दौर में शिष्य भी कुछ कम नहीं हैं। छात्रों की अनुशासनहीना के चलते स्कूल, कालेजों में शिक्षा का वातावरण समाप्त होता जा रहा है। गुरू शिष्य को एक दूसरे की भावनाओं को समझ कर मिलजुल कर ज्ञान की ज्योति जलानी होगी। शिक्षक दिवस मनाने के साथ हमें शिक्षण कार्य की पवित्रता को फिर से बहाल करने की प्रतिज्ञा भी लेनी होगी। तभी हमारा शिक्षक दिवस मनाना सार्थक हो पायेगा।

शिक्षक विद्यार्थियो के जीवन के वास्तविक निमार्ता होते हैं जो न सिर्फ हमारे जीवन को आकार देते हैं। बल्कि हमें इस काबिल बनाते हैं कि हम पूरी दुनिया में अंधकार होने के बाद भी प्रकाश की तरह जलते रहें। शिक्षक समाज में प्रकाश स्तम्भ की तरह होता है। जो अपने शिष्यों को सही राह दिखाकर अंधेरे से प्रकाश की और ले जाता है। शिक्षकों के ज्ञान से फैलने वाली रोशनी दूर से ही नजर आने लगती है। इस वजह से हमारा राष्ट्र ढ़ेर सारे प्रकाश स्तम्भों से रोशन हो रहा है। इसलिये देश में शिक्षकों को सम्मान दिया जाता है। शिक्षक और विद्यार्थी के बीच के रिश्तों को सुदृढ़ करने को शिक्षक दिवस एक बड़ा अवसर होता है।

पहले के समय में शिक्षकों को चरण स्पर्श कर सम्मान दिया जाता था। परन्तु आज के समय में शिक्षक और छात्र दोनो ही बदल गये है। पहले शिक्षण एक पेशा ना होकर एक उत्साह और एक शौक का कार्य था। पर अब यह मात्र एक आजीविका चलाने का साधन बनकर रह गया है। शिक्षक एक व्यक्ति के जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। शिक्षक एक मार्गदर्शक, गुरु, मित्र होने के साथ ही और कई भूमिकाएं निभाते है। यह विद्यार्थी के उपर निर्भर करता है कि वह अपने शिक्षक को कैसे परिभाषित करता है। संत तुलसी दास के ने इसे नीचे के पंक्तियों में बहुत ही अच्छे तरीके से समझाया है।

**"जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी"**

संत तुलसी दास ने बताया है कि भगवान, गुरु एक व्यक्ति को वैसे ही नजर आयेंगे जैसा कि वह सोचेगा। उदहारण के लिए अर्जुन भगवान श्रीकृष्ण को अपना मित्र मानते थे। वही मीरा बाई भगवान श्रीकृष्ण को अपना प्रेमी। ठीक इसी प्रकार से यह शिक्षक के उपर भी लागू होता है। इसीलिए कहते हैं कि शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक होता है।

शिक्षक दिवस को स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षक और विद्यार्थियों के द्वारा बहुत ही खुशी और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन विद्यार्थियों से शिक्षकों को ढ़ेर सारी बधाईयां मिलती है। भारत में शिक्षक दिवस शिक्षको के सम्मान में मनाया जाता है। शिक्षक पूरे वर्ष मेहनत करते है और चाहते है कि उनके छात्र विद्यालय और अन्य गतिविधियों में अच्छा प्रदर्शन करें। शिक्षक दिवस पर पूरे देश के विद्यालयों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

**आलेख:-**
**रमेश सर्राफ धमोरा**
(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

***5 सितंबर : शिक्षक दिवस पर विशेष***

## *शिक्षा के तपस्वियों को नमन*

*(संजय एम तराणेकर)*

शिक्षक दिवस पर आज उन तपस्वियों को याद करें, जिन्होंने जीवन भर ज्ञान की ज्योति जलाकर अंधियारे पथ को रोशन किया। जब कोई शिक्षक धरा का आँगन छोड़कर अनंत यात्रा पर जाता है, लगता है जैसे-किसी पुस्तक का एक अमूल्य अध्याय अचानक मौन हो जाता है।

***बच्चू लाल जी दीक्षित*** – शब्दों के साधक, व्यंग्य की धार से समाज को आईना दिखाने वाले, कलम को कर्म और साहित्य को साधना मानने वाले तपस्वी। उन्होंने शब्दों को जोड़ा, शब्द साधकों को जोड़ा, ह्यमंथन साहित्यिक परिवारह्न के माध्यम से साहित्य की एक ऐसी लौ जलाई, जिसकी रोशनी में कई कलमों ने चलना सीखा।

***डॉ. दशरथ जी मसानिया*** – रेडियो से तकनीक तक के बदलते दौर के साक्षी, ज्ञान को केवल पढ़ाया नहीं, नवाचार से उसे जीवन में उतारने की राह दिखाई। उनकी कलम में नव-सृजन की बेचैनी थी, नई सोच का उजास था, और विद्यार्थियों के भविष्य के लिए एक नई दिशा गढ़ने का संकल्प था।

***कल्याण सिंह राजपूत 'केसर'*** – तकनीकी युग के शिक्षक, जिनकी कलम ने समय की धड़कनों को सुना, समाचार-पत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज की, और गीत-गजल के सुरों में अपने मन की बात कही। उनकी बातों में भोलापन ऐसा कि अपने दिल की हर बात हर किसी को कह दें। ज्यादा लाख लपेट नहीं पाते ऐसी की सामने वाले के दिल में अपना घर सहज ही बना लें।

*तीनों अलग-अलग काल के तीन उजले अध्याय थे*–एक में अनुभव की गहराई,दूसरे में परिवर्तन की चेतना, तीसरे में भविष्य की उड़ान थी। भूत, वर्तमान और भविष्य मानो शिक्षक के इन तीन रूपों में एक साथ दिखाई देते थे।आज वे हमारे बीच नहीं, पर उनकी बातें हैं, उनकी कलमें हैं, उनकी सीख है, उनके विचार हैं, और उन विचारों से जन्म लेते असंख्य नए शब्द हैं।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी–42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक– रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# ग्रेटर नोएडा में कारफोर का पहला फ्लैगशिप स्टोर शुरू, 50 हजार वर्गफुट में वैश्विक खरीदारी का अनुभव

## अपैरल ग्रुप के साथ साझेदारी में भारत में कारफोर की शुरूआत; 15 हजार से अधिक उत्पादों की रेंज, उत्तर भारत में विस्तार की तैयारी

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा, 3 सितंबर। भारत के तेजी से बदलते खुदरा बाजार में अंतरराष्ट्रीय रिटेल दिग्गज कारफोर ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट से अपनी भारतीय यात्रा की शुरूआत कर दी है। अपैरल ग्रुप के साथ साझेदारी में एच एंड एस मॉल, बुलेवार्ड वॉक स्थित 50 हजार वर्गफुट से अधिक क्षेत्रफल वाले कारफोर के पहले फ्लैगशिप स्टोर का उद्घाटन किया गया। यह स्टोर भारतीय उपभोक्ताओं को अंतरराष्ट्रीय खरीदारी अनुभव के साथ स्थानीय जरूरतों के अनुरूप उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराएगा।

ग्रेटर नोएडा का यह फ्लैगशिप स्टोर 15 हजार से अधिक एसकेयू के साथ शुरू हुआ है। यहां अंतरराष्ट्रीय उत्पादों के अलावा ताजी सब्जियां एवं फल, किराना, बेकरी, घरेलू जरूरतों का सामान और व्यक्तिगत देखभाल से जुड़े उत्पाद उपलब्ध होंगे। कंपनी का जोर गुणवत्ता, उचित मूल्य, सुविधा और भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों के अनुरूप खरीदारी का अनुभव उपलब्ध कराने पर है।

### उत्तर भारत में विस्तार की बड़ी योजना

कारफोर की भारतीय शुरूआत को केवल एक स्टोर तक सीमित नहीं माना जा रहा है। अपैरल ग्रुप आने वाले वर्षों में उत्तर भारत के विभिन्न शहरों में कारफोर की मौजूदगी का विस्तार करने की योजना बना रहा है। इसके लिए मजबूत स्थानीय साझेदारियों, आधुनिक आपूर्ति श्रृंखला और तकनीकी सुविधाओं पर आधारित एक व्यापक खुदरा नेटवर्क तैयार किया जाएगा।




कंपनी के अनुसार, भौतिक स्टोर के साथ-साथ डिजिटल माध्यमों को जोड़कर एक एकीकृत ओमनीचैनल खुदरा व्यवस्था विकसित करने की भी योजना है। इसका उद्देश्य ग्राहकों को स्टोर और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से सुविधाजनक खरीदारी का विकल्प देना है।

### स्थानीय आपूर्तिकताओं को भी मिलेगा अवसर

भारत में अपने विस्तार के दौरान कारफोर स्थानीय आपूर्तिकताओं और साझेदारों के नेटवर्क के साथ काम करेगा। इससे खुदरा कारोबार के साथ-साथ आपूर्ति श्रृंखला और कृषि क्षेत्र से जुड़े कारोबारियों के लिए भी नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है।

एपीपीकॉर्प होल्डिंग के चेयरमैन, अपैरल ग्रुप के मालिक एवं कोरा प्रॉपर्टीज के संस्थापक निलेश वेद ने कहा कि भारत में कारफोर का प्रवेश केवल एक अंतरराष्ट्रीय रिटेल ब्रांड की शुरूआत नहीं है, बल्कि भारतीय खुदरा बाजार की संभावनाओं में विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कारफोर की वैश्विक विशेषज्ञता और अपैरल ग्रुप की स्थानीय बाजार की समझ को मिलाकर ऐसा मंच तैयार किया जा रहा है, जिसे बड़े पैमाने पर विस्तार दिया जा सके।

### 'भारत हमारे लिए महत्वपूर्ण बाजार'

कारफोर के कार्यकारी निदेशक-अंतरराष्ट्रीय साझेदारी पैट्रिक लासफार्गेस ने कहा कि भारत में स्टोर की शुरूआत कंपनी के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने भारत को दुनिया के सबसे गतिशील उपभोक्ता बाजारों में से एक बताते हुए कहा कि मजबूत आर्थिक आधार और तेजी से बदलता खुदरा क्षेत्र यहां दीर्घकालिक विकास की बड़ी संभावनाएं पैदा करता है।

उन्होंने कहा कि अपैरल ग्रुप के साथ साझेदारी से कारफोर की वैश्विक विशेषज्ञता को भारतीय बाजार की स्थानीय समझ के साथ जोड़ा गया है। ग्रेटर नोएडा का स्टोर देशभर में व्यापक नेटवर्क और मजबूत ओमनीचैनल खुदरा कारोबार खड़ा करने की दिशा में पहला कदम है।

### तेजी से बढ़ रहा आधुनिक खुदरा बाजार

भारत में बढ़ती उपभोक्ता आकांक्षाओं, शहरीकरण और संगठित खुदरा कारोबार के विस्तार के चलते आधुनिक रिटेल क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। कंपनी के अनुसार, 2030 तक भारतीय आधुनिक खुदरा बाजार के 2.36 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक होने का अनुमान है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिए भारत एक महत्वपूर्ण बाजार बनकर उभरा है। अपैरल ग्रुप और कारफोर की साझेदारी का लक्ष्य इसी बढ़ते बाजार में लंबी अवधि के लिए अपनी मजबूत उपस्थिति स्थापित करना है। ग्रेटर नोएडा फ्लैगशिप स्टोर को इस विस्तार की पहली बड़ी कड़ी माना जा रहा है। आने वाले समय में कारफोर की मौजूदगी उत्तर भारत के अन्य शहरों तक बढ़ाने की योजना है।

### स्थानीय बाजार और वैश्विक अनुभव का मेल

ग्रेटर नोएडा में शुरू हुआ कारफोर का फ्लैगशिप स्टोर अंतरराष्ट्रीय रिटेल अनुभव और भारतीय उपभोक्ताओं की स्थानीय जरूरतों के बीच सेतु बनाने की कोशिश है। 15 हजार से अधिक उत्पादों, आधुनिक लॉजिस्टिक्स और भविष्य के ओमनीचैनल नेटवर्क के साथ कंपनी भारतीय संगठित खुदरा बाजार में अपनी अलग पहचान बनाने की तैयारी में है।

## सेक्टर-78 में सर्विस लेन पर कब्जे का आरोप, राहगीरों को सड़क पर चलने की मजबूरी

नोएडा। सेक्टर-78 स्थित महागुन मॉडर्न सोसायटी के पास सर्विस लेन



बाधित होने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर एक स्थानीय व्यक्ति ने संबंधित अधिकारियों को टैग करते हुए आरोप लगाया है कि सर्विस लेन को इस तरह अवरुद्ध कर दिया गया है, जैसे वह निजी संपत्ति हो।

शिकायतकर्ता का कहना है कि सर्विस लेन बाधित होने के कारण आम लोगों को मुख्य सड़क पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होने के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। पोस्ट में नोएडा प्राधिकरण और नोएडा पुलिस से मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है।

शिकायत में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय से भी हस्तक्षेप की अपील की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सर्विस लेन और अतिक्रमण की समस्या का स्थायी समाधान होने से आवागमन सुगम हो सकता है और सड़क पर पैदल चलने वाले लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है।

नोटः यह खबर सोशल मीडिया पर सामने आई शिकायत के आधार पर है। संबंधित प्राधिकरण या सोसायटी का पक्ष उपलब्ध होने पर उसे भी प्रकाशित किया जा सकता है।

## ब्रह्माकुमारी केन्द्रों पर धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

समाज जागरण

नोएडा, 4 सितंबर। सेक्टर-46, 51, 56 और 15 स्थित ब्रह्माकुमारी राजयोग केन्द्रों पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया।

मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी लीना दीदी ने जन्माष्टमी के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व केवल



श्रीकृष्ण के जन्म का स्मरण नहीं, बल्कि आत्मिक परिवर्तन और दिव्य गुणों को अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि प्रेम, शांति और आनंद जैसे गुणों को जीवन में धारण कर हर आत्मा अपने संस्कारों को शुद्ध कर सकती है।

कार्यक्रम में बच्चों ने मनमोहक नृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और भक्ति गीत प्रस्तुत किए। आयोजन का समापन श्रद्धालुओं को सात्विक प्रसाद वितरण के साथ हुआ। उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिक शांति और आनंद का अनुभव किया।

## चोरी के दो मोबाइल और अवैध चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। थाना इकोटेक-3 पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चौगानपुर से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान अंकित पासी निवासी हरदोई, वर्तमान पता इकोटेक-3 क्षेत्र के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी



के दो मोबाइल फोन और एक अवैध चाकू बरामद किया है। बरामद मोबाइल मु0अ0सं0 364/2026 से संबंधित बताए गए हैं। आरोपी के खिलाफ थाना इकोटेक-3 में आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट सहित कई मुकदमे दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है।

पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ वर्ष 2020 से 2026 के बीच एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट समेत कुल सात अभियोग दर्ज हैं। आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।






## इस्कॉन नोएडा में जन्माष्टमी पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

### तड़के 3:30 बजे से मंदिर पहुंचने लगे भक्त, 4:30 बजे मंगल आरती मे खचाखच भरा मंदिर परिसर; अखंड हरिनाम संकीर्तन से गूंजता रहा वातावरण

समाज जागरण

नोएडा, 4 सितंबर। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को इस्कॉन नोएडा मंदिर में आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। भगवान श्रीकृष्ण के मंगल दर्शन और मंगल आरती में शामिल होने के लिए तड़के से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में जुटने लगी। सुबह करीब 3:30 बजे से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। देखते ही देखते मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से भर गया और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

सुबह 4:30 बजे आयोजित मंगल आरती के दौरान मंदिर का मुख्य हॉल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। भक्तों की भीड़ सीढ़ियों और मंदिर परिसर के अन्य हिस्सों तक दिखाई दी। हरिनाम संकीर्तन, भक्ति गीतों और श्रीकृष्ण के जयकारों के



बीच श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मंगल आरती में हिस्सा लिया। बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य प्रातःकालीन दर्शन किए और सुख-समृद्धि की कामना की।

### मंगल आरती के साथ अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरू

मंगल आरती के साथ ही मंदिर में अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। मंदिर परिसर में दिनभर भजन-कीर्तन और भगवान श्रीकृष्ण के नाम का संकीर्तन चलता रहा। आयोजकों के अनुसार अखंड हरिनाम संकीर्तन मध्यरात्रि तक निरंतर जारी रहेगा। जन्माष्टमी के मुख्य आयोजन के दौरान आधी रात को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव विशेष धार्मिक विधि-विधान के साथ मनाया जाएगा। मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं के लिए भगवान के दर्शन, आरती, कीर्तन और विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जन्माष्टमी को लेकर मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने के कारण पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा।

### प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था

जन्माष्टमी महोत्सव में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की भी विशेष व्यवस्था की गई। मंदिर प्रबंधन की ओर से भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आयोजन स्थल पर विभिन्न व्यवस्थाएं की गईं। श्रद्धालुओं ने भक्ति और संकीर्तन के बीच भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया।

### भक्ति और संकीर्तन में डूबा नोएडा

जन्माष्टमी के अवसर पर इस्कॉन नोएडा गोविंद धाम एवं भक्तिवेदांत एकेडमी की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंचे। सुबह से लेकर दिनभर मंदिर परिसर में भक्ति गीतों और हरिनाम संकीर्तन की गूंज सुनाई देती रही।

श्रद्धालुओं का कहना था कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर मंगल आरती में शामिल होना उनके लिए विशेष आध्यात्मिक अनुभव रहा। मंदिर में उमड़ी भीड़ और भक्तों के उत्साह ने जन्माष्टमी के पर्व को और भव्य बना दिया।

इस्कॉन नोएडा में आयोजित जन्माष्टमी महोत्सव ने नोएडा में धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक उत्सव की एक जीवंत तस्वीर प्रस्तुत की। भक्ति, संकीर्तन, भगवान के दिव्य दर्शन और धार्मिक आयोजनों के बीच पूरा मंदिर परिसर दिनभर कृष्णमय नजर आया।

## वरिष्ठ पत्रकार जेपी सिंह के जन्मदिन पर उमड़ा शुभकामनाओं का सैलाब

### नोएडा मीडिया क्लब के महासचिव को पत्रकारों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने दी बधाई

समाज जागरण

नोएडा। नोएडा मीडिया क्लब के महासचिव एवं वरिष्ठ पत्रकार जयप्रकाश सिंह 'जेपी' का जन्मदिन शुक्रवार को हर्षोल्लास और आत्मीय माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर पत्रकारिता जगत से जुड़े साथियों के साथ वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ, सुखद, समृद्ध और सफल जीवन की कामना की।

जन्मदिन समारोह के दौरान शुभचिंतकों ने जेपी सिंह को पटका पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान मौजूद लोगों ने उनके दीर्घायु होने तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहते हुए समाज और पत्रकार हितों के लिए कार्य करते रहने की कामना की। आत्मीय माहौल में आयोजित समारोह में बधाई देने वालों का उत्साह देखते ही बना।

### पत्रकारिता को बनाया समाज की आवाज

समारोह में वक्ताओं ने कहा कि जयप्रकाश सिंह लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने पत्रकारिता को केवल पेशे के रूप में नहीं,



बल्कि समाज की समस्याओं और जनहित के मुद्दों को सामने लाने के माध्यम के रूप में अपनाया है। जनसरोकारों से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाने और पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखने में उनका योगदान सराहनीय है।

वक्ताओं ने कहा कि पत्रकारिता के साथ-साथ नोएडा मीडिया क्लब के महासचिव के रूप में भी जेपी सिंह पत्रकारों के हितों और उनकी समस्याओं को मजबूती से उठाते रहे हैं। पत्रकारों की एकता, सम्मान और अधिकारों से जुड़े मुद्दों को संबंधित मंचों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

## एटीएम कार्ड फंसाकर ठगी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

### कार्ड स्लॉट में गोंद लगाकर कार्ड फंसाते थे, पिन देखते ही निकाल लेते थे कार्ड; प्लास, चाकू, मोबाइल और नकदी बरामद

समाज जागरण

नोएडा। थाना सेक्टर-113 पुलिस ने एटीएम कार्ड फंसाकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक प्लास, दो घरेलू चाकू, दो मोबाइल फोन, एक सफेद थैला और 3,030 रुपये नकद बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, 4 सितंबर को लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को वेदवन पार्क के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की पहचान महादेव हल्दर निवासी पश्चिम बंगाल, साबिर निवासी पूर्णिया, बिहार और आबिद निवासी कटिहार, बिहार के रूप में हुई है।

### ऐसे करते थे वारदात

पूछताछ में पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने बताया कि वे एटीएम मशीन के कार्ड स्लॉट में गोंद लगा देते थे, जिससे ग्राहक का एटीएम कार्ड मशीन में फंस जाता था। इसके बाद गिरोह का एक सदस्य एटीएम कक्ष में रहकर ग्राहक को पिन डालते समय देख लेता था।



ग्राहक के एटीएम से बाहर निकलने के बाद आरोपी प्लास और चाकू की मदद से फंसा हुआ कार्ड निकाल लेते थे। इसके बाद दूसरे एटीएम से कार्ड और देखे गए पिन का इस्तेमाल कर खाते से नकदी निकालते थे। वारदात के बाद एटीएम कार्ड को तोड़कर सुनसान स्थान या नाले में फेंक देते थे।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-113 में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास और गिरोह से जुड़े अन्य मामलों की भी जांच कर रही है।


अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार

दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।


## श्री जगन्नाथ मंदिर में भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाई जन्माष्टमी

### सेक्टर-61 के रॉयल गार्डन एस्टेट में मध्यरात्रि तक चला धार्मिक आयोजन, बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

समाज जागरण

नोएडा, 4 सितंबर। रॉयल गार्डन एस्टेट, सेक्टर-61 स्थित श्री स्वर्ण क्षेत्र के श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव जन्माष्टमी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर समिति की ओर से आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में सोसायटी के निवासियों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और आगंतुकों ने भाग लिया।

रात्रि नौ बजे से शुरू हुए कार्यक्रम में भजन-कीर्तन और सामूहिक प्रार्थना का आयोजन किया गया। भगवान श्रीकृष्ण के भजनों और जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। स्थानीय निवासियों और बच्चों ने पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं की सुंदर झलक देखने को मिली।



### मध्यरात्रि तक चला जन्मोत्सव

जन्माष्टमी के अवसर पर मध्यरात्रि तक मंदिर परिसर में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना रहा। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के अवसर पर श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से प्रार्थना की और भक्ति भाव के साथ जन्मोत्सव मनाया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया।

### आयोजन में सभी वर्गों की भागीदारी

जन्माष्टमी समारोह में सोसायटी के निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन को विशेष बना दिया। बच्चों और बुजुर्गों सहित विभिन्न आयु वर्ग के लोगों की भागीदारी से कार्यक्रम में सामुदायिक एकता और आपसी सद्भाव का संदेश भी दिखाई दिया।

मंदिर समिति ने कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं, कलाकारों, स्वयंसेवकों और आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समिति ने आयोजन को व्यवस्थित एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने में रॉयल गार्डन एस्टेट की सुरक्षा टीम और स्थानीय स्वयंसेवकों के सहयोग की भी सराहना की।

समिति के अध्यक्ष एफसीए (डॉ.) मनोरंजन मोहान्ति ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी मेल-जोल और एकता को मजबूत करने के साथ नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। जन्माष्टमी का यह आयोजन श्रद्धा, संस्कृति और सामुदायिक सहभागिता का सुंदर उदाहरण बना।

## दो महीने से सड़क पर सीवर का गंदा पानी, 21 परिवार परेशान



समाज जागरण

नोएडा। सेक्टर-49 की गली नंबर-6 स्थित समृद्धि होम्स में पिछले करीब दो महीने से सीवर का गंदा पानी सड़कों पर जमा होने से 21 परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है।

सोशल मीडिया पर सामने आई शिकायत के अनुसार, सड़क पर लंबे समय से गंदा पानी जमा है, जिससे आवागमन प्रभावित होने के साथ आसपास के वातावरण में दुर्गंध और गंदगी बनी हुई है। स्थानीय निवासियों ने स्थिति को स्वास्थ्य के लिए भी चिंताजनक बताया है। शिकायत में क्षेत्र में डेंगू के मामले सामने आने का भी दावा किया गया है।

निवासियों ने संबंधित विभाग से सीवर की समस्या का तत्काल समाधान कराने, जलभराव समाप्त करने और क्षेत्र में साफ-सफाई एवं मच्छररोधी उपाय कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि दो महीने से चली आ रही समस्या के कारण रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है और बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है।

*नोटः उपलब्ध सार्वजनिक खोज में इस शिकायत की स्वतंत्र आधिकारिक पुष्टि नहीं मिली है; इसलिए डेंगू संबंधी दावे को स्थानीय शिकायत के रूप में ही प्रस्तुत किया गया है।*

# नंद में आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व नगर में धूमधाम से मनाया गया। इस खास मौके पर रंग-बिरंगी विद्युत साज सज्जा से नगर के सभी छोटे - बड़े मंदिरों को सजाया गया। सभी मंदिरों में भजन कीर्तन व सुंदर-सुंदर झांकियां सजाई गई। बताते चले कि यह पर्व भगवान श्री कृष्ण जी के जन्म उत्सव के उपलक्ष में मनाया जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, श्री कृष्ण जन्माष्टमी भाद्रपद महीने की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। शाम होते ही भक्तगण मंदिरों के दर्शन करने पहुंचे व रामडोल में बैठे लड्डू गोपाल को झूला झूलाया। जहां



उन्होंने भजन कीर्तन का आनंद लिया व सुंदर-सुंदर झांकियों श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। मंदिरों में कई ऐसे नन्हे बच्चे देखने को मिले जो श्री कृष्णा और राधा रानी की पोशाक में अपने परिजनों के साथ आए थे। नगर के सभी छोटे-बड़े मंदिरों में भगवान कृष्ण और राधा रानी के जयकारे लगाए गए। नगर में भगवान श्री कृष्ण महोत्सव की ऐसी रसदार बही की चारों ओर नगर का वातावरण कृष्ण मय हो गया। रात्रि 12 बजे कान्हा जी के बाल स्वरूप का पंचामृत स्नान कराया गया इसके पश्चात आरती एवं भगवान को भोग लगाकर सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

# बिजनौर: नींद की झपकी बनी काल! तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराकर चकनाचूर, चार गंभीर घायल।

## गोरखपुर से हरिद्वार जा रहे परिवार की कार थाना चाँदपुर के पैजनिया रोड पर दुर्घटनाग्रस्त

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर चांदपुर। थाना चांदपुर क्षेत्र के पैजनिया रोड पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। हालांकि राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन कार में सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार में सवार चार लोग गोरखपुर से हरिद्वार जा रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी चांदपुर क्षेत्र के पैजनिया रोड पर पहुंची, तभी चालक को नींद की झपकी आ गई। रफ्तार तेज होने के



कारण चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और कार सीधे सड़क किनारे स्थित पेड़ से जा भिड़ी।

हादसे की जोरदार आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। राहगीरों और पुलिस की मदद से कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला गया। दुर्घटना में चारों सवारों को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। थाना नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम गाजीपुर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और परिजनों में कोहराम मच गया।





प्राप्त जानकारी के अनुसार, समून और कादिर रोजाना की तरह अपनी बाइक पर सवार होकर मजदूरी करने जा रहे थे। जैसे ही वे ग्राम गाजीपुर के समीप पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार कार ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही नजीबाबाद थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करते हुए दोनों मृतकों के शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में शामिल कार और उसके चालक को हिरासत में ले लिया गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस दुखद घटना के बाद से मृतकों के परिवारों में शोक की लहर दौड़ गई है।

# जिलाधिकारी नें नगीना में आतिशबाजी की दुकानों एवं फैक्ट्रियों का किया निरीक्षण

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने पुलिस अधीक्षक के के बिश्नोई तथा अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तहसील नगीना क्षेत्र में आतिशबाजी एवं पटाखों का क्रय-विक्रय करने वाली दुकानों तथा फैक्ट्रियों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ दुकानों एवं फैक्ट्रियों में सुरक्षा मानकों, लाइसेंस तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच की और नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने कहा कि आतिशबाजी एवं पटाखों के क्रय-विक्रय तथा निर्माण में सुरक्षा मानकों का पालन अत्यंत आवश्यक है। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आतिशबाजी से संबंधित सभी प्रतिष्ठानों की नियमित रूप से जांच की जाए तथा निर्धारित मानकों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए जिलाधिकारी ने कहा कि संयुक्त टीम गठित कर जनपद की समस्त आतिशबाजी एवं पटाखों का क्रय-विक्रय करने वाली दुकानों तथा फैक्ट्रियों की जांच कराई जाएगी। जांच के दौरान लाइसेंस, सुरक्षा व्यवस्था, भंडारण एवं अन्य निर्धारित मानकों का विशेष रूप से परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए संबंधित अधिकारियों को सतर्कता एवं तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

**निरीक्षण के मुख्य बिंदुः**

- सुरक्षा उपकरणों की जांचः दुकानों और फैक्ट्रियों में अग्निशामक यंत्रो, पानी व रेत से भरी बाल्टियों की उपलब्धता और उनकी स्थिति को परखा गया।
- लाइसेंस और स्टॉक का मिलानः आतिशबाजी व्यवसायियों के वैध लाइसेंस, स्वीकृत विस्फोटक क्षमता और गोदाम में रखे वास्तविक स्टॉक का मिलान किया गया।
- अग्निशमन मानकों का अनुपालनः यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि निर्माण स्थल और दुकानों के आसपास कोई भी ज्वलनशील सामग्री या खुला बिजली का तार न हो।
- आवासीय क्षेत्रों से दूरीः घनी आबादी वाले इलाकों में पटाखों का अवैध भंडारण या बिक्री रोकने के लिए अधिकारियों को सख्त गश्त करने के आदेश दिए गए।

**जिलाधिकारी का बयानः**

डीएम ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में जन-धन की हानि नहीं होने दी जाएगी। सुरक्षा मानकों से खिलवाड़ करने वाले, बिना लाइसेंस के पटाखे बेचने वाले या निर्धारित क्षमता से अधिक भंडारण करने वाले व्यवसायियों के खिलाफ सीधे एफआईआर दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान केवल चिन्हित और सुरक्षित स्थलों पर ही अस्थायी दुकानें लगाने की अनुमति दी जाएगी।

# डीएम नें पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किया फ्लैग मार्च

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने तहसील नगीना क्षेत्र में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ फ्लैग मार्च कर कानून-व्यवस्था का जायजा लिया। जन्माष्टमी एवं आगामी जुलूस के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

फ्लैग मार्च के दौरान जिलाधिकारी ने संवेदनशील एवं प्रमुख स्थानों का भ्रमण कर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने





संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्व एवं जुलूस के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। साथ ही असामाजिक एवं शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखते हुए उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सभी धार्मिक पर्व एवं आयोजनों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने आमजन से भी शांति एवं सौहार्द बनाए रखने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

फ्लैग मार्च में पुलिस अधीक्षक केके बिश्नोई एवं पुलिस व प्रशासन के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**मुख्य बिंदुः**

- सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षणः डीएम और एसपी ने संवेदनशील चौराहों, भीड़भाड़ वाले बाजारों और धार्मिक स्थलों के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था परखी।
- अधिकारियों को सख्त निर्देशः जिलाधिकारी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को अलर्ट रहने, पैनी नजर रखने और किसी भी संदिग्ध स्थिति से तुरंत निपटने के निर्देश दिए।
- अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाईः असामाजिक और शरारती तत्वों को चेतावनी देते हुए अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
- जनता से सहयोग की अपीलः जिला प्रशासन ने स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों से बातचीत कर उनसे शांति व सौहार्द बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की।

# बेजुबान जानवरों के साथ क्रूरता को लेकर पशु प्रेमियों में चिंता और आक्रोश प्रशासन से की जांच की मांग

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। शहर में बेजुबान जानवरों के साथ हो रही क्रूरता के मामले लगातार सामने आने से पशु प्रेमियों में चिंता और आक्रोश बढ़ रहा है। गुरुवार को एक गाय गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिली। उसके शरीर पर मौजूद घावों और स्थिति को देखकर पशु प्रेमियों ने उसके साथ किसी रसायन अथवा एसिड से हमला किए जाने की आशंका जताई है। हालांकि, पशु चिकित्सक द्वारा इसे सड़क दुर्घटना से लगी चोट बताया जा रहा है। ऐसे में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठ रही है।

वहीं, इससे एक दिन पहले एक कुत्ता भी गंभीर हालत में मिला था। उसकी एक आंख पूरी तरह चली गई है, जबकि वह बुरी तरह घायल अवस्था में पाया गया। लगातार सामने आ रहे इन मामलों ने जानवरों की सुरक्षा और उनके इलाज को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पशु प्रेमियों का कहना है कि यदि ये घटनाएं दुर्घटनाएं हैं तो भी घायल जानवरों के मामलों में उचित मेडिकल जांच और उपचार सुनिश्चित किया जाना चाहिए। वहीं, यदि किसी प्रकार की क्रूरता या हमला सामने आता है तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि बेजुबान जानवरों के साथ होने वाली ऐसी घटनाओं की निगरानी और जांच की जिम्मेदारी किसकी है? पशु विभाग की ओर से ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई और स्पष्ट जांच की मांग की जा रही है। पशु प्रेमियों ने प्रशासन से मांग की है कि घायल जानवरों का उचित मेडिकल परीक्षण कराया जाए, संदिग्ध मामलों की जांच की जाए तथा यदि पशु क्रूरता की पुष्टि होती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। बेजुबान जानवर अपनी पीड़ा खुद बयां नहीं कर सकते। ऐसे में उनकी सुरक्षा और उनके साथ होने वाली क्रूरता के खिलाफ कार्रवाई करना प्रशासन और समाज, दोनों की जिम्मेदारी है।

# लाइनपार में तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार, नौ मुकदमे हैं दर्ज

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। लाइनपार पुलिस ने शुक्रवार को चेकिंग के दौरान एक आरोपी को 315 बोर के तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस टीम वाजिदपुर अंडरपास के पास संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ठार कठेंगर जाने वाले रास्ते से मुन्नेश पुत्र हरगोविंद निवासी नगला विश्नू, थाना लाइनपार को गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी में उसके पास से 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस





बरामद हुआ। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर थाना लाइनपार में मुकदमा संख्या 203/2026, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

**चोरी, लूट और आर्म्स एक्ट के मामले भी दर्ज**

पुलिस के अनुसार मुन्नेश के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें लूट, चोरी का माल बरामद होने, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट समेत अन्य धाराओं के मामले शामिल हैं। पुलिस रिकॉर्ड में वर्ष 2011 से अब तक उसके खिलाफ नौ मुकदमे दर्ज बताए गए हैं।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष रमित कुमार आर्य, उपनिरीक्षक इंद्रपाल सिंह, हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश सिंह, आरक्षी आनंद यादव और विकास कुमार शामिल रहे।

# दुष्कर्म और हत्या का दूसरा आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## कहीं भागने की फिराक में था आरोपी, आटेपुर रोड से किया गिरफ्तार

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

शिकोहाबाद। गुरुग्राम में निजी कंपनी में नौकरी करने वाली युवती रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व अपने घर के लिए आई थी। लेकिन वह घर ना जाकर अपने प्रेमी से मिलने एक होटल में चली गई। जहां मध्य रात उसकी दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी नितिन उर्फ राहुल निवासी बिजेन्द्र कालोनी को पूर्व में जेल भेज दिया, जबकि फरार आरोपी अभिषेक को शुक्रवार को आटेपुर रोड से गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि नसीरपुर थाना क्षेत्र के एक



गांव की युवती की रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी बिजेन्द्र कालोनी निवासी राहुल को घटना के दूसरे दिन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि उसका साथी अभिषेक निवासी सलेमपुर करखा थाना नगला खंगर को शुक्रवार को कहीं भागने की फिराक में वाहन का इंतजार कर रहा था। तभी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसको डाहिनी पुलिया से आटेपुर को जाने वाली सड़क से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उसे फिरोजोबादा जिला जेल भेज दिया है।

# कुष्ठ आश्रम में पहुंचीं सशक्त नारी की सदस्य, बांटा राशन और दवाइयां।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

शिकोहाबाद। सशक्त नारी संस्था की ओर से श्री गणेश कुष्ठ आश्रम में सेवा कार्य किया गया। संस्था की सदस्यों ने आश्रमवासियों के लिए राशन और ड्रेसिंग में काम आने वाली जरूरी दवाइयां उपलब्ध कराईं।

आश्रम में 50 किलो आटा, चीनी, सूजी, मैदा, चने, मसाले समेत अन्य





जरूरी खाद्य सामग्री दी गई। इसके अलावा डिटॉल, पट्टी, बीटाडीन आदि ड्रेसिंग सामग्री भी उपलब्ध कराई गई।

इस दौरान फेडरेशन वाइस प्रेसिडेंट सौम्या चौहान, यूनिट डायरेक्टर प्राची अग्रवाल, अध्यक्ष निधि जैन, डीओए मेघा जैन, डीओएफ अनू जिंदल, एक्सटर्नल प्रेसिडेंट प्रीति गर्ग और रिचा गर्ग मौजूद रहीं। वाइस प्रेसिडेंट गौरवी अग्रवाल ने राशन उपलब्ध कराने में सहयोग किया, जबकि सदस्य शालिनी बंसल ने दवाइयां और ड्रेसिंग सामग्री उपलब्ध कराई। संस्था की ओर से कहा गया कि जरूरतमंदों की सेवा के ऐसे कार्य आगे भी जारी रहेंगे।

# विधानसभा चुनाव 2027 : ईवीएम-वीवीपैट की जांच शुरू, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि रख सकेंगे नजर

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों के तहत ईवीएम और वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) शुरू हो गई है। दो सितंबर से दबरई स्थित सिविल लाइन कलक्ट्रेट परिसर में ईसीआईएल के अधिकृत इंजीनियर मशीनों की जांच कर रहे हैं। एफएलसी में सफल मशीनों का ही आगामी चुनाव में इस्तेमाल किया जाएगा।

प्रत्येक निर्वाचन से पहले निमार्ता कंपनी के अधिकृत इंजीनियरों द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में ईवीएम और वीवीपैट की जांच एवं परीक्षण किया जाता है। एफएलसी की प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग की निर्धारित नियमावली के अनुसार होती है।

**27 और 29 अगस्त को राजनीतिक दलों को भेजे पत्र**

एफएलसी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों को भी प्रक्रिया के अवलोकन के लिए अपने



प्रतिनिधि अधिकृत करने को कहा है। इसके लिए 27 और 29 अगस्त को राजनीतिक दलों को लिखित अनुरोध भेजा गया था। दलों के राज्य मुख्यालयों ने पत्र प्राप्त होने की पुष्टि कर दी है।

**आयोग के स्तर से भी होगी निगरानी**

ईवीएम-वीवीपैट की एफएलसी दो सितंबर से कार्य समाप्ति तक दबरई स्थित सिविल लाइन कलक्ट्रेट में होगी। इसके लिए आयोग के निदेर्शों के अनुसार सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। प्रक्रिया की निगरानी जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी और भारत निर्वाचन आयोग के स्तर से भी की जाएगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी कल्पना जायसवाल ने बताया कि एफएलसी में केवल उन्हीं ईवीएम और वीवीपैट को निर्वाचन के लिए उपयोग में लिया जाएगा, जो निर्धारित जांच प्रक्रिया में सफल पाई जाएंगी।

# आलू किसानों को भाव गिरने से बचाएगी सरकार, भंडारण पर भी मिलेगा अनुदान

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। आलू के दामों में उतार-चढ़ाव से किसानों को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए शासन ने राहत की पहल की है। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में आलू किसानों के हित में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक पात्र किसानों को लाभ दिलाया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, उद्यान विभाग के अधिकारी, संबंधित विभागों के प्रशासनिक अधिकारी और विभिन्न क्षेत्रों से आए आलू उत्पादक किसान मौजूद रहे।

**दो हेक्टेयर तक के किसानों को मिलेगा लाभ**

जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में लागू भामाशाह भाव स्थिरता कोष योजना की समीक्षा करते हुए बताया कि बाजार में आलू के मूल्य में गिरावट की स्थिति में किसानों को राहत देने के उद्देश्य से योजना संचालित की गई है। योजना के तहत अधिकतम दो हेक्टेयर रोपित क्षेत्रफल के लिए प्रति हेक्टेयर 200



क्विंटल की दर से अनुदान देय होगा। किसानों को न्यूनतम उत्पादन लागत के 25 प्रतिशत अथवा अंतर की धनराशि का लाभ मिलेगा।

**कोल्ड स्टोरेज में रखे आलू पर 100 रुपये प्रति क्विंटल**

निजी शीतगृहों में भंडारित आलू के भंडारण प्रभार पर भी अनुदान दिया जाएगा। इसके तहत 100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अनुदान मिलेगा। एक किसान को अधिकतम दो हेक्टेयर क्षेत्रफल के लिए प्रति हेक्टेयर 200 क्विंटल तक की दर से अनुदान दिया जाएगा। इसके लिए कोल्ड स्टोरेज से आलू निकासी का प्रमाणपत्र देना अनिवार्य होगा।

**आधार सीडेड खाते में पहुंचेगी धनराशि**

अनुदान की धनराशि किसानों के आधार सीडेड बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से सीधे भेजी जाएगी। किसान उद्यान विभाग के आधिकारिक पोर्टल potato.uphorticulture.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के बाद रसीद के साथ पहचान पत्र, बैंक पासबुक, खसरा-खतौनी और कोल्ड स्टोरेज की तकपट्टी की छायाप्रति जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में जमा करनी होगी।

डीएम ने कहा कि फिरोजाबाद आलू उत्पादन के लिए प्रमुख क्षेत्र है। सरकार की इन योजनाओं से किसानों को आर्थिक राहत मिल सकती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवेदन प्रक्रिया सरल और पारदर्शी रखी जाए और किसी भी किसान को पंजीकरण या पात्रता साबित करने में परेशानी न हो।

# ठेका सफाई कर्मचारियों का वेतन 20 हजार करने पर जताया आभार

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेशीय ठेका सफाई कर्मचारी संघ की ओर से गुरुवार को नगर निगम में प्रेसवार्ता की गई। संघ के प्रांतीय महामंत्री योगेश सरन और अध्यक्ष आचार्य कृष्ण मुरारी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से ठेका



सफाई कर्मचारियों का मासिक वेतन 20 हजार रुपये सुनिश्चित किए जाने पर सरकार का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि महंगाई के दौर में सफाई कर्मचारियों के हित में लिया गया यह फैसला सराहनीय है। उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के गठन और आउटसोर्स कर्मचारियों के हित में विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं लागू किए जाने का भी संघ ने स्वागत किया।

संघ पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सदर विधायक मनीष असीजा और महापौर कामिनी राठौर का आभार जताया। इस दौरान विधायक, जिलाधिकारी और नगर आयुक्त को पुष्पगुच्छ भेंटकर शुभकामनाएं दी गईं। इस मौके पर अशोक वाल्मीकि, जालिम सिंह, नरेंद्र बाबू वाल्मीकि, अमन कुमार, विजय चौधरी, मुन्ना लाल टार्जन, विनय चौहान, पवन दीप चौहान, सोनू चौहान, अमन दयाल, शिवालय चौहान, सूजल चौहान और राजू कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# अयोध्या-काशी की तर्ज पर भव्य बनेगा ब्रज, मुख्यमंत्री योगी का ऐलान

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर दर्शन-पूजन के बाद जनसभा में बोले मुख्यमंत्री—ब्रज के विकास में आस्था, विरासत और आधुनिक सुविधाओं का होगा समन्वय

### मथुरा-वृंदावन से गोवर्धन तक बढ़ेंगी सुविधाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रज क्षेत्र में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में मथुरा-वृंदावन के साथ बांके बिहारी मंदिर, बरसाना, नंदगांव और गोवर्धन में यातायात, आवागमन, दर्शन और अन्य आवश्यक सुविधाओं को बेहतर किया जाएगा। सरकार का उद्देश्य है कि श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के सहज भाव से धार्मिक स्थलों पर पहुंच सकें और दर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि ब्रज में जन्मोत्सव, रंगोत्सव और वैष्णव कुंभ जैसे आयोजनों ने क्षेत्र के सांस्कृतिक गौरव को नई पहचान दी है। धार्मिक आयोजन आस्था के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति देते हैं। इससे व्यापारियों, कारीगरों, हस्तशिल्पियों और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं कारोबार के अवसर बढ़ते हैं।





मथुरा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शुक्रवार को मथुरा पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या और काशी के भव्य विकास के बाद अब ब्रजभूमि का विकास भी जनभावनाओं के अनुरूप किया जाएगा। डबल इंजन की सरकार ब्रज के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए यहां ऐसा भव्य परिसर और सुविधाएं विकसित करेगी, जो देश-दुनिया के लिए मिसाल बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रज केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सरकार का प्रयास है कि मथुरा-वृंदावन आने वाले श्रद्धालुओं को आधुनिक और विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हों। इसके साथ ही बरसाना, नंदगांव और गोवर्धन जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों का भी योजनाबद्ध विकास किया जाएगा।

#### पिछली सरकारों पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछली सरकारों पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों के समय श्रीकृष्ण जन्मभूमि आने में भी संकोच किया जाता था और सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति भी ठीक नहीं थी। उन्होंने जवाहर बाग की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार विरासत और विकास दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल धार्मिक स्थलों का विकास करना नहीं, बल्कि उनके आसपास रहने वाले लोगों और आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना भी है।

#### आक्रांताओं की विचारधारा पर हमला

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में बाबर और औरंगजेब का उल्लेख करते हुए विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की आस्था आक्रांताओं में रही है, वे जनता की धार्मिक आस्था का सम्मान नहीं कर सकते। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ ताकतें समाज में वैमनस्य फैलाने और युवाओं के भविष्य तथा बहन-बेटियों की सुरक्षा को प्रभावित करने का प्रयास कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ऐसे किसी भी प्रयास को सफल नहीं होने देगी।

#### अयोध्या के विकास का दिया उदाहरण

मुख्यमंत्री ने अयोध्या के विकास का उदाहरण देते हुए कहा कि एक समय वहां श्रद्धालुओं को अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ता था, लेकिन आज बड़ी संख्या में लोग अयोध्या पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और बेहतर सड़क संपर्क ने अयोध्या की तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने इसी तरह मां विंध्यवासिनी धाम और योगमाया की धरती पर किए जा रहे विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत वाले प्रमुख स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

#### युवाओं और कारीगरों को मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीकृष्ण के कर्मयोग के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में सुरक्षा और बेहतर वातावरण से युवाओं में नया विश्वास पैदा हुआ है। उन्होंने कहा कि स्थानीय कारीगर और हस्तशिल्पी अब अपने हुनर को कारोबार में बदलकर उद्यमिता की ओर बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ब्रज के विकास से पर्यटन और धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जिसका सीधा लाभ स्थानीय व्यापार और रोजगार को भी मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन सत्य, धर्म, कर्म और लोककल्याण की प्रेरणा देता है। ब्रजभूमि के समग्र विकास के साथ सरकार इस सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था में मिलेगी ₹3,000 प्रतिमाह पेंशन

*18 से 40 वर्ष आयु के पात्र श्रमिक प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में करा सकते हैं पंजीकरण*

संभल। असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा बोर्ड की ओर से विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना प्रमुख है। योजना के तहत पात्र ई-श्रम कार्ड धारक श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद ₹3,000 प्रतिमाह पेंशन का लाभ दिया जाता है।

सहायक श्रमायुक्त राम लखन पटेल ने बताया कि योजना में 18 से 40 वर्ष आयु के पात्र असंगठित क्षेत्र के श्रमिक शामिल हो सकते हैं। श्रमिक को अपनी आयु के अनुसार निर्धारित मासिक अंशदान जमा करना होता है। यह अंशदान ₹55 से ₹200 प्रतिमाह तक निर्धारित है। नियमित रूप से अंशदान जमा करने पर 60 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद पात्र श्रमिक को ₹3,000 प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जाती है।

# जन्माष्टमी पर प्रथम पहल फाउंडेशन की सेवा को मिला अभूतपूर्व जनसमर्थन

## दो दिवसीय भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लोगों की हुई जांच

समाज जागरण

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर प्रथम पहल फाउंडेशन (रजि.), मथुरा की ओर से गोविंद नगर स्थित चौधरी मसाले वालों के सामने दो दिवसीय विशाल भंडारे और निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सेवा कार्य के पहले दिन गुरुवार को हजारों श्रद्धालु कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और प्रसादी ग्रहण करने के साथ स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया।

भंडारे में श्रद्धालुओं को पारंपरिक रूप से पूड़ी-सब्जी और हलवा प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने के बावजूद संस्था के सदस्यों और स्वयंसेवकों ने व्यवस्थाओं को संभालते हुए सेवा कार्य को सुचारू बनाए रखा। भंडारे की व्यवस्था में मनोज बंसल, योगेश सराफ, सुनील कनुआ और हरि बाबू पटना वाले ने विशेष सहयोग किया।

#### स्वास्थ्य जांच के साथ निःशुल्क दवाइयां

आयोजन स्थल पर लगाए गए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। चिकित्सकीय परामर्श के साथ जरूरतमंद लोगों को आवश्यक दवाइयां भी



निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य शिविर में पैरामेडिकल दल की काजल ठाकुर, दीपक राजपूत, रोशनी, संतोष उपाध्याय, हकीम सिंह और योगिता शर्मा ने अपनी सेवाएं दीं।

शिविर में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर चिकित्सकीय सलाह ली। जन्माष्टमी जैसे बड़े धार्मिक आयोजन के दौरान स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने को लोगों ने संस्था की सराहनीय पहल बताया।

#### संस्था के पदाधिकारी और सदस्य रहे मौजूद

कार्यक्रम में प्रथम पहल फाउंडेशन के संस्थापक सीए अमित अग्रवाल और अध्यक्ष कन्हैया लाल अग्रवाल 'स्वीटी' सहित प्रभात कुमार अग्रवाल, डॉ. अशोक अग्रवाल, गोवर्धन दास, पंकज तालीवाल, नारायण हरि गोयल, अनुपम शर्मा, गिरीश वर्मा, मनोज सराफ, आशीष खंडेलवाल, वेद प्रकाश अग्रवाल, संजय मित्तल, प्रियांश अग्रवाल, उमेश बंसल और मदन मोहन सहित बड़ी संख्या में सेवाभावी सदस्य उपस्थित रहे।

#### सात वर्षों से जनसेवा में सक्रिय

संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रथम पहल फाउंडेशन पिछले सात वर्षों से स्वास्थ्य और जनसेवा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित भंडारा और स्वास्थ्य शिविर धार्मिक सेवा के साथ सामाजिक सरोकार को जोड़ने का प्रयास है।

उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य जनोपयोगी सुविधाएं पहुंचाना है। जन्माष्टमी पर आयोजित सेवा कार्य को मिले व्यापक जनसमर्थन ने संस्था के सदस्यों और स्वयंसेवकों का उत्साह बढ़ाया। पदाधिकारियों ने भविष्य में भी इसी तरह के सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

# आगामी विधानसभा चुनाव 2027 : मथुरा में ईवीएम-वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच शुरू

समाज जागरण

मथुरा। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2027 की तैयारियों के तहत जिले में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) शुरू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार यह प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निर्धारित मानकों के तहत कराई जा रही है।

ईवीएम और वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच 2 सितंबर से 16 सितंबर 2026 तक लगातार चलेगी। जांच का कार्य ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस, ग्राम बाद, राष्ट्रीय राजमार्ग-2, मथुरा में किया जा रहा है। जांच के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) के अधिकृत तकनीकी अभियंताओं की टीम लगाई गई है।

पूरी प्रक्रिया जिला निर्वाचन अधिकारी की निगरानी में संपन्न हो रही है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि केवल वे ही मशीनें आगामी चुनाव में उपयोग के लिए स्वीकार की जाएंगी, जो प्रथम स्तरीय जांच में पूरी तरह सफल पाई जाएंगी।

#### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी सहभागिता

निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिला मुख्यालय की ओर से 27 अगस्त 2026 को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को लिखित सूचना भेजकर अपने अधिकृत प्रतिनिधियों को एफएलसी प्रक्रिया के अवलोकन के लिए भेजने का अनुरोध किया गया था।

राजनीतिक दलों के राज्य मुख्यालयों की ओर से इस संबंध में सहमति भी दी जा चुकी है।

#### तीन स्तरों पर निगरानी

निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुसार एफएलसी की पूरी प्रक्रिया की निगरानी तीन स्तरों पर की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी तथा भारत निर्वाचन आयोग के स्तर से प्रक्रिया पर नजर रखी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस व्यवस्था का उद्देश्य चुनाव में इस्तेमाल होने वाली ईवीएम और वीवीपैट की विश्वसनीयता सुनिश्चित करना तथा मतदान प्रक्रिया के प्रति आम जनता और राजनीतिक दलों का विश्वास बनाए रखना है।

# लेंसकार्ट के प्लेसमेंट में छाई टीएमयू ऑप्टोमेट्री की बेटियां

समाज जागरण

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज के ऑप्टोमेट्री विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट के क्षेत्र में शानदार सफलता हासिल की है। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित प्लेसमेंट प्रक्रिया के दौरान प्रतिष्ठित कंपनी लेंसकार्ट ने ऑप्टोमेट्री के 22 विद्यार्थियों का चयन किया। चयनित विद्यार्थियों में छात्राओं की संख्या सर्वाधिक रही। चयन प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों ने विषयगत ज्ञान, तकनीकी दक्षता, संचार कौशल और पेशेवर दृष्टिकोण का प्रभावी प्रदर्शन किया।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार यह उपलब्धि उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप विद्यार्थियों को दी जा रही शिक्षा और व्यावहारिक प्रशिक्षण को दर्शाती है। कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर (सीआरसी) के निदेशक अरुण कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि लेंसकार्ट जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में विद्यार्थियों का चयन टीएमयू के उद्योगोन्मुखी शैक्षणिक वातावरण को प्रमाणित करता है।

कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज के प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों का चयन उनके निरंतर परिश्रम, विषयगत ज्ञान और व्यावहारिक प्रशिक्षण का परिणाम है। कॉलेज का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल अकादमिक ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें वास्तविक कार्यक्षेत्र की चुनौतियों के लिए भी तैयार करना है। लेंसकार्ट की मानव संसाधन प्रतिनिधि दीक्षा शर्मा ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि टीएमयू के विद्यार्थियों में विषय की गहरी समझ, सीखने की क्षमता और पेशेवर दृष्टिकोण देखने को मिला। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# राजघाट गंगा तट पर जन्माष्टमी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

समाज जागरण

गुन्नौर। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर गुन्नौर क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध राजघाट गंगा तट पर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही दूर-दराज के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए राजघाट पहुंचने लगे। देखते ही देखते पूरे घाट पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। घाट क्षेत्र 'जय मां गंगे' और 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठा।

सुबह से आसमान में बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी होती रही। इ सके बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह और आस्था में कोई कमी नहीं आई। हाथों में पूजा की थाली और मन में भगवान



श्रीकृष्ण के प्रति श्रद्धा लिए महिलाएं, पुरुष और बुजुर्ग गंगा तट पर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा दीपदान किया। इसके बाद परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और मंगल की कामना की।

#### सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

जन्माष्टमी के अवसर पर उमड़ी भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए गुन्नौर पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के साथ जिला स्तर के अधिकारी भी राजघाट पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्नान घाटों, प्रवेश एवं निकास मार्गों तथा पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस की सतर्कता और प्रशासन की बेहतर व्यवस्थाओं के चलते श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की बड़ी असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। पूरा धार्मिक आयोजन शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# स्वामी श्रद्धानंद बलिदान शताब्दी समारोह 6 सितंबर को

### केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा होंगे मुख्य अतिथि, देशभर से आर्य प्रतिनिधि होंगे शामिल

गाजियाबाद। केंद्रीय आर्य युवक परिषद के 48वें स्थापना दिवस और स्वामी श्रद्धानंद बलिदान शताब्दी वर्ष के शुभारंभ के अवसर पर 6 सितंबर को नई दिल्ली में विशेष समारोह आयोजित किया जाएगा। आर्य समाज ग्रेटर कैलाश पार्ट-1 में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होने वाले इस समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आर्य प्रतिनिधि शामिल होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सम्मेलन के



संयोजक अनिल आर्य ने बताया कि समारोह में केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। दिल्ली सरकार के वरिष्ठ मंत्री प्रवेश वर्मा, सांसद बांसुरी स्वराज, विधायक शिखा राय, पार्षद अंजुम मंडल और हीरो समूह के योगेश मुंजाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता एमिटी शिक्षण संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार चौहान करेंगे।

सम्मेलन में वर्तमान परिस्थितियों में आर्य समाज की भूमिका और उसके भावी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण आर्य ने बताया कि आर्य नेता राजेंद्र वर्मा ध्वजारोहण करेंगे।

कार्यक्रम में आचार्य अखिलेश्वर, आचार्य विद्या प्रसाद मिश्र, राष्ट्रीय कवि प्रो. सारस्वत मोहन मनीषी, विश्व हिंदू परिषद के प्रवक्ता विनोद बंसल, वीरेंद्र विक्रम, श्रुति सेतिया, गवेंद्र शास्त्री और प्रेम पाल शास्त्री सहित अनेक विद्वान मार्गदर्शन देंगे। आर्य नेता आनंद चौहान, ठाकुर विक्रम सिंह, अजय चौहान, केएल पुरी, एसके आजमानी, स्वामी प्रणवानंद, रवि देव गुप्त, ओम सपरा, राम कृष्ण तनेजा और राष्ट्रीय महासचिव महेंद्र भाई भी समारोह में उपस्थित रहेंगे।

यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य वीरेंद्र विक्रम होंगे। पिंकी आर्या के भजनों की प्रस्तुति भी कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहेगी। समारोह के अंत में अरुण बहल धन्यवाद ज्ञापन करेंगे।

# हुसैनपुर सैलाब में जर्जर हाईटेंशन तार बने मुसीबत, हादसे का खतरा

समाज जागरण

गुन्नौर। क्षेत्र के हुसैनपुर सैलाब गांव में विद्युत निगम की लापरवाही का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के मुख्य संपर्क मार्ग पर पिछले करीब तीन महीने से 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन के तार जर्जर और क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़े हैं। कई बार शिकायत और सूचना देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश है।

ग्रामीणों के अनुसार यह मार्ग गांव को अन्य प्रमुख संपर्क मार्गों और नजदीकी विद्यालय से जोड़ता है। इस रास्ते से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण, किसान, दोपहिया वाहन चालक और स्कूली बच्चे गुजरते हैं। सड़क पर पड़े बिजली के तारों के कारण हर समय किसी गंभीर हादसे की आशंका बनी रहती



है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सुबह के समय जब बच्चे स्कूल के लिए निकलते हैं तो अभिभावक चिंतित रहते हैं। उनका कहना है कि विद्युत तारों की स्थिति को देखते हुए किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि समस्या के संबंध में बिजली विभाग के स्थानीय अधिकारियों को कई बार मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक तारों को हटाने या बदलने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन तथा विद्युत निगम के उच्च अधिकारियों से तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जर्जर तारों को जल्द बदलवाकर मुख्य मार्ग को सुरक्षित कराया जाए, ताकि किसी संभावित हादसे को टाला जा सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसी बड़ी दुर्घटना की स्थिति में इसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।


# श्री दाऊजी मंदिर में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

## भजन संध्या में राधा-कृष्ण के भजनों पर झूमे श्रद्धालु, फूलों से सजा मंदिर

समाज जागरण

चन्दौसी। मिनी वृंदावन के नाम से प्रसिद्ध चन्दौसी नगरी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कैथल गेट स्थित श्री दाऊजी मंदिर में जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही और पूरे वातावरण में कृष्ण भक्ति की छटा बिखरी रही।

चौधरी मूलचंद परिवार की ओर से आयोजित भजन संध्या में कृष्णा एंड



जागरण पार्टी ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा-कृष्ण के भजनों की मनोहारी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश पूजन के साथ हुआ। इसके बाद शुरू हुई संगीतमय भजन संध्या में एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भजनों पर श्रद्धालु देर तक झूमते रहे और मंदिर परिसर 'जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंजता रहा।

जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर को आकर्षक फूलों से सजाया गया था। राधा-कृष्ण की प्रतिमाओं का भी सुंदर श्रृंगार किया गया। पूजा-अर्चना और आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय शंकर चौधरी, कैलाश चौधरी, चौधरी विवेक कुमार और पुनीत चौधरी का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ. सुधा चौधरी, डॉ. मनोज चौधरी, सुनीत चौधरी, अंशुल चौधरी, डॉ. शशांक चौधरी, डॉ. पयोध चौधरी, वैभव चौधरी, सत्यम चौधरी, डॉ. अर्जुन चौधरी, टीललू चौधरी, कालीचरण चौधरी, सरोजनी देवी, पुष्पा देवी, सुरभि चौधरी, रश्मि चौधरी, सीमा चौधरी, नमिता चौधरी, गुंजन चौधरी, प्रियंका चौधरी, मेघा चौधरी, प्राची चौधरी, जाह्नवी चौधरी, ईशिता चौधरी, कृष्ण औतार गुप्ता और प्रवीन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# यादव महासभा ने धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

चन्दौसी। यादव महासभा चन्दौसी की ओर से शुक्रवार को यदुकुल शिरोमणि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। गणेशपुर रोड, जारई स्थित यदुवंशी फार्म हाउस धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में यादव समाज के गणमान्य लोगों ने शामिल होकर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीपी सिंह यादव ने की, जबकि सह-अध्यक्ष सुरेशपाल सिंह यादव दरोगा रहे। संचालन शैलेष कुमार यादव एवं ज्ञानेंद्र यादव ने किया। कार्यक्रम में कथावाचक अजयपाल शास्त्री ने कृष्ण लीलाओं और भजनों की मनोहारी प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भजनों पर उपस्थित लोग झूम उठे।

स्कूली छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर यादव महासभा की ओर से समाज में सराहनीय कार्य करने वाले लोगों को शॉल ओढ़ाकर एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को भी ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित किया गया।

#### कुरीतियां छोड़ शिक्षा पर ध्यान देने का संकल्प

समारोह में समाज के लोगों ने सामाजिक सुधार का संकल्प भी लिया। उपस्थित यादव समाज के लोगों ने समाज में व्याप्त कुरीतियों, अंधविश्वास और पाखंड को छोड़कर शिक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा मृत्यु भोज जैसी कुप्रथा से दूर रहने का सर्वसम्मति से संकल्प लिया।

# लोक कल्याण महामंडल विधान में हुई अरिहंत भक्ति

**समाज जागरण बागपत।**

तीर्थंकर बनने वाले सोलहकारण पर्व महोत्सव के पावन अवसर पर अजितनाथ सभागार मंडी बडौत में श्री अजितनाथ दिगंबर जैन प्राचीन मंदिर कमेटी के तत्वावधान में आयोजित आठ दिवसीय लोक कल्याण महामंडल विधान आध्यात्मिक उल्लास एवं भक्तिभाव के साथ चल रहा है। इस भव्य विधान का आयोजन परम पूज्य, अध्यात्म योगी आचार्य श्री आर्जवसागर महाराज ससंघ के पावन सान्निध्य में किया जा रहा है। विधान के क्रम में शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने अरिहंत भक्ति, आचार्यभक्ति एवं बहुश्रुतभक्ति सहित विविध भावनाओं के अर्घ्य



अत्यंत श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ समर्पित किए। जिनेन्द्र भगवान की आराधना, पूजन-विधान एवं अर्घ्य समर्पण के बीच पूरा वातावरण भक्ति और अध्यात्म की अनुभूति से ओतप्रोत रहा।सौधर्म इन्द्र का सौभाग्य डॉक्टर पुष्पा जैन परिवार को प्राप्त हुआ।ब्रह्मचारी गौरव भैया और ऋषिका दीदी के निर्देशन मे श्रद्धालुओं ने महावीर भगवान की भक्ति भाव से पुजन की।संगीतकार संतोष म्यूजिकल ग्रुप के भजन मधुबन के मंदिरों में भगवान बस रहा है, को विशेष रूप से सराहा गया। इस अवसर पर विधान के मध्य, आचार्यश्री आर्जवसागर महाराज ने समवसरण की महिमा का अत्यंत भावपूर्ण विवेचन करते हुए कहा कि तीर्थंकर भगवान के केवलज्ञान प्राप्त होने के पश्चात जब दिव्य समवसरण की रचना होती है, तब वह समस्त जीवों के लिए धर्मोपदेश का अनुपम केंद्र बन जाता है। वहाँ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं रहता; देव, मनुष्य तथा अन्य जीव भी जिनवाणी का लाभ प्राप्त करने के लिए उपस्थित होते हैं। आचार्यश्री ने समवसरण की आध्यात्मिक विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तीर्थंकर की वाणी किसी एक व्यक्ति, वर्ग अथवा समुदाय के लिए नहीं, बल्कि समस्त प्राणिमात्र के कल्याण का संदेश लेकर प्रवाहित होती है। जिनवाणी की विशेषता ही यह है कि वह प्रत्येक जीव को उसकी योग्यता और पात्रता के अनुरूप आत्मकल्याण का मार्ग दिखाती है। उन्होंने कहा कि समवसरण का स्मरण मात्र बाहरी वैभव का स्मरण नहीं है, बल्कि उस वीतरागता, सर्वज्ञता और करुणा का स्मरण है, जिसके कारण तीर्थंकर भगवान समस्त संसार को आत्म कल्याण की दिशा प्रदान करते हैं। भगवान के समवसरण में पहुँचने वाला जीव यदि श्रद्धा और सम्यक दृष्टि के साथ जिनवाणी का श्रवण करता है तो उसके भीतर आत्म जागरण की प्रक्रिया प्रारंभ होती है। सभा में मुकेश जैन, प्रदीप जैन, नवीन जैन, वरदान जैन, राकेश जैन, संजय जैन, अंकुर जैन, विकास जैन, संजीव जैन आदि उपस्थित थे।

# बागपत में धूमधाम से मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**समाज जागरण बागपत।**

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व जन्माष्टमी बागपत तहसील क्षेत्र में परंपरागत उल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। बागपत की नई बस्ती में योगी राज श्रीकृष्ण के रूप में यथार्थ आर्य व राधा के रूप में वैदेही आर्या नजर आई। इसके अलावा बागपत की न्यू कालोनी में दक्ष व मानवी भारद्वाज ने श्रीकृष्ण व राधा के रूप धरे, जिसकी सभी ने सराहना की। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। भक्तों ने व्रत रखकर भगवान श्रीकृष्ण और राधा की पूजा-अर्चना की। वहीं, छतों पर युवाओं और बच्चों ने दिनभर पतंगबाजी कर पर्व का जमकर लुत्फ उठाया। घरों में लड्डू



गोपाल की विशेष पूजा कर मिष्ठान और पकवानों का भोग लगाया गया। जन्माष्टमी को लेकर बाजारों में भी खूब रौनक रही। मिष्ठान की दुकानों पर दिनभर भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने मंदिरों और घरों में भगवान श्रीकृष्ण व राधा की प्रतिमाओं को आकर्षक ढंग से सजाया। सुबह से ही बागपत के ठाकुरद्वारा मंदिर, शालीग्राम मंदिर, बाबा जानकीदास मंदिर, पक्का घाट मंदिर, पंजाबी हनुमान मंदिर व मेरठ रोड के शिव मंदिर समेत अन्य सभी मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई। देर रात तक भजन-कीर्तन और श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकियों का सिलसिला चलता रहा। चांद निकलने तक रखा व्रत श्रीकृष्ण भक्तों ने पूरे दिन श्रद्धा के साथ व्रत रखा। रात में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के बाद चंद्रमा उदय होने पर व्रत खोला। मंदिरों में देर रात तक श्रद्धालु भक्ति में डूबे नजर आए।

# महामना मालवीय महाविद्यालय में प्रबंध समिति चुनाव को लेकर हुई आपात बैठक

**समाज जागरण बागपत।**

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महामना मालवीय महाविद्यालय खेकड़ा में प्रबंध समिति की एक महत्वपूर्ण आपात बैठक आयोजित की गई।



बैठक की अध्यक्षता प्रबंध समिति के अध्यक्ष ब्रिजेश कुमार शर्मा ने की। बैठक के दौरान कॉलेज प्रबंध समिति के चुनाव वर्ष 2026 कराने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई, जिसके बाद सर्वसम्मति से चुनाव कराने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी प्रबंध समिति चुनाव 2026 में 270 (दो सौ सत्तर) आजीवन सदस्यों की मतदाता सूची का प्रयोग किया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए प्रबंध समिति की बैठक में जनता वैदिक इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य वेदप्रकाश शर्मा को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। बैठक में समिति के सदस्यों की उपस्थिति में चुनावी तैयारियों को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी। बैठक में प्रबंध समिति अध्यक्ष ब्रिजेश कुमार शर्मा, उपमंत्री संजय कुमार शर्मा, प्रबंध समिति सदस्य उमाशंकर शर्मा, कमल त्रिपाठी, मुकेश कुमार शर्मा, दीपक कुमार शर्मा और दिनेश कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मायावती के शासनकाल में भयमुक्त रहा समाज, 2027 में बसपा सरकार का दावा: पंडित सचिन शर्मा

**समाज जागरण**

बड़ौत। बड़ौत विधानसभा क्षेत्र में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की ओर से चुनावी तैयारियों के बीच पार्टी के प्रत्याशी पंडित सचिन शर्मा ने क्षेत्र के विकास और जनसेवा को अपनी प्राथमिकता बताया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि बड़ौत विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कराना उनका प्रमुख लक्ष्य रहेगा। उन्होंने कहा कि जनता से उन्हें जो प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है, उसके लिए वह हमेशा आभारी रहेंगे और जनता के सुख-दुख में 24 घंटे साथ खड़े रहने का प्रयास करेंगे। सचिन शर्मा ने कहा कि बसपा के शासनकाल में भ्रष्टाचार पर रोक लगाने और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए थे। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की सरकार के दौरान प्रदेश में गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार



से समाज भयमुक्त महसूस करता था। उनके अनुसार, तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती के कार्यकाल में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में विकास कार्यों को गति मिली और सरकार ने सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का प्रयास किया।उन्होंने कहा कि बसपा की राजनीति केवल किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं है, बल्कि पार्टी किसान, मजदूर, व्यापारी, युवा और समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। उन्होंने दावा किया कि आज भी बड़ी संख्या में लोग बसपा से जुड़ रहे हैं और पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं। 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बसपा का संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश के अंदर बसपा की सरकार बनने की स्थिति बनेगी और बहन मायावती के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को एक बार फिर मजबूत शासन मिलेगा। सचिन शर्मा ने कहा कि जनता का बढ़ता समर्थन बसपा के लिए सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कार्यकताओं से भी संगठन को मजबूत करने और गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में जनता के मुद्दों और क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देते हुए वह मजबूती से चुनाव मैदान में उतरेंगे।

# धूमधाम से मनाया गया ऐलक श्री 105 विज्ञानसागर जी महाराज का 54 वां जन्म जयंती महोत्सव

**समाज जागरण बागपत।**

सुप्रसिद्ध जैन संत परम पूज्य ऐलक श्री 105 विज्ञानसागर जी महाराज का 54वां जन्म जयंती महोत्सव एवं पिच्छिका परिवर्तन महोत्सव आचार्य श्री विद्यासागर गौशाला नोरसपुर मंड़ौला में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर संतश्री का आशीर्वाद लिया और उन्हें जन्म जयंती की शुभकामनाएं दीं। महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं ने ऐलक श्री 105 विज्ञानसागर जी महाराज को श्रीफल एवं शास्त्र भेंट कर अपनी श्रद्धा अर्पित की परमपिता परमेश्वर से संतश्री के दीघार्यु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। महोत्सव में ध्वजारोहण करने का सौभाग्य मनीष जैन पटवारी, बिन्दु पटवारी, मंच उद्धघाटन कर्त्ता का सौभाग्य महक जैन दुबई, चित्र अनावरणकर्त्ता का सौभाग्य विरेन्द्र पायल सोनी व अंकुर जैन रितेश जैन, दीप प्रज्जवलनकर्त्ता का



सौभाग्य अरूण जैन मोनिका जैन व नरेश चन्द जैन पहाड़िया, पाद प्रक्षालनकर्त्ता का सौभाग्य अरूणा जैन शैलेष जैन, बोबी हौजरी, शास्त्र भेंटकर्त्ता का सौभाग्य सुनील जैन, इन्दु जैन, पिच्छी भेंटकर्त्ता का सौभाग्य रेखा जैन को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अपने प्रवचन में ऐलक श्री 105 विज्ञानसागर जी महाराज ने साधु-संतों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत समाज को सही दिशा दिखाने और धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने लोगों से धर्म के मार्ग पर चलने, सदाचार अपनाने तथा जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। मंच का संचालन शैलेश जैन सम्मेद शिक्षर वालों ने किया।

महोत्सव का आयोजन आचार्य श्री विद्यासागर गौशाला कमेटी द्वारा किया गया। महोत्सव को सफल बनाने में ब्रहमचारिणी केसर बाई जी, बाल ब्रहमचारिणी ज्योति दीदी, बाल ब्रहमचारिणी रानी दीदी व अतिशय क्षेत्र जयशांतिसागर निकेतन परिवार मंड़ौला के चेयरमैन प्रवीन कुमार जैन, अध्यक्ष कुलदीप जैन, महामंत्री अंकित जैन, कोषाध्यक्ष संजय जैन, उपाध्यक्ष राजा जैन बागपत, सुनील जैन, संजय, शीतल प्रसाद जैन, सुरेन्द्र जैन, वासु भैया आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर मुनिश्री 108 नमिसागर जी महाराज, क्षुल्लक श्री 105 पूर्णानन्द जी महाराज समेत सैकड़ो श्रदालु उपस्थित रहे

# बीमारी के चलते पूर्व जिला पंचायत सदस्य का निधन, कस्बे में शोक

### हजारों लोगों ने नम आंखों से किया सुपुर्द-ए-खाक

**समाज जागरण**

चांदीनगर। रटौल के पूर्व जिला पंचायत सदस्य चौधरी मुबस्सिर का बीमारी



के चलते निधन हो गया। उनके निधन से कस्बे में शोक की लहर है।55 वर्षीय चौधरी मुबस्सिर कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे। निधन की खबर मिलते ही हजारों लोग उनके घर सांत्वना देने पहुंचे। कस्बे के लोगों ने बताया कि चौधरी मुबस्सिर मिलनसार व्यक्ति थे और हमेशा लोगों के हित में काम करते थे। उनके छोटे भाई चेयरमैन हाजी मुंतजिर ने कहा कि उनका जाना परिवार और जनता के लिए बड़ी क्षति है। दोपहर दो बजे के बाद उनके जनाजे को पास के कब्रिस्तान में हजारों लोगों ने नम आंखों से सुपुर्द-ए-खाक किया। इस मौके पर विधायक योगेश धामा, बसपा नेता बबलू कौशिक, रवि फैसला सहित बागपत के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बागपत की अद्विका चौहान ने राष्ट्रीय शूटिंग में जीता स्वर्ण पदक

**समाज जागरण**

बागपत। किरठल निवासी अद्विका चौहान ने अंडर-14 वर्ग की 10 मीटर पिस्टल शूटिंग नेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया है। अद्विका सौरभ चौहान की पुत्री हैं। उन्होंने 400 में से 366 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। यह प्रतियोगिता आईसीएसई बोर्ड के तत्वावधान में जन्माष्टमी के अवसर पर गोरखपुर में आयोजित हुई थी। तक्षशिला शूटिंग एकेडमी मेरठ में अभ्यासरत अद्विका ने देश




भर से आए शूटर्स को पीछे छोड़ते हुए यह पदक अपने नाम किया। एकेडमी के कोच विनीत चौधरी और आदिल खान ने बताया कि अद्विका में राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने की पूरी क्षमता है। अद्विका के दादा डॉ. यशपाल सिंह किरठल ने बताया कि पिछले माह क्षेत्रीय प्रतियोगिता में अद्विका को 361 अंकों के साथ रजत पदक मिला था। अद्विका वर्तमान में सेंट पैट्रिक एकेडमी मेरठ में कक्षा 8 की छात्रा हैं। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल और क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

# शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर तैयारी तेज, 7 बूथों पर संयोजक-सहसंयोजक नियुक्त

**समाज जागरण**

बड़ौत। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की जनपद बागपत इकाई की बैठक आवास विकास कॉलोनी में हुई। बैठक में शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर चर्चा की गई और सभी 7 बूथों के लिए संयोजक और सहसंयोजकों का चयन किया गया। छपरौली ब्लॉक पर सेवानिवृत्त शिक्षक देवेंद्र सिंह खोखर को संयोजक और दुष्यंत मान को सह संयोजक बनाया गया। बड़ौत नगर पालिका पर जितेंद्र सिंह तोमर को संयोजक और राजेंद्र सिंह तोमर को सह संयोजक नियुक्त किया गया। बड़ौत ब्लॉक पर सुधीर कुमार को संयोजक और मुकेश कुमार शर्मा को सह संयोजक बनाया गया। बागपत ब्लॉक के लिए ओमवीर सिंह तोमर को संयोजक और जसबीर सिंह को सह संयोजक बनाया गया। खेकड़ा ब्लॉक पर जितेंद्र सिंह को संयोजक



और कंवर पाल को सह संयोजक, जबकि पिलाना ब्लॉक पर लालबहादुर यादव को संयोजक और सुरेंद्र पाल यादव को सह संयोजक बनाया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने की और संचालन जिला मंत्री हरेंद्रनाथ सहाय ने किया।इस मौके पर मेरठ खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी स्वराज पाल दूहन ने कहा कि 6 सितंबर को लखनऊ में होने वाली राज्य परिषद की बैठक में अल्पसंख्यक विद्यालयों के शिक्षकों के स्थानांतरण, वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों को बैंक से वेतन दिलाने और तदर्थ प्रधानाचार्यों को नियमित करने के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

# ककौर कलां गांव में विवाद ने लिया खूनी रूप, 13 घायल

**समाज जागरण**

बड़ौत। छपरौली थाना क्षेत्र के ककौर कलां गांव में शुक्रवार को दिन में शुरू हुआ विवाद रात में खूनी संघर्ष में बदल गया। अब्बास और आसिफ पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में मारपीट, पथराव और धारदार हथियारों से हमला हुआ। जानकारी के अनुसार घटना के दौरान फायरिंग भी हुई, जिसमें गोली के छर्रे लगने और मारपीट से दोनों पक्षों के करीब 13 लोग घायल हो गए।बताया गया कि दिन में किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था और दो बार लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने आ गए थे, लेकिन ग्रामीणों के बीच-बचाव से मामला शांत हो गया था। देर रात दोबारा कहासुनी के बाद विवाद ने उग्र रूप ले लिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। सभी घायलों को सीएचसी ले जाया गया, जहां से आठ घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रभाकर केन्तूरा ने बताया कि गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। समाचार लिखे जाने तक किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# संजीव गोयल सिक्का के क्षेत्रीय महामंत्री बनने से भाजपा होगी ओर भी मजबूत : विनोद जैन

**समाज जागरण बागपत।**

भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बाल्यकाल के स्वयंसेवक एडवोकेट विनोद कुमार जैन ने उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त संजीव गोयल सिक्का को भाजपा की क्षेत्रीय कमेटी में क्षेत्र महामंत्री पद पर मनोनीत किए जाने पर बधाई दी हैं। एडवोकेट विनोद कुमार जैन ने कहा कि संजीव





गोयल सिक्का ने पार्टी में निष्ठा, समर्पण और संगठन के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय देते हुए विभिन्न दायित्वों - क्षेत्र उपाध्यक्ष, क्षेत्र मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहकर संगठन को मजबूत करने का कार्य किया है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री के दर्जे के साथ वे जनसेवा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। संगठन ने उनके अनुभव, कर्मठता और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें क्षेत्र महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्व से नवाजा है, जो बागपत सहित पूरे क्षेत्र के कार्यकताओं के लिए गौरव का विषय है। एडवोकेट जैन ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि श्री सिक्का के नेतृत्व में क्षेत्र में भाजपा संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा कार्यकताओं को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी।

# शराब कारोबार में हिस्सेदारी के नाम पर 1.44 करोड़ की कथित ठगी

### तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज, बैंक ट्रांजेक्शन और शिकायतकर्ताओं के बयानों के आधार पर पुलिस ने शुरू की जांच

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

हटा। शराब कारोबार में हिस्सेदारी दिलाने का झांसा देकर करीब 1 करोड़ 44 लाख रुपये की कथित ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत की जांच के बाद हटा थाना पुलिस ने तीन आरोपियों गोविंद भायल, अमित ठाकुर और संगीता उर्फ रामसखी भायल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(3) और 318(4) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार शिकायतकताओं ने आरोप लगाया कि शराब व्यवसाय में उन्हें हिस्सेदार बनाने और कारोबार में निवेश के नाम पर अलग-अलग समय में बड़ी रकम ली गई। रकम लेने के बाद कथित तौर पर न तो शिकायतकताओं को शराब कारोबार में हिस्सेदारी दी गई और न ही उनके द्वारा दी गई राशि वापस की गई। इसके बाद शिकायतकताओं ने पुलिस से शिकायत कर पूरे मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की।

**बैंक खातों में हुए लेनदेन की भी जांच**

शिकायत सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान शिकायतकताओं द्वारा



उपलब्ध कराए गए बैंक स्टेटमेंट, लेनदेन से संबंधित जानकारी और बयानों को जांच का हिस्सा बनाया गया है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि शिकायतकताओं से प्राप्त रकम किन खातों में जमा हुई और उसका आगे किस प्रकार लेनदेन किया गया।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक मामले में सामने आए दस्तावेजों और बैंक ट्रांजेक्शन का परीक्षण किया जा रहा है। इसके साथ ही शिकायतकताओं तथा संबंधित पक्षों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं, ताकि पूरे घटनाक्रम और रकम के लेनदेन की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

**हिस्सेदारी नहीं मिलने पर सामने आया मामला**

शिकायत के मुताबिक शराब कारोबार में हिस्सेदारी मिलने की उम्मीद में संबंधित लोगों ने आरोपियों को बड़ी रकम दी थी। लेकिन निर्धारित समय के बाद भी हिस्सेदारी नहीं मिलने और रकम वापस नहीं किए जाने पर विवाद बढ़ गया। इसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। फिलहाल पुलिस ने आरोपों के आधार पर प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की है। जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि कुल कितनी राशि का लेनदेन हुआ, रकम किस उद्देश्य से ली गई और मामले में प्रत्येक आरोपी की क्या भूमिका रही।

**पुलिस जुटा रही साक्ष्य**

पुलिस द्वारा बैंक रिकॉर्ड, लेनदेन से जुड़े दस्तावेज, शिकायतकताओं के बयान और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों की जांच की जा रही है। विवेचना के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले में पुलिस सभी संबंधित पहलुओं की जांच कर रही है।

# श्रीमद् भागवत कथा में सुनाई भगवान श्रीकृष्ण जन्म की कथा

**समाज जागरण बागपत।**

बागपत शहर के श्री कृष्णा एंक्लेव में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस भी श्रद्धालुओ की काफी भीड़ उमड़ी और उन्होंने धर्म लाभ



कमाया। प्रातः के समय में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में विराजमान समस्त देवी-देवताओं का मठाधीश आचार्य प्रशांत भारद्धाज द्वारा पूजन किया गया। प्रातः मुख्य यजमानों ने मंगलाचरण करके गणेश पूजन,नवग्रह,श्रीमद् भागवत व कथा में विराजमान समस्त देवी- देवताओं का पूजन किया। पूजन में मुख्य यजमान अजय अहेड़ा, सुमित कुंवर प्रताप सिंह दिनेश कुमार कृष्णा एनक्लेव रहे। शाम के समय की कथा में प्रसिद्ध कथा वाचक ईशान ज्योतिष गुरु आचार्य मनोज जोशी के मुखारविंद से भक्तों को सूर्यवंश और चंद्रवंश का वर्णन व श्रीकृष्ण जन्म की कथा भक्तों को विस्तार से सुनाई। कथा में उपस्थित भक्त जनों में सनी चौहान अनमोल ढाका सौरभ कुमार सचिन कुमार वह समस्त कृष्णा एनक्लेव के सनातन प्रेमी व भक्तिमाई माताएं उपस्थित रही।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर पतलौनी में उमड़ा आस्था का सैलाब

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

तेजगढ़। जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पतलौनी में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम, हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रामवासियों ने बिन्नू बाई माजा बब्बा ट्रस्ट, जानकी रमण मंदिर से भगवान श्रीकृष्ण के रथ को आकर्षक रूप से सजाया। भगवान को झांकियों के बीच विराजमान कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मंदिर के पुजारी पंडित राजू प्रसाद दुबे, कुंज बिहारी प्रसाद दुबे के सानिध्य में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाओं, बालक-बालिकाओं ने प्रभात फेरी और भजन-कीर्तन के साथ शोभायात्रा में भाग लिया। शोभायात्रा गांव के मुख्य मार्गों और देवी-देवताओं के स्थानों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची, जहां प्रसाद वितरण किया गया।

इसके पश्चात माता चंडी टोरिया प्रांगण में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ऑर्केस्ट्रा के कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म उत्सव की लीलाओं को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति मंत्री एवं जबेरा के लोकप्रिय विधायक धर्मेन्द्र सिंह लोधी रहे। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और ग्राम की प्राचीन माता शारदा मंदिर प्रांगण में होने वाले विकास कार्यों की जानकारी दी। एवं टीन शेड का लोकार्पण किया।ग्राम में मटकी फोड़ कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के सचिव हीरा सिंह, ठाकुर राघवेंद्र सिंह ऋषि भैया,सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह, भाजपा जिला मंत्री भारत सिंह, तेजगढ़ मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह,,रूपेश सेन सत्यपाल सिंह,, पूर्व सरपंच पहारी सिंह, नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी, एएसआई गोविंद सिंह, डॉ. अनूप सिंह, बीडीसी सदस्य हरि सिंह यादव, महिपाल सिंह राजा भैया, शिक्षक महेन्द्र दीक्षित, मनोहर सिंह,बीडीसी लकी सिंह, सरपंच तिज्जाबाई सहित कार्यक्रम के संचालक सरपंच प्रतिनिधि बेडी सिंह, आसपास के सरपंच, सचिव, पटवारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# 125 राशन दुकानों की जांच, 36 में मिली अनियमितता

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। जिला प्रशासन ने उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्रा में समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले की 125 उचित मूल्य राशन दुकानों की एक साथ आकस्मिक जांच कराई। प्रथम चरण में प्राप्त 61 दुकानों की जांच रिपोर्ट में 36 दुकानों में अनियमितताएं सामने आई हैं। जांच में कुल 754 क्विंटल राशन सामग्री में विसंगति एवं हेराफेरी पाई गई।

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि दोषी विक्रेताओं के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम सहित अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत नोटिस, जुमार्ना और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि राशन वितरण में लापरवाही और कालाबाजारी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# शिक्षक राष्ट्र का निमार्ता, मां और शिक्षक का सम्मान जरूरी : चौधरी धर्मवीर सिंह

**दैनिक समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृति सेवा समिति एवं वैश्य इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में वैश्य इंटरनेशनल स्कूल, भिवानी में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन पुरस्कार-2026, 29वां राष्ट्रीय शिक्षक दिवस महोत्सव एवं शिक्षक सम्मान समारोह-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह व हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन शंकर धूपड़ विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट शिवरतन गुप्ता एवं प्रसिद्ध उद्योगपति पवन बवानी वाला ने की। इस अवसर पर समाजसेवी सुरेंद्र लोहिया, राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता समाजसेवी लक्ष्मण गौड़, सदाचारी शिक्षा समिति की निदेशक सावित्री यादव, हिंद केसरी बाली शर्मा, लोक गायक, राष्ट्रपति पुरस्कार एवं भारत सरकार के राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज, वैश्य इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य करतार सिंह जाखड़, एनसीसी अधिकारी राजेश मुखी, प्राचार्य भगत सिंह कोठारी, भाजपा नेता रीतिक



वधवा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं शिक्षाविद उपस्थित रहे।

इस अवसर पर बतौर मुख्यतिथि पहुंचे भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह व हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड चेयरमैन शंकर धूपड़ ने कहा कि शिक्षक से अधिक सम्मान का अधिकारी दुनिया में कोई नहीं है। मां, भारत मां और शिक्षक का जीवन में विशेष महत्व है। मां बच्चे का पालन-पोषण करती है, शिक्षक उसे तराशकर जीवन जीने योग्य बनाता है, जबकि भारत मां अपनी धरती पर सभी का पालन-पोषण करती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान की भी आवश्यकता है और यह ज्ञान शिक्षक ही प्रदान कर सकता है। शिक्षक के मार्गदर्शन से ही व्यक्ति जीवन में आगे बढ़ता है और देश की प्रगति में योगदान देता है। उन्होंने कहा कि आज की आपाधापी के दौर में शिक्षक के सम्मान की अपेक्षा धनवान व्यक्ति को अधिक महत्व दिया जाना चिंता का विषय है। जिस देश की शिक्षा व्यवस्था मजबूत होगी, वही देश तेजी से आगे बढ़ेगा तथा अनेक सामाजिक बुराइयों एवं समस्याओं पर अंकुश लगाया जा सकेगा। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे बच्चों में गुणात्मक शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार और मानवीय गुणों का समावेश करें। अपने गुरुओं का सम्मान केवल औपचारिक रूप से नहीं, बल्कि आत्मा से किया जाना चाहिए। वैश्य इंटरनेशनल स्कूल के अध्यक्ष एडवोकेट शिवरतन गुप्ता एवं महासचिव पवन बवानी वाला ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र का निमार्ता होता है। शिक्षक देश की नींव को मजबूत करने का कार्य करता है। शिक्षक के मार्गदर्शन से ही वैज्ञानिक, नेता, डॉक्टर, अभिनेता सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाएं तैयार होती हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा से बड़ा कोई दान नहीं है। भगवान श्रीकृष्ण को भी महान शिक्षक के रूप में माना जाता है और भारत में शिक्षा एवं शिक्षक की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। बच्चे के भविष्य का निर्माण करने वाले शिक्षक से बड़ा निमार्ता कोई नहीं हो सकता।

उन्होंने बताया कि समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में अलग-अलग अनुकरणीय सेवाओं एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए 101 शिक्षकों को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन पुरस्कार-2026 से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान शिक्षकों को सम्मानित कर उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

सम्मानित किए गए शिक्षकों में डॉ. अनुराधा शर्मा, श्रीमती सोनिया शर्मा, राजेश कौशिक, अनामिका शर्मा, सुनीता कुमारी, भगत सिंह कोठारी, अश्विनी शर्मा, विकास कुमार, शिव कुमार, सुमन पंवार, विवेक, बबीता रॉय, बबीता, सुनीता रानी, राज कुमार, सोनिका, डॉ. मीनाक्षी शर्मा, मीनाक्षी चावला, डॉ. ज्योति चौधरी, राजेश कुमार, संजय कामरा, प्रशांत कुमार, मनोज शर्मा, डॉ. अनिल गौड़, डॉ. जयपाल शास्त्री, नरेश कुमार, सुशीला, दीपक, सरिता, डॉ. सुमन, डॉ. रंजना, उषा, नरेश कुमारी, शमशेर सिंह, मनोज कुमारी, डॉ. अशोक कुमार, सरिता, मुकेश देवी, उषा, डॉ. मन सिंह दहिया, सुनील कुमार, भूमिका, डॉ. निधि शर्मा, मनजीत सिंह, करतार सिंह जाखड़, मोहनदत्त शर्मा, नरेंद्र शर्मा, प्रवेश गौतम, मंजू शर्मा, पूजा, त्रिलोक गाबा, पंकज, विकाश शर्मा, नीतू डुडेजा, सुमन श्योराण, रेणु, डॉ. आलोक शर्मा, विनोद कुमार, विजय लक्ष्मी शर्मा, जोगेंद्र सिंह, पवन कौशिक, निखिल गुप्ता, बृजमोहन, कमल शर्मा, रजनी शर्मा, डॉ. शिवकुमार शास्त्री शर्मा, सीमा शर्मा, श्वेता, पवन, शीतल शर्मा, नीरज, पवन गोयल, दयानंद, कपिल वर्मा, डॉ. बीना यादव, पवन कुमार, अनीता कौशिक और श्वेता अरोड़ा सहित हरियाणा प्रदेश के कुरुक्षेत्र, महेंद्रगढ़, हिसार, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, रोहतक, जींद, सोनीपत, यमुनानगर, दिल्ली, बहादुर गढ़, राजस्थान, गुरुग्राम, करनाल, कैथल झज्झर जिले से जुड़े 101 शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

# आज कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर डॉ.साध्वी श्री चंदना जी म. ने तीन प्रकार के उत्तम पुरुषों का वर्णनकिया।

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) धर्मावतार, भोगावतार कर्मावतार धर्मावतार में तीर्यकर आदि भौगावतार में मैं चक्रवर्ती और कर्मावतार में वासुदेव आदि जाते है। सोना जितना तपता है उतना कुंदन बनता हैं,चंदन को घिसने से महक आती है। गन्ने को पिलने से मीठा रस मिलता है ऐसे ही जो महापुरुष होते है उनके जीवन में कितने संकट, कष्ट आये पर वो घबराते नहीं ऐसे महपुरषों को कर्मवतार की उपमा दी है। सब जानते है भी कृष्ण का जन्म एक जेल में हुआ फिर भी अपने जीवन को कैसे महान बनाया, कंस ने कितने प्रयास किए कृष्ण को मरने के कभी पूतना के द्वारा कालयवन हाथी वकासूर को भेजा पर कोई भी उनका कुछ ना बिगाड़ सका। कृष्ण म. के



बहुत सी लिलाऐं है। उनके जीवन के दो सद्पदेश है जिसको ध्वारण करके हम अपने जीवन का कल्याण कर सकते हैं। श्रीकृष्ण महाराज गुणग्राही ये ।एक देवता कुते के रूप में आया सबको उसमें से इतनी बदबू आ रही थी की पास खड़े नहीं हुआ जा रहा था लेकिन आ रही थी लेकिन कृष्ण म. ने कहा इसके दांत कितने सुंदर है। जैन धर्म में श्री कृष्ण म. वासुदेव है आनेवाली चौबीसी में 12 वें तीर्थकर होगें। आज इस शुभ अवसर पर छोटे-२ बच्चे राधा कृष्ण, सुदामा, गोपी बनकर आए। छोटे-२ बच्चों ने सांस्कृतिक प्रोग्राम दिए, अध्यक्ष सन्दीप जैन ज्ञान चंद जैन, पुर्ण चंद जैन अंकुर गुप्ता, जोरा जैन ओम प्रकाश सैनी जगदीश राय जैन लवली कुमारी,ईस कुमार प्रेम जैन सुखदेव क्षोरड महिला मण्डल सरोज जैन रिटा जैन सुलेखना जैन मिनु जैन, वबीता जैन बबली गर्ग, निर्मला जैन, सपना जैन, शीतल जी, और छोटे बच्चों ने पूरा पूरा लाभ लिया।

# गरवा के फिशरीज एक्वा एक्सीलेंस सेंटर के निर्माण पर उठे फिर सवाल, अधिकारी डाल रहे हैं भ्रष्टाचार पर पर्दा करीब 100 करोड़ की

परियोजना में निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर ग्रामीणों ने फिर उठाए सवाल
जिला उपायुक्त से उच्चस्तरीय जांच की मांग, घटिया ईंटों और खारे भूमिगत पानी के इस्तेमाल का लगाया आरोप



**दैनिक समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र सिंह जावला )**

बहल। गांव गरवा में करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से निमार्णाधीन फिशरीज एक्वा एक्सीलेंस सेंटर के निर्माण में कथित अनियमितताओं का मामला अब जिला उपायुक्त, भिवानी के समक्ष पहुंच गया है। ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त के समक्ष पेश होकर निर्माण कार्य में इस्तेमाल की जा रही सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच करवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने उपायुक्त को दी शिकायत में आरोप लगाया कि केंद्र और प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के निर्माण कार्य में कथित तौर पर निर्धारित मानकों की अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार निर्माण में इस्तेमाल की जा रही ईंटों की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है। इसके अलावा निर्माण कार्य में प्रयोग की जा रही अन्य सामग्री की गुणवत्ता को लेकर भी उन्होंने सवाल उठाए हैं।

शिकायतों के बावजूद निर्माण जारी रखने का आरोप ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण सामग्री को लेकर पहले भी शिकायतें की जा चुकी हैं और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण भी किया है। इसके बावजूद उनके अनुसार निर्माण स्थल पर कथित रूप से गुणवत्तापूर्ण सामग्री का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार दिन-रात निर्माण कार्य जारी रखे हुए है और उनकी आपत्तियों को नजरअंदाज किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में पानी के लिए भूमिगत खारे पानी का इस्तेमाल किया जा रहा है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य में निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप उपयुक्त पानी का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण में यदि कहीं घटिया सामग्री इस्तेमाल हुई है तो उसकी जांच करवाई जाए तथा मानकों के विपरीत लगी सामग्री को हटाकर निर्धारित गुणवत्ता वाली सामग्री का इस्तेमाल करवाया जाए। उन्होंने मौके पर पड़ी ईंटों और अन्य निर्माण सामग्री के भी नमूने लेकर उनकी गुणवत्ता की जांच करवाने की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार उन्होंने मौके पर निर्माण एजेंसी के ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों के समक्ष भी निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को लेकर आपत्ति जताई थी, लेकिन उन्हें संतोषजनक कार्रवाई नहीं होने का आरोप है। नमूने लेकर गुणवत्ता जांच करवाने की मांग ग्रामीण रजनीश, भान सिंह, प्रकाश, रमेश चंद्र, बिल्लू लाखलाण सहित अन्य ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त से पूरे मामले का संज्ञान लेकर निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि जांच के दौरान निर्माण में इस्तेमाल की जा रही सामग्री के नमूने लिए जाएं और उनकी तकनीकी स्तर पर गुणवत्ता जांच करवाई जाए, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके।

मछली पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बन रहा केंद्र

गौरतलब है कि किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें मछली पालन से जोड़ने के उद्देश्य से सरकार ने गरवा गांव में करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से फिशरीज एक्वा एक्सीलेंस सेंटर स्थापित करने की स्वीकृति दी है। यह परियोजना हरियाणा के साथ-साथ उत्तर भारत में मछली पालन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित किए जाने की योजना का हिस्सा है। ऐसे में निर्माण कार्य के दौरान सामग्री की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों द्वारा उठाए गए सवालों ने परियोजना की गुणवत्ता और निर्माण कार्य की निगरानी व्यवस्था को लेकर चर्चा तेज कर दी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर यदि किसी स्तर पर अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

# डीसी साहिल गुप्ता ने विकास संकल्प जनसभा को लेकर किया बवानीखेड़ा अनाज मंडी का दौरा

- छह सितंबर को आयोजित होगी विकास संकल्प जनसभा
- डीसी ने जनसभा स्थल पर सुरक्षा, पेयजल, बिजली, सफाई, बैरीगेटिंग और पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



**दैनिक समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बवानीखेड़ा, 04 सितंबर। कस्बा स्थित अनाज मंडी में छह सितंबर को विकास संकल्प जनसभा आयोजित होगी, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे तथा अध्यक्षता विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि करेंगे। जनसभा को लेकर डीसी साहिल गुप्ता ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ वीरवार को अनाज मंडी का दौरा किया। उन्होंने यहां पर जनसभा की तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं दूसरी ओर अनाज मंडी में पहुंचने से पहले डीसी ने कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों के साथ जनसभा की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान एडीसी दीपक बाबू लाल करवा, एसडीएम महेश कुमार, डीएमसी हरबीर सिंह और नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री भी मौजूद रहे। डीसी ने अनाज मंडी में जनसभा की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने यहां पर लगाए जा रहे पंडाल की व्यवस्था को बारीकी से देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि महिलाओं और पुरुषों के लिए बैठने के लिए अलग-अलग ब्लॉक बनाए जाएं। जनसभा में बैठने को लेकर किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। डीसी ने मुख्य मंच की व्यवस्था को देखा। डीसी ने मंडी परिसर में हेलीपेड स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हेलीपेड पर सफाई व्यवस्था दुरूस्त हो। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि मुख्य मंच के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए अलग से मंच बनेगा, जहां से कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इसी प्रकार से पत्रकारों-छायाकारों के लिए अलग से मीडिया गैलरी बनेगी ताकि जनसभा की कवरेज करने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ पेयजल, बिजली आपूर्ति, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, वाहन पार्किंग की व्यवस्थाएं समय रहते पूरी की जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसभा में आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को अस्पताल में अलग से सेफहाऊस बनाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार से डीसी ने अग्रिशमन विभाग को उचित जगहों पर गाडिड़्यां लगाने के निर्देश दिए। डीसी ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि कस्बे के सभी प्रवेश सडक मार्गों की मरम्मत की जाए ताकि लोगों को जनसभा में आने के दौरान दिक्कत ना हो। उन्होंने बिजली निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि कहीं पर बिजली के तार लटकते हालात में न हों। मंडी परिसर में वायरिंग को बारीकी से चेक किया जाए। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए जरूरी जगहों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। इसके साथ ही जनसभा में आने वाले लोगों को जनसभा स्थल के बारे में जानकारी दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कस्बे में वाहनों के कारण जाम की स्थिति नही बननी चाहिए। जनसभा स्थल के आसपास रिकवरी वैन व क्रेन का प्रबंध जरूर हो ताकि किसी भी वाहन में अचानक खराबी आने के चलते उसको वहां उचित जगह पर ले जा सके।

डीसी ने जनसभा स्थल व आसपास क्षेत्र में उचित बैरिकेडिंग करने और वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त एवं व्यवस्थित स्थान निर्धारित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था इस प्रकार बनाई जाए कि जनसभा में आने वाले लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। डीसी ने नगर पालिका व मार्केट कमेटी अधिकारियों को अनाज मंडी क्षेत्र व कस्बे में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

अनाज मंडी परिसर में पहुंचने से पहले डीसी ने सभी सबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ कस्बा स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में बैठक की। इस दौरान जनस्वास्थ अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षक अभियंता सुनील रंगा, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सोमबीर कादयान, तहसीलदार जयबीर सिंह, डीआईओ अमित लांबा, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता लोकेश डागर सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# एसआईआर कार्य के बीच बीएलओ ने अपनाया तनाव दूर करने का तरीका

क्रिकेट पिच पर तनाव क्लीन बोल्ड, बीएलओ ने मैदान में बहाया पसीना
फ्रेंडली क्रिकेट मैच में चार टीमों ने लिया हिस्सा, लोहारू एसडीएम-11 बना विजेता और बहल-11 रहा उपविजेता



**दैनिक समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र सिंह जावला )**

बहल, 4 सितंबर। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर) कार्य में जुटे लोहारू विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ ने शुक्रवार को काम के बीच तनाव दूर करने और कार्यक्षमता बढ़ाने का अनूठा संदेश दिया। दिनभर कार्यालयी कार्य और कंप्यूटर स्क्रीन के सामने व्यस्त रहने वाले बीएलओ बहल के खेल मैदान में उतरे और फ्रेंडली क्रिकेट मैच खेलकर जमकर पसीना बहाया। खेल के मैदान में उतरकर कर्मचारियों ने न केवल शारीरिक सक्रियता बढ़ाई, बल्कि तनाव को भी क्लीन बोल्ड करने का संदेश दिया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे एसआईआर कार्य में डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन और लोहारू एसडीएम मनोज कुमार दलाल के नेतृत्व में लोहारू विधानसभा क्षेत्र का कार्य प्रदेश में प्रथम पायदान पर रहा है। यहां गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य तेज गति से किया गया। बीएलओ ने संबंधित गांवों के व्हाट्सऐप ग्रुपों के माध्यम से ग्रामीणों को लगातार आवश्यक सूचनाएं साझा कीं और गणना प्रपत्रों को ऑनलाइन अपलोड करने का कार्य आगे बढ़ाया। प्रतिदिन अधिक से अधिक कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्य हासिल किया गया और अब नोटिस जारी करने के मामले में भी लोहारू विधानसभा क्षेत्र का कार्य अव्वल चल रहा है। एसडीएम की अगुवाई में मैदान में उतरीं चार टीमें एसआईआर कार्य के बीच शुक्रवार को बीएलओ ने तनाव से राहत पाने के लिए क्रिकेट का सहारा लिया। एसडीएम मनोज कुमार दलाल के नेतृत्व में लोहारू विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ की चार टीमें बहल के खेल मैदान में उतरीं।

आयोजन की सफलता के लिए एसडीएम मनोज कुमार दलाल की अध्यक्षता में बीएलओ राजपाल गरवा, आनंद श्योराण हरियावास, सुरेश भालोठिया और ग्राम सचिव सुरेंद्र गोकुलपुरा की आयोजन समिति गठित की गई। प्रतियोगिता में एसडीएम लोहारू-11, रॉयल पैंथर बहल-11, सिवानी ट्रैकर-11 और सिवानी बी-11 टीमों ने हिस्सा लिया। लोहारू टीम की अगुवाई एसडीएम मनोज कुमार दलाल, बहल टीम की रविंद्र गोस्वामी, सिवानी ए टीम की सुदेश बाजिया और सिवानी बी टीम की धन सिंह ने की। रोमांचक मुकाबलों के बाद लोहारू एसडीएम-11 ने फाइनल मुकाबला जीतकर विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि बहल-11 उपविजेता रही। मैचों की कमेंट्री आनंद श्योराण हरियावास, संजय शर्मा और विनोद बॉक्सर ने की। आयोजन के समापन पर एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने सभी बीएलओ को शुभकामनाएं देते हुए इस प्रकार के आयोजन को कर्मचारियों के लिए उपयोगी बताया।

खेल से तनाव में राहत के साथ निर्णय क्षमता में होता है सुधार : एसडीएम एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा कि खेल मैदान में पसीना बहाने से मानसिक तनाव से राहत मिलती है। दिनभर कंप्यूटर स्क्रीन के सामने बैठने और फाइलों में व्यस्त रहने के बाद मैदान में समय बिताने से मन और शरीर दोनों को ताजगी मिलती है। उन्होंने कहा कि जब वरिष्ठ और कनिष्ठ कर्मचारी कार्यालयी माहौल से बाहर निकलकर एक साथ टीम में खेलते हैं तो आपसी संवाद बेहतर होता है और टीम भावना मजबूत होती है।

उन्होंने कहा कि खेलने से शारीरिक निष्क्रियता दूर होने के साथ-साथ निर्णय क्षमता में भी सुधार होता है। खासकर क्रिकेट में हर गेंद के साथ रणनीति बदलनी पड़ती है, जिससे त्वरित निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होती है। इस अवसर पर बीएलओ सुरेश भालोठिया, सुशील गोपाल वास, अनिल ओबरा, प्रेम नांगल, मुकेश ओबरा, दलवीर सहरावत, मनोज डीपीई, सुरेश हरियावास, धन सिंह जांगड़ा, रविंद्र गोस्वामी, सुरेंद्र सिरसी, चरण सिंह कालोद, कुलदीप, सुरेंद्र सुरा, बलबीर पूनिया, कृष्ण चौहान, प्रदीप सुंडा सहित विभिन्न बीएलओ मौजूद रहे।

# ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र बहल, पर नन्हें कान्हा का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया

राधा-कृष्ण के स्वरूप में सजे नन्हें बच्चों ने रास रचाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया

**दैनिक समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल, 4 सितंबर। शुक्रवार को स्थानीय प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवाकेंद्र पर सवेरे की मुरली क्लास में नन्हें कान्हा का जन्मोत्सव बड़े ही प्रेम और उल्लास के साथ मनाया गया। सेवाकेंद्र संचालिका राजयोगिनी बी.के. शकुंतला दीदी जी के सानिध्य में जन्मदिन का केक काटा गया। दीदी जी ने नन्हें कान्हा को झूला झुलाया और अपने हस्तों से केक व माखन-मिश्री का भोग लगाया। राधा-कृष्ण के स्वरूप में सजे नन्हें बच्चों ने रास रचाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर सेवाकेंद्र संचालिका राजयोगिनी बी.के. शकुंतला दीदी जी सहित सेवाकेंद्र की बहनें बी.के. पूनम, बी.के. मीनू, बी.के. सुशीला तथा बहन वैशाली को पीली चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। अंत में सभी ने केक व माखन-मिश्री के पवित्र भोग को प्रसाद के रूप में स्वीकार किया।

# कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी 5 सितंबर को हल्का तोशाम में 4363.26 लाख रुपये की धनराशि की विभिन्न विकास परियोजनाओं की रखेंगी आधारशिला

केबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी शनिवार को तोशाम में होंगी लोगों से रूबरू

**दैनिक समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र सिंह जावला )**

भिवानी/तोशाम, 04 सितंबर। प्रदेश की सिंचाई एवं जल संसाधन तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी शनिवार 5 सितंबर को हल्का तोशाम के विभिन्न गांवों में लोगों से रूबरू होंगी और जन समस्याएं सुनेंगी। इस दौरान ने करोड़ों रुपए की लागत से विभिन्न परियाजनाओं का शिलान्यास करेंगी।

श्रुति चौधरी के दौरा कार्यक्रम अनुसार वे पांच सितंबर को तोशाम विधानसभा क्षेत्र के तोशाम, मिरान, ढाणी मीरान, सागवान, दांग खुर्द और रिवासा सहित करीब आधा दर्जन गांवों में 4363.26 लाख रुपये की धनराशि की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगी।

पंचायती राज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार तोशाम में लगभग 230 लाख रुपए की लागत से ई-लाइब्रेरी का शिलान्यास करेंगी। वहीं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मिरान में लगभग 996.49 लाख रुपए की लागत से आरसीसी सैंडएस टैंक, अतिरिक्त कमरे के साथ पंप चैंबर का निर्माण, आरडब्ल्यू और सीडब्ल्यू के लिए



सक्शन वेल का निर्माण, सीसी पाथ, पंपिंग मशीनरी, चार्जेबल वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का शिलान्यास,ढाणी मिरान में लगभग 336.95 लाख रुपए की लागत से आरसीसी सैंडएस टैंक, हाई लेवल टैंक, कच्चे पानी और साफ पानी के लिए सक्शन वेल, चार्जेबल से सटे अतिरिक्त कमरे का शिलान्यास,दांग खुर्द में लगभग 802.64 लाख रुपए की लागत से एस/एस टैंक, 0.50 एमएलडी डब्ल्यूटीपी और 2 नग सीडब्ल्यूटी का शिलान्यास,
सागवान में लगभग
999.94 लाख रुपए की लागत से प्रथम और द्वितीय की जलापूर्ति के संवर्धन/नवीनीकरण और वितरण प्रणाली प्रदान करने और बिछाने, एस.एस. टैंक, 1.00 एमएलडी डब्ल्यूटीपी, 2 नग सीडब्ल्यूटी, पंप चैंबर, पंपिंग मशीनरी और हेड वर्क पर पाइपलाइन का शिलान्यास,रिवासा में लगभग 997.24 लाख रुपए की लागत से निगाना फीडर पर कच्चे पानी की व्यवस्था, कच्चे पानी के पंपिंग स्टेशन, कच्चे पानी की राइजिंग मेन बिछाने, मौजूदा वाटर वर्क्स संरचनाओं के अपग्रेडेशन और वितरण प्रणाली बिछाने का शिलान्यास करेंगी।

# स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में भारत की नई छलांग

पृथ्वी के भीतर मौजूद अपार ताप ऊर्जा स्वच्छ ऊर्जा का एक शक्तिशाली स्रोत है, जिसे भूतापीय ऊर्जा कहा जाता है। भारत में उपलब्ध समृद्ध भू-तापीय संसाधनों को देखते हुए, यह ऊर्जा भविष्य में चौबीसों घंटे उपलब्ध बिजली के एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसी क्षमता को साकार करने के उद्देश्य से भूतापीय ऊर्जा पर राष्ट्रीय नीति तैयार की गई है, जिसका लक्ष्य भूतापीय ऊर्जा को भारत की नवीकरणीय ऊर्जा व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाना है। यह पहल 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य की दिशा में भारत की ऊर्जा यात्रा को और गति देने की क्षमता रखती है। लद्दाख में हाल ही में पहले दो भूतापीय कुओं का संचालन शुरू होना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और भारत की भूतापीय ऊर्जा यात्रा की औपचारिक शुरूआत का संकेत है।

**सतत भारत के लिए भूतापीय ऊर्जा का दोहन**

पृथ्वी की सतह के नीचे, इसके अंदरूनी हिस्सों की तीव्र गर्मी से निकलने वाला, ऊर्जा का एक निरंतर, कम कार्बन वाला स्रोत है जिसे भूतापीय ऊर्जा कहा जाता है। उपयुक्त भूविज्ञान और विवर्तनिकी वाले स्थानों में, इस ऊर्जा का उपयोग बिजली उत्पन्न करने के लिए किया जा सकता है

# बढ़ते जलस्तर से रामेश्वर घाट पर अंतिम संस्कार प्रभावित

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी। गंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि से वाराणसी के घाटों की सीढ़ियों का संपर्क टूट गया है। बढ़ते जलस्तर के कारण कई घाटों पर जनजीवन प्रभावित होने लगा है। कभी चिताओं की आग ठंडी न होने वाले मणिकर्णिका घाट पर अब शवों का अंतिम संस्कार छतों पर किया जा रहा है।

वहीं, दूसरी तरफ वाराणसी ग्रामीण क्षेत्र का प्रसिद्ध रामेश्वर घाट भी पूरी तरह जलमग्न हो गया है। इस घाट पर आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों गांवों से शवों का अंतिम संस्कार किया जाता था। घाट के डूब जाने से ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

गंगा का जलस्तर बढ़ने से अंतिम संस्कार से जुड़े चौधरी परिवार की आजीविका भी प्रभावित हुई है। शवों को मुखाग्नि देने का कार्य करने वाले राम चौधरी ने बताया कि उनके परिवार के भरण-पोषण का मुख्य साधन अंतिम संस्कार से जुड़ा कार्य ही है। घाट पर पानी भर जाने के कारण शवों की संख्या में कमी आई है, जिससे उनकी रोजी-रोटी पर सीधा असर पड़ा है।लगातार बढ़ते जलस्तर को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में चिंता बनी हुई है।

# विधायक अजगरा ने विधानसभा बाढ़ क्षेत्र का किया तूफानी दौरा, जनता का सुनी दर्द, दिया राहत

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी।अजगरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक त्रिभुवन राम ने ग्राम डुडूवा ,नियार वनसत्ती घाट व कैथी घाट में बाढ़ का निरीक्षण किया तथा जगह-जगह जनता से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी सम्बन्धित विभाग को तत्काल राहत प्रदान का कड़ा निर्देश दिया।

वनसत्ती घाट पुल के पास कटाव को देखते हुए बैरिकेटिंग लगाने का निर्देश दिया। ग्राम कैथी घाट बाढ़ कटान का निरीक्षण कर मोटर बोट से निषाद बस्ती में महिलाओं,पुरुषों से मिलकर दुख दर्द जाना।द्वाका गौरी शंकर महादेव मन्दिर दर्शन के बाद जनता की समस्या सुनी।

बाढ़ से प्रभावित होने व तेजी से हो रहे कटान से पेयजल,जानवर के लिए भूषा व खाद्यान्न के आपूर्ति के लिए उप जिलाधिकारी सदर नितिन सिंह,बीडीओ चोलापुर राजेश सिंह,लोक निर्माण विभाग वाराणसी के चीफ इंजीनियर सुरेंद्र ,सिंचाई विभाग के ए ई राजेश यादव को तत्काल कार्यवाही का निर्देश दिया।। विधायक के साथ प्रमुख रूप से मण्डल अध्यक्ष चौबेपुर लक्षण सिंह, धनंजय यादव,आकाश कुमार, विनोद सिंह, मोहन बाबू, डी० के० सिंह तथा क्षेत्रीय ग्राम प्रधान गण व अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# गुफा में विराजमान हुए जय कन्हैया लाल, धूमधाम से मनी जन्मोत्सव

## खुशी में गाया सोहर, आतिशबाजी संग हुए विविध कार्यक्रम।

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर हरहुआ क्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। हरहुआ में आकर्षक गुफा तथा अनौरा में पहाड़,झील ,बन्दीघर का निर्माण कर उसमें बाल गोपाल श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकी सजाई गई, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

गुफा में विराजमान जय कन्हैया लाल के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। रंग-बिरंगी सजावट, आकर्षक विद्युत झालरों और भक्ति संगीत से पूरा वातावरण कृष्णमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की।

जन्माष्टमी की रात जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का समय हुआ, नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा। भक्तों ने भगवान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाते हुए आरती एवं पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने सोहर गाया तो युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की। हरहुआ ब्लाक के हर बाजारों, ग्राम पंचायतों में जन्मोत्सव की धूम रही रात में छप्पन भोग प्रसाद का वितरण और भंडारे में भोजन प्रसाद वितरण किया गया।

आयोजकों ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और उनके दिव्य स्वरूप को श्रद्धालुओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष गुफा झांकी, झील पहाड़ व बन्दीघर तैयार की गई थी। कार्यक्रम में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।भक्ति, आस्था और उल्लास से सराबोर यह आयोजन क्षेत्रवासियों के लिए यादगार बन गया। जन्मोत्सव के बाद जगह-जगह विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम ,कीर्तन ,पाठ रात भर चलता रहा। प्रसाद पाने वाले महिला व पुरुष के लिए, अलग -अलग व्यवस्था की गई थी। बच्चों ने खुब धूम चौकड़ी देर रात तक कर आपस में खुशियां बांटने का कार्य किया।

# अपराधियों पर जारी डीसीपी दीपेंद्र की कर्मठता का प्रहार, टीम इंस्पेक्टर रवीन्द्र के नेतृत्व में वर्षों से फरार दो इनामी गिरफ्तार

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

इन दोनों जालसाज शातिर ठग अपराधियों के खिलाफ विभिन्न थानों में 40 से अधिक मुकदमे भी दर्ज होने की जानकारी देते हुए घटनाओं के सटीक खुलासों के साथ ही अपनी जुझारू नौकरी के अबतक के कार्यकाल में हर तरह के अनगिनत शातिर अपराधियों माफियाओं और सफेदपोशों को सबक सिखा चुके निष्पक्ष और पारदर्शी कार्य शैली के चलते आम जनता के साथ ही मातहतों में भी लोकप्रिय तेज तर्रार और व्यवहार कुशल जुझारू तेवरों वाले कठोर परिश्रमी कानपुर दक्षिण के डीसीपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि अभियुक्तगणों के द्वारा फर्जी रोड क्रास मोर्टस के नाम से एजेन्सी बनाने के बाद फर्जी आरसी एवं डीएल बनाकर उपरोक्त एजेन्सी से गाड़ी खरीदना दिखाकर उसी के आधार पर भोले भाले लोगों फर्जी फर्म के नामपर विभिन्न प्रकार के लोन दिलाते थे, जिसके बाद बैंकर्स चेक तथा बैंक ड्राफ्ट बनवाकर बैंक से पैसे निकाल उसे मिल बांटकर हड़प लिया जाता था। डीसीपी चौधरी ने बताया कि वर्तमान में अभियुक्त संजय अग्रवाल उर्फ संजीव राज गोयल के खिलाफ कुल 24 मुकदमें और अभियुक्त राहुल के खिलाफ कुल 16 मुकदमें दर्ज है। अब पुलिस दोनों के खिलाफ दर्द अन्य मुकदमों की भी जानकारी कर रही है।

# फर्जी शैक्षणिक अभिलेख के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**




रामेश्वर वाराणसी। कपसेठी थाना पुलिस ने फर्जी शैक्षणिक अभिलेख तैयार कर धोखाधड़ी करने के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 6 मार्कशीट बरामद की हैं।

पुलिस के अनुसार थाना कपसेठी पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग के साथ ही वांछित अभियुक्तों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कपसेठी चौराहे के पास से वांछित अभियुक्त रवि मौर्य पुत्र सुख्खू मौर्य, निवासी बनकट, उम्र करीब 27 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 6 अदद मार्कशीट बरामद की गईं। जांच में सामने आया कि अभियुक्त ने अलग-अलग नाम, पिता के नाम एवं जन्मतिथि का प्रयोग कर शैक्षणिक अभिलेख तैयार कराए और उनका उपयोग किया। इस संबंध में थाना कपसेठी में अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान अभियुक्त का नाम प्रकाश में आने के बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयासरत थी।

पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि उसने पूर्व में रवि मौर्य पुत्र राजकुमार मौर्य के नाम से तथा जन्मतिथि 5 जुलाई 1999 अंकित कर हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की पढ़ाई की थी। बाद में दोबारा पढ़ाई करने के उद्देश्य से उसने अलग विवरण के आधार पर कक्षा-8 की अंकतालिका तैयार कराई, जिसमें अपना नाम रवि मौर्य, पिता का नाम सुख्खू मौर्य तथा जन्मतिथि 10 जुलाई 2004 दर्ज कराई गई।

पुलिस के अनुसार उक्त अभिलेख का प्रयोग कर अभियुक्त ने कक्षा-9 में पुनः प्रवेश लिया और बदले हुए विवरण के आधार पर आगे की शैक्षणिक परीक्षाएं उत्तीर्ण कर संबंधित अभिलेख प्राप्त किए। उसके कब्जे से बरामद 6 मार्कशीट इसी बदले हुए विवरण से संबंधित पाई गई हैं।

# विभागीय अधिकारियों को साथ लेकर चंद्रावती में जनता चौपाल में सुनी समस्या, निराकरण का आश्वासन

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। सावन के मध्य व भादों मास के प्रारम्भ में प्राकृतिक आपदाओं के दौर का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार बरसात ने आम आदमी की जिंदगी में कई विपदाओं को लेकर आई है। जिससे जन जीवन समस्याओं के झंझावात में काफी कष्टकारी हो गई है। जिसके मद्देनजर हर विधानसभा में विधायकों का दायित्व बढ़ गया है। अब तो घर कम जनता के बीच अधिक समय बिताने में देखे जा रहे हैं।

आज अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चन्द्रावती घाट पर विधायक त्रिभुवन राम ने अधिकारियों की टीम के साथ जनता से मिला और उनकी समस्या को सुना। चौपाल में शवदाह के स्थल पर टीन शेड ,पानी की टंकी न होने ,चार हाई मास्ट लाइट लगाया गया है जिसका कनेक्शन अभी तक नहीं होने, सड़क की दयनीय स्तिथि जैसे गम्भीर मुद्दे सामने आए। इसके बाद बस्ती में जाकर घर-घर महिलाओं ,बुजुर्गों व बच्चों से संवाद किया। खण्ड स्तरीय समाधान के लिए तत्काल निर्देश जारी किया। नियार में जालपा देवी माता का दर्शन भी किया।

विधायक के साथ चल रहे उपजिलाधिकारी सदर वाराणसी नितिन सिंह ,चीफ इंजीनियर लोक निर्माण विभाग वाराणसी सुरेंद्र कुमार,अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग ,स्वास्थ्य विभाग ,पुलिस बल ,ब्लाक चोलापुर एवम उनकी टीम को जनता की हर स्तरीय समस्याओं का समाधान ईमानदारी से करने के निर्देश दिया वहीं अधिकारियों को अधीनस्थ कर्मियों को समस्या के समाधान के लिए तत्काल निर्देशित करने पर जोर दिया।

चौपाल में प्रमुख रूप से लक्ष्मण सिंह,मोहन बाबू ,डी0 के0 सिंह ,शिवाजी सिंह ,मनोज मिश्र, अभिमन्यु सिंह,आकाश ,धनन्जय यादव व विनोद सिंह सहित कई ग्रामीण शामिल रहे।

# रघुबर प्रसाद मौर्य ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**समाज जागरण**




मीरजापुर / विकास खान राजगढ़ क्षेत्र के किसान इंटर कॉलेज राजगढ़ में आज रघुवर प्रसाद मौर्य ने शिक्षा की अलख जगा रहे शिक्षकों को सम्मानित किया।गुरु केवल ज्ञान नहीं देते, बल्कि जीवन जीने की सही दिशा भी दिखाते हैं। शिक्षक दिवस की पूर्व सन्ध्या पर किसान इण्टर कॉलेज, राजगढ़ में विद्यालय के शिक्षकों के सम्मान में एक भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्र, महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित एवं भारतीय जीवन बीमा निगम के कॉर्पोरेट लाइफ एडवाइजर रघुबर प्रसाद मौर्य ने अपने गुरुजनों को लेखनी लिफाफा भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर श्री मौर्य ने कहा कि गुरु वह होता है जो अपने शिष्य को अज्ञानता के अन्धकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता है। गुरु की सीख और आशीर्वाद जीवन की ऐसी पूंजी है, जिसका मूल्य कभी कम नहीं होता। उन्होंने शिक्षक शब्द की सार्थकता बताते हुए कहा कि शिक्षक शिष्य को शिखर तक पहुंचाने, उसकी कमियों को दूर करने और जीवन में क्षमा, अनुशासन एवं संस्कार की भावना विकसित करने का कार्य करता है।

श्री मौर्य ने भावुक होते हुए कहा कि मैंने इसी किसान इण्टर कॉलेज से कक्षा 6 से इण्टरमीडिएट तक की शिक्षा प्राप्त की है। मेरे जीवन में इस विद्यालय और यहां के प्रत्येक गुरुजन का स्थान अत्यन्त ऊंचा है। आज मैं जो कुछ भी हूं, उसमें मेरे माता-पिता के साथ-साथ मेरे गुरुजनों के संस्कार, मार्गदर्शन और आशीर्वाद की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने कहा कि गुरु का ऋण कभी चुकाया नहीं जा सकता। शिक्षक अपने शिष्यों को केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उन्हें अच्छे संस्कार, अनुशासन, संघर्ष करने की शक्ति और समाज के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराते हैं। एक शिक्षक स्वयं कठिनाइयों में रहकर भी अपने शिष्यों का भविष्य संवारता है। यही कारण है कि गुरु का सम्मान वास्तव में ज्ञान, संस्कार और राष्ट्र निर्माण का सम्मान है।

श्री मौर्य ने बताया कि वे प्रत्येक वर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर एक पखवाड़े तक विभिन्न विद्यालयों में जाकर शिक्षकों को सम्मानित करते हैं। इस सम्मान अभियान की शुरूआत प्रतिवर्ष किसान इण्टर कॉलेज, राजगढ़ से की जाती है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल शिक्षकों को सम्मानित करना ही नहीं, बल्कि समाज में गुरु-शिष्य की महान परम्परा, शिक्षक सम्मान और शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूकता पैदा करना है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा ही ऐसी पूंजी है, जिसे न कोई चुरा सकता है और न ही कोई छीन सकता है। धन-सम्पत्ति जीवन में घट-बढ़ सकती है, लेकिन शिक्षा जीवन के हर मोड़ पर व्यक्ति का मार्गदर्शन करती है और विपरीत परिस्थितियों में भी उसे सम्भालने का कार्य करती है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने अपने पूर्व छात्र रघुबर प्रसाद मौर्य द्वारा गुरुजनों के सम्मान की इस पहल की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। वातावरण भावुक और आत्मीय हो गया, जब श्री मौर्य ने अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु का आशीर्वाद जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि और सबसे अमूल्य सम्मान है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य चन्द्रदीप सिंह, रामबृक्ष, कमलेश कुमार, देवेन्द्र पाठक, किशोर कुमार पाठक, अरविन्द कुमार, शांति देव सिंह, अजय कुमार सिंह, रमेश चन्द्र तिवारी, खुशबू निशा, प्रियंका सागर सहित दर्जनों शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# धूम धाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।**

भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव धूमधाम से जन्माष्टमी के रूप में त्यौहार मनाया गया। भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर रामेश्वर राधा कृष्ण मंदिर के प्रांगण में श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा-अर्चना के लिए जुटी रही। इस अवसर पर राधा-कृष्ण की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई तथा भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर प्रांगण में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया।वही क्षेत्र के रामेश्वर, बरेमा, हरिहरपुर, खेवली, जंसा, चौखंडी सहित अन्य गांव में भी सभी मंदिर और घरों में भगवाना श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूम धाम से मनाया गया।

# प्राचीन शिव मंदिर से दान पेटी चोरी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी ।जंसा थाना क्षेत्र के गोसाईपुर (बेसहूपुर) गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर से गुरुवार की देर रात चोर दान पेटी चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह करीब छह बजे तब हुई जब पुजारी और श्रद्धालु




मंदिर पहुंचे। वहीं दान पेटी गायब मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया।

ग्रामीणों के अनुसार, चोर देर रात मंदिर परिसर में घुसे और दान पेटी को काटकर उसमें रखी नकदी निकाल ली। शुक्रवार सुबह करीब छह बजे मंदिर के पुजारी पंधारी पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे तो दान पेटी गायब देखकर हैरान रह गए। उन्होंने तत्काल ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। वही ढूंढने पर दान पेटी मंदिर से 100 मीटर दूर स्थित बगीचे में मिला वही पुजारी पंधारी के मुताबिक, दान पेटी में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए हजारों रुपये होने का अनुमान है।

घटना की जानकारी ग्रामीणों ने जंसा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों से पूछताछ की। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में भी जानकारी जुटाई।

# रोहनिया विधायक ने जनता दर्शन में सुनी लोगो की समस्या

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। रोहनिया विधायक डॉ. सुनील पटेल ने शुक्रवार दोपहर जनता दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम विधानसभा क्षेत्र के कनेरी मोहनसराय स्थित जनसहयोग कार्यालय पर हुआ। इसमें रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ दूसरे इलाकों से भी बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर विधायक के पास पहुंचे।जनता दर्शन में लोगों ने सड़क, बिजली, पानी, राजस्व, आवास, पेंशन और राशन कार्ड से जुड़ी कई तरह की समस्याएं बताईं। विधायक डॉ. सुनील पटेल ने सभी समस्याओं को ध्यान से सुना।उन्होंने संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात की। कई मामलों को जल्द सुलझाने के लिए जरूरी निर्देश भी दिए। विधायक ने अधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि जनसमस्याओं को सुलझाने में कोई लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का फायदा सबसे पहले मिलना चाहिए।डॉ. पटेल ने यह भी कहा कि जनता की समस्याओं का समय पर और सही तरीके से समाधान करना उनकी पहली प्राथमिकता है। इस दौरान कार्यालय में मौजूद कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने भी विधायक को अपनी कई स्थानीय दिक्कतें बताईं। विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से तालमेल बिठाकर इन समस्याओं को भी जल्द सुलझाने का भरोसा दिलाया।

# लखनऊ में खाद्य एवं रसद विभाग की समीक्षा बैठक

**समाज जागरण संवाददाता**


खाद्य एवं रसद विभाग के कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में बुधवार 3 सितंबर को बापू भवन के कक्ष संख्या जी-1/4 में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विभाग के प्रमुख सचिव/आयुक्त रणवीर प्रसाद, विशेष सचिव अतुल सिंह, अपर आयुक्त स्थापना कामता प्रसाद, अपर आयुक्त आपूर्ति सत्यदेव सिंह, अपर आयुक्त विपणन व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सप्लाई क्लर्क वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष विपिन कुमार,



प्रांतीय महामंत्री तुफैल अहमद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कुमार सूर्यवंशी समेत अन्य संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए।एसोसिएशन ने मंत्री के समक्ष चार प्रमुख मांगें रखीं। इसमें 50 प्रतिशत पदोन्नति कोटा पूर्व की भांति बहाल करने, कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक के रिक्त पद पर पदोन्नति करने, नए कनिष्ठ सहायकों में जरूरतमंद आपूर्ति लिपिकों का उनके अनुरोध पर गृह जनपद या वांछित जनपद में तबादला करने और कनिष्ठ सहायकों को प्रथम एसीपी में ग्रेड पे 2800 देने की मांग शामिल है। मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय और प्रमुख सचिव ने मांगों पर सकारात्मक विचार का भरोसा दिया

# नन्हे कान्हा

## बाबा विश्वनाथ के नगरी काशी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम देखने को मिली,इस तरफ मंदिरो में जन्माष्टमी मनाई गई तो वही अपने घरों में कान्हा जी के रूप में तैयार हुए बच्चे लोगो का मन आकर्षित किए।



प्रस्तुति रंजीत तिवारी समाज जागरण वाराणसी



# शहडोल नगरपालिका के वार्ड 39 की बदहाल सड़क: बारिश में ग्रामीणों का आवागमन बना मुसीबत

**समाज जागरण**

शहडोल। नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 39 में सड़क की बदहाली ने विकास के दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सिंहपुर NH-543 से आने-जाने वाले ग्रामीणों के लिए यह मार्ग बेहद महत्वपूर्ण है। बारिश के मौसम में जब क्षेत्र की अन्य सड़कों और नालियों के निर्माण एवं मरम्मत पर ध्यान दिया जा रहा है, वहीं वार्ड 39 की यह सड़क आज भी अपनी बदहाली की कहानी बयां कर रही है। भुईबांध स्कूल सहित आसपास का पूरा क्षेत्र इसी मार्ग से जुड़ा हुआ है। बरसात के दिनों में सड़क की स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिससे पैदल चलने वाले लोगों, स्कूली बच्चों, दोपहिया वाहन चालकों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी नगरपालिका इस महत्वपूर्ण मार्ग को एक बेहतर सड़क तक उपलब्ध नहीं करा पाई है। सवाल यह है कि जब शहर के कई हिस्सों में सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाओं के निर्माण पर लगातार काम हो रहा है, तो वार्ड 39 का यह इलाका विकास की मुख्यधारा से अब तक क्यों दूर है? यह सड़क केवल वार्ड के रहवासियों के लिए ही नहीं, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने-जाने वाले लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। ऐसे में इसकी बदहाली सीधे तौर पर आमजन की सुविधा और सुरक्षा से जुड़ा विषय है।

अब जरूरत है कि जिम्मेदार अधिकारी, जनप्रतिनिधि, वार्ड पार्षद तथा नगरपालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष इस समस्या का संज्ञान लें और मौके का निरीक्षण कर सड़क निर्माण अथवा आवश्यक मरम्मत की ठोस पहल करें।

वार्डवासियों की मांग है कि उन्हें भी शहर के अन्य क्षेत्रों की तरह बेहतर सड़क, सुरक्षित आवागमन और सम्मानजनक मूलभूत सुविधाएं मिलें। उम्मीद है कि जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी इस आवाज को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान की दिशा में कदम उठाएंगे।

# *एक ऐसा निःशक्त शिक्षक जो सेवा निवृत्त के बाद भी विद्यार्थियों से अदभुत लगाव रखता है।

**समाज जागरण**

कटनी /विगत वर्ष सितंबर 2025 में अपनी 62 वर्ष की अधिवाषीर्कीय आयु पूर्ण कर सेवा निवृत्त हुये निःशक्त शिक्षक मार्तण्ड सिँह राजपूत आज भी शिक्षा विभाग से गहरा नाता जोड़कर चल रहे हैं।शिक्षा विभाग को अपनी 42वर्षों की उत्कृष्ट सेवा देकर सेवा निवृत्त हुये सहायक शिक्षक श्री राजपूत का स्नेह और लगाव आज भी विद्यालयों में अध्ययनरत नवनिहालों के प्रति अदभुतऔर अनुकरणीय है।

सेवा -निवृत्त हो जाने के बाद भी वे जिले के विद्यालयों में पहुंचकर आये दिन बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी छोटी -बड़ी जरूरतों की भरपाई करते नजर आते हैं। अपने गृह ग्राम धनवारा से लगे आस पास के ग्रामीण विद्यालयों में जाकर ये उन



छात्रों को गिफ्ट स्वरूप अध्ययन सामग्री भेंट करते देखे गये हैं, जिन बच्चों का उक्त तिथि पर जन्मदिन रहता है। कटनी से अपने गृह ग्राम धनवारा (बड़वारा) जाते समय इन्हें जो भी विद्यालय रास्ते में मिलते हैं, ये निःसंकोच उन विद्यालयों में जाकर बच्चोंऔर शिक्षकों से संवाद स्थापित कर उनकी कठिनाइयों और शालेय गतिविधियों पर गंभीर चर्चा कर निराकरण हेतु सक्रिय भूमिका में भी देखे गये हैं।

एक भेंट के दौरान उन्होंने बताया कि लगातार लंबे समय तक विद्यालयों से जुड़ाव रहने के कारण उन्हें स्कूली बच्चों से जबरजस्त स्नेह और लगाव हो गया है। यही वजय है, कि जब तक वे दिन में एक बार किसी विद्यालय विशेष में पहुंचकर विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों से संवाद स्थापित कर जरूरतमंद गरीब बच्चों की आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर देते, तब तक उनके मन को शांति नहीं मिलती है ।

उन्होंने स्पष्ट किया कि वे अपने ग्राम के विद्यालय को गोद लेकर उस विद्यालय के सर्वांगीण विकास में अपना भरपूर योगदान की रणनीति बहुत पहले से ही बना चुके हैं। यही कारण है, कि विद्यालय की हर छोटी -बड़ी समस्यायों के निराकरण में वे सदैव तत्पर और उत्सुक नजर आते हैं। उन्होंने जिले के शिक्षकों से अनुरोध किये हैं, किअध्ययन रत बच्चों को पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी से अध्ययन-अध्यापन कराने से मन को सकून, सुख और शांति का अनुभव होता है ।इससे शिक्षक का मान- सम्मान विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के बीच सेवा से निवृत्ति होने के बाद भीअनवरत बना रहता है, ऐसा उन्होंने अपना अनुभव शेयर किये हैं ।उन्होंने बच्चों के भविष्य को सजाने और संवारने वाले शिक्षकों को कर्तव्य बोध कराते हुये दो टूक शब्दों में अगाह किये कि शिक्षकों को यदि ईश्वर की कृपा से बच्चों को सँस्कारित करने का सुअवसर मिला है, तो उसका सही सदुपयोग कर उन्हें इस काबिल बनाने का प्रयास सभी शिक्षकों को करना चाहिए,कि बच्चा जीवन में कभी भी पीछे मुड़कर देखने के बजाय आगे ही बढ़ता जावे ।ऐसा करने से शिक्षकों की छवि जीवन पर्यन्त बच्चों के दिल और दिमाक में एक आदर्श गुरूजी के रूप में स्थापित रहती है ।

# बाढ़ क्षेत्र में जाने वालों को सतर्क करना भी सामाजिक सहयोग : पवन चीनी

## लगातार बारिश से नदी-नालों का बढ़ा जलस्तर, पुल-पुलियों पर तेज बहाव के बीच सावधानी बरतने की अपील

**समाज जागरण**

अनूपपुर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के साथ नगर परिषद बरगवां-अमलाई क्षेत्र में भी विगत कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण नदी-नालों एवं अन्य जलस्त्रोतों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। कई स्थानों पर पुल-पुलियों के ऊपर से पानी बहने की स्थिति निर्मित हो रही है, जिससे राहगीरों एवं वाहन चालकों के लिए खतरा बढ़ गया है। ऐसी परिस्थितियों को देखते हुए नगर परिषद बरगवां-अमलाई के वार्ड क्रमांक 07 के पार्षद एवं समाजसेवी पवन चीनी ने क्षेत्रवासियों से विशेष सावधानी बरतने तथा एक-दूसरे को सतर्क करने की अपील की है।

पवन चीनी ने कहा कि बारिश के मौसम में नदी-नालों का जलस्तर अचानक बढ़ सकता है। कई बार पुल-पुलियों पर पानी कम दिखाई देता है, लेकिन लगातार बारिश होने पर कुछ ही समय में पानी का बहाव खतरनाक रूप ले सकता है। ऐसे में वाहन लेकर पानी पार करने का प्रयास जान जोखिम में डालने के समान है। उन्होंने लोगों से जलभराव एवं तेज बहाव वाले स्थानों से दूरी बनाए रखने तथा अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की।

**खतरे वाले स्थानों पर एक-दूसरे को करें सतर्क**

उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित अथवा संभावित खतरे वाले क्षेत्रों में जाने वाले लोगों को समय रहते सतर्क करना भी सामाजिक जिम्मेदारी है। यदि किसी व्यक्ति को जानकारी है कि आगे पुल-पुलिया के ऊपर



पानी बह रहा है अथवा मार्ग सुरक्षित नहीं है, तो वहां से गुजरने वाले लोगों को रोककर वास्तविक स्थिति से अवगत कराना चाहिए। किसी राहगीर को सुरक्षित मार्ग बताना या उसे खतरे वाले स्थान पर जाने से रोकना समाज के प्रति महत्वपूर्ण सहयोग है।

दोपहिया वाहन चालकों और बच्चों को लेकर विशेष सावधानी

पार्षद पवन चीनी ने विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों से ऐसे स्थानों पर अतिरिक्त सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि तेज बहाव के बीच वाहन निकालने का प्रयास गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है। वहीं बच्चों एवं युवाओं को नदी-नालों के किनारे जाने से रोकना अभिभावकों की जिम्मेदारी है। बढ़ते जलस्तर के दौरान नदी या नाले के किनारे खड़े होकर फोटो एवं वीडियो बनाना भी बेहद जोखिम भरा हो सकता है।

**समय पर सूचना देकर टाली जा सकती है दुर्घटना**

पवन चीनी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा अथवा अत्यधिक बारिश के समय केवल प्रशासन पर निर्भर रहने के बजाय समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। आसपास के लोगों को खतरे की जानकारी देना, जरूरतमंदों की मदद करना तथा संबंधित प्रशासन एवं पुलिस को समय पर सूचना देना भी सामाजिक सहयोग का हिस्सा है। समय पर दी गई सूचना और सतर्कता किसी बड़ी दुर्घटना को टाल सकती है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि लगातार बारिश के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें। यदि किसी मार्ग पर पुल-पुलिया के ऊपर पानी बह रहा हो तो वहां से गुजरने का जोखिम न उठाएं। प्रशासन द्वारा लगाए गए चेतावनी संकेतों एवं सुरक्षा निदेशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि सतर्कता, जागरूकता और आपसी सहयोग से ही बारिश के दौरान संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

# सगरा तालाब के सौंदर्यीकरण पर मंडराते संकट

## ट्रिपल इंजन सरकार में अफसरशाही हावी

**समाज जागरण**

उमरिया --- उमरिया जिले के नगर पालिका परिषद पाली के ऐतिहासिक सगरा तालाब के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का बहुप्रतीक्षित कार्य एक बार फिर खटाई में पड़ता नजर आ रहा है। नगर की पहचान और आस्था के केंद्र रहे इस तालाब के लिए लंबे समय से जीर्णोद्धार की मांग हो रही थी, जिसके लिए बड़ी धनराशि की आवश्यकता थी। नगर पालिका परिषद पाली की अध्यक्ष सुश्री शकुंतला प्रधान, क्षेत्रीय विधायक सुश्री मीना सिंह और क्षेत्रीय सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह के अथक और संयुक्त प्रयासों के बाद आखिरकार दो वर्ष पूर्व एसईसीएल के सीएसआर फंड से कोल इंडिया द्वारा लगभग साढ़े चार करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत कराई गई, जिससे पाली वासियों में विकास की एक नई उम्मीद जगी थी।

राशि स्वीकृत होने के बाद विधिवत निविदा प्रक्रिया पूरी की गई और कार्य का शुभारंभ भी करा दिया गया, लेकिन जिला प्रशासन की कुत्सित और उदासीन कार्यप्रणाली के कारण यह महत्वपूर्ण कार्य अपनी निर्बाध गति से चल नहीं पा रहा है। जानकार सूत्रों के अनुसार सीएसआर की यह पूरी राशि एसईसीएल द्वारा कलेक्टर कार्यालय उमरिया के खाते में जमा कर दी गई है, जबकि इस कार्य की कार्य एजेंसी नगर पालिका परिषद पाली है। नगर पालिका का दायित्व है कि वह निविदा प्राप्त ठेकेदार से निविदा के अनुरूप कार्य कराए, उसकी देखरेख और निरीक्षण करे, दस्तावेजों का संधारण करे और किए गए कार्य के अनुरूप देयक तैयार कर कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत करे। इसके बाद कलेक्टर कार्यालय का दायित्व है कि वह प्रस्तुत देयकों और दस्तावेजों का परीक्षण कराए और यदि देयक किए गए कार्य के अनुरूप पाए जाते हैं तो भुगतान कर दे, और यदि कोई भिन्नता पाई जाती है तो नियमानुसार आपत्ति लगाकर सुधार हेतु नगर पालिका को वापस कर दे। परंतु इस स्पष्ट प्रक्रिया से इतर जिला प्रशासन द्वारा एक अजीबोगरीब रवैया अपनाया जा रहा है। न तो देयकों पर आपत्ति लगाई जा रही है और न ही उनका भुगतान किया जा रहा है, बल्कि पिछले चार महीनों से सगरा तालाब के देयक कलेक्टर कार्यालय में धूल खा रहे हैं और फाइलों को लटकाकर रखा गया है। ठेकेदार द्वारा कार्य कराए जाने के बाद भी भुगतान न होने से मजदूरों की मजदूरी अटकी हुई है और पूरा निर्माण कार्य ठप होने की कगार पर पहुंच गया है।

यह स्थिति तब है जब केंद्र में, प्रदेश में और नगर पालिका में भाजपा की ही सरकार है और ट्रिपल इंजन की सरकार में विकास की रफ्तार तेज होने के दावे किए जा रहे हैं। सवाल यह उठता है कि जब जनप्रतिनिधियों के प्रयास से राशि आ गई, टेंडर हो गया और काम शुरू भी हो गया तो फिर विकास के पहिये को अफसरशाही क्यों रोक रही है।

क्या यह जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच साख की लड़ाई बन गई है या फिर निर्वाचित निकाय की अहमियत को कम आंकने की कोशिश है। कोल इंडिया जैसी महारत्न कंपनी द्वारा जनहित में दिया गया पैसा सरकारी खाते में कैद पड़ा है और इधर तालाब अतिक्रमण, गंदगी और जलकुंभी से पट रहा है। यदि देयक गलत हैं तो उन्हें वापस किया जाए और यदि सही हैं तो भुगतान किया जाए, लेकिन चार महीने तक फाइलों को मौन रखकर लटकाए रखना प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि कर्तव्य के प्रति उदासीनता है।

यह कहानी सिर्फ विकास के अवरुद्ध होने की नहीं, बल्कि फाइलों में उलझी कार्यपद्धति की है। यह बेहद चिंताजनक है कि भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन की सरकार में अफसरशाही इतनी हावी हो गई है कि शहडोल संसदीय क्षेत्र की तीन ओहदेदार महिला जनप्रतिनिधियों - सांसद, विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष के संयुक्त प्रयासों पर पानी फेरते हुए अपने मनमर्जी का राज कायम कर विकास कार्यों को पलीता लगा दिया गया है। पाली की जनता अब यही पूछ रही है कि आखिर इस ऐतिहासिक धरोहर का उद्धार कब होगा और ट्रिपल इंजन का लाभ उसे कब मिलेगा।

# निरीक्षण या महज औपचारिकता? जलभराव से जूझ रही इंदिरा नगर बस्ती, अधूरी नाली बनी मुसीबत

**समाज जागरण**

अमलाई। राजमार्ग के समीप स्थित इंदिरा नगर बस्ती में जलभराव की समस्या का जायजा लेने पहुंचे एमपी आरडीसी शहडोल के अधिकारियों का निरीक्षण अब महज औपचारिकता बनकर रह गया है। अधिकारियों ने वार्डवासियों से मुलाकात कर समस्या सुनी, लेकिन मौके पर स्थिति देखने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्ययोजना सामने नहीं आई है।

वार्डवासियों का आरोप है कि अधूरे नाली निर्माण के कारण बारिश का पानी निकल नहीं पा रहा है। जहां तक नाली का निर्माण कराया गया है, वहां भी जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से नाली पानी से लबालब भरी हुई है। इसके चलते आसपास के मकानों में सीपेज की समस्या बढ़ती जा रही है।

स्थानीय लोगों ने अधिकारियों को मौके पर समस्या से अवगत कराया और अधूरी नाली को पूरा कराने के साथ जल निकासी की व्यवस्था किए जाने की मांग की। हालांकि, वार्डवासियों के अनुसार अधिकारियों की ओर से उन्हें गोलमोल जवाब ही मिला। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

बारिश के दिनों में नाली का पानी मकानों के आसपास जमा होने से भवनों की नींव और दीवारों पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। रहवासियों का कहना है कि यदि समय रहते जल निकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं की गई और किसी मकान को नुकसान पहुंचा या वह धराशायी हुआ, तो उसकी जिम्मेदारी आखिर किसकी होगी?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब समस्या अधिकारियों के संज्ञान में आ चुकी है, तो फिर निरीक्षण के बाद ठोस कार्रवाई कब होगी? क्या अधिकारियों का मौके पर पहुंचकर स्थिति देखना ही पर्याप्त है, या जलभराव और अधूरी नाली की समस्या के स्थायी समाधान के लिए वास्तव में कोई कार्ययोजना भी बनाई जाएगी?

वार्डवासियों ने एमपीआरडीसी से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल अधूरी नाली का निर्माण पूरा कराया जाए और पानी की निकासी की स्थायी व्यवस्था की जाए, ताकि बारिश के दौरान लोगों के घरों और जान-माल को संभावित खतरे से बचाया जा सके।

# श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर आंगनबाड़ी केदो में विविध आयोजन

**समाज जागरण**

अनूपपुर ।4 सितंबर 2026 को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी जैतहरी के मार्गदर्शन में सेक्टर देवरी के अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केदो में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम हरशु लाश के साथ मनाया गया आंगनवाड़ी क्रमांक 2 मौहर टोला में भगवान श्री कृष्ण का पूजन अर्चन किया गया एवं छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा राधा कृष्ण के वेशभूषा में मनोरंजन नृत्य नाटक का प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने अपना योगदान दिया आंगनबाड़ी केंद्र में खीर पूरी लड्डू का वितरण किया गया इस अवसर पर उपसरपंच धीरेन्द्र द्विवेदी ग्रामपंचायत चकेठी उप



सरपंच,सिद्धार्थ सोनी रोजगार सहायक , राकेश सोनी भाजपा बुथ,अध्यक्ष, रामदयाल वर्मा ,शांति समिति अध्यक्ष कमला विश्वकर्मा आ. बा.कार्यकर्ता क्रमांक 01 सरोज वर्मा सहायिका ललिता सिंह आ. बा. कार्यकर्ता चकेठी क्रमांक. 02 ,लक्ष्मी बैगा सहायिका,भारती विश्वकर्मा रसोइया,विकास द्विवेदी समाजसेवी उपस्थित रहे

# हैवी ब्लास्टिंग से बकहो के वार्ड-3 में घरों में दरारें, पार्षद ने दी आंदोलन की चेतावनी

## शारदा ओपन कास्ट माइंस में विस्फोटकों के इस्तेमाल पर उठे सवाल, चार दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो अनशन और गेट बंद कराने की चेतावनी

**समाज जागरण जितेंद्र शर्मा**

बकहो/शहडोल। नगर परिषद बकहो के वार्ड क्रमांक 03 में शारदा ओपन कास्ट माइंस में हो रही कथित हैवी ब्लास्टिंग को लेकर रहवासियों की परेशानी सामने आई है। वार्ड पार्षद एवं पुनर्वास नियोजन विधि तथा सामान्य प्रशासन समिति के सभापति रामशरण चौधरी ने 3 सितंबर 2026 को शारदा ओपन कास्ट माइंस के प्रबंधक को पत्र भेजकर हैवी ब्लास्टिंग पर नियंत्रण लगाने और प्रभावित रहवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

पार्षद द्वारा दिए गए पत्र के अनुसार, शारदा ओपन कास्ट माइंस में कोयला उत्खनन का कार्य किया जा रहा है और इसके लिए आर.के. अर्थ रिसोर्स को कार्य दिए जाने का उल्लेख किया गया है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि पिछले कुछ समय से कोयला उत्खनन के लिए बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। इसके चलते वार्ड क्रमांक 03 में तेज कंपन महसूस हो रहा है।

**घरों में दरारें और क्षति का दावा**

पार्षद रामशरण चौधरी ने पत्र में दावा किया है कि ब्लास्टिंग से उत्पन्न तीव्र कंपन के कारण कई रहवासियों के मकानों में दरारें आ गई हैं तथा कुछ मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। उनका कहना है कि वषार्काल में लगातार बारिश के बीच पहले से प्रभावित मकानों के गिरने का खतरा और बढ़ गया है। पत्र में यह भी दावा किया गया है कि वार्ड में कुछ घर गिर चुके हैं और कई परिवारों के सामने बेघर होने की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

**चार दिन का अल्टीमेटम, आंदोलन की चेतावनी**

पार्षद ने शारदा ओपन कास्ट माइंस प्रबंधन से रहवासियों के जीवन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हैवी ब्लास्टिंग को बंद कराने अथवा नियंत्रित करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि यदि चार दिवस के भीतर हैवी ब्लास्टिंग के कार्य को नियंत्रित नहीं किया गया तो प्रभावित जनमानस एवं जनप्रतिनिधियों को एकजुट होकर अनशन करने तथा माइंस का गेट बंद कराने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

पार्षद ने संभावित आंदोलन की स्थिति के लिए शासन-प्रशासन और कालरी प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराने की चेतावनी भी दी है।

प्रशासनिक अधिकारियों को भी भेजी प्रतिलिपि मामले की जानकारी के लिए पत्र की प्रतिलिपि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर, तहसीलदार बुढार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद बकहो, महाप्रबंधक एसईसीएल सोहागपुर तथा थाना प्रभारी अमलाई को भेजी गई है। अब देखना होगा कि रहवासियों की शिकायत और पार्षद के पत्र पर प्रशासन तथा माइंस प्रबंधन क्या कार्रवाई करता है।

# रीवा के जवा में सड़क बनी बेटे के इलाज में बाधक, बीमार बच्चे को पोटली में बांधकर 3 किमी पैदल चले परिजन

**समाज जागरण**

रीवा। विकास के दावों के बीच रीवा के जवा जनपद से सिस्टम की लाचारी उजागर करता वीडियो सामने आया है। लगातार बारिश से मिनी बाणसागर नहर का हिस्सा सड़क में समा गया है, जिससे कोनीकलां ग्राम पंचायत के पौखरी टोला का संपर्क टूट गया है। आलम यह है कि बीमार होने पर गांव तक एंबुलेंस तक नहीं पहुंच पा रही।

**12 वर्षीय भाई गुड्डू केवट की तबीयत बिगड़ी**

पौखरी टोला निवासी मिथलेश केवट के 12 वर्षीय भाई गुड्डू केवट की तबीयत बिगड़ी तो परिजन उसे अस्पताल ले जाने के लिए परेशान हो गए। पानी और कीचड़ से भरे रास्ते के कारण वाहन गांव तक नहीं आ सका। मजबूर परिजनों ने बच्चे को कपड़े की पोटली में बांधा, कंधे पर उठाया और 2 से 3 किलोमीटर पैदल चलकर मुख्य सड़क तक पहुंचे। वहां से बाइक से उसे अस्पताल ले जाया गया।

**मरीजों, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी**

वीडियो में रास्ते की बदहाली साफ दिख रही है। ग्रामीण सुनील साहू ने बताया कि कोनीकलां पंचायत की आबादी 6-7 हजार है, लेकिन हर बारिश में कई टोले मुख्य मार्ग से कट जाते हैं। सड़क धंसने से आवागमन ठप हो जाता है, जिससे मरीजों, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है।

**समस्या एक साल की नहीं, हर मानसून की**

यह समस्या एक साल की नहीं, हर मानसून में दोहराती है।मामला सामने आने के बाद कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से नहर और सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्से की रिपोर्ट मांगी है और शीघ्र मरम्मत कर संपर्क बहाल करने को कहा है।

# जन्माष्टमी पर्व पर आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष पोषण आहार का वितरण

**समाज जागरण**

राजनगर। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्रों में 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए एवं गर्भवती धात्री माताओं के लिए विशेष पोषण आहार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन जिला कलेक्टर रत्नाकर झा के निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती संजीता भगत के मार्गदर्शन में किया गया।

सेक्टर डोला में पर्यवेक्षक सीमा सिंह के मार्गदर्शन में सेक्टर अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में जन्माष्टमी पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान स्व-सहायता समूह द्वारा बच्चों के लिए विशेष पोषण आहार के रूप में खीर एवं हलवा वितरित किया गया। वहीं परिषद की ओर से बच्चों को फल एवं लड्डू तथा समाजसेवियों द्वारा चॉकलेट, केक एवं मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान



आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण के स्वरूप में सजकर पहुंचे और सभी का मन मोह लिया। कई केंद्रों पर दही-हांडी कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में केक काटकर खुशियां मनाई गईं। कार्यक्रम में 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चे एवं गर्भवती धात्री माताएं भी उपस्थित रहीं। डोला में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र न्यू डॉलर क्रमांक 146 में पर्यवेक्षक सीमा सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर पार्षद गोविंद प्रजापति, समाजसेवी दुर्गा सिंह, रजनी गौर, सुमिता शर्मा, स्थानीय परिवार अध्यक्ष रेशम पांडे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका कुसुम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति एवं धार्मिक पर्वों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना रहा। जन्माष्टमी के अवसर पर बच्चों के चेहरों पर दिखाई दी

# घरेलू गैस के लिए जनता परेशान, होटल-रेस्टोरेंट और ठेलों पर धड़ल्ले से हो रहा सिलेंडरों का इस्तेमाल

**समाज जागरण**

रीवा/गुढ़। मऊगंज में घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर आम उपभोक्ताओं को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ता सुबह से ही एजेंसी के चक्कर काटते नजर आते हैं, वहीं दूसरी ओर शहर के कई होटल, रेस्टोरेंट, चाट-चाउमीन और अन्य खाद्य पदार्थों के ठेलों पर घरेलू गैस सिलेंडरों के इस्तेमाल की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घरेलू उपयोग के लिए मिलने वाले सिलेंडरों का व्यावसायिक गतिविधियों में खुलेआम उपयोग किया जा रहा है। इतना ही नहीं, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ लोग दूसरे उपभोक्ताओं की कॉपियां लेकर भी गैस एजेंसी पहुंचते हैं, जिससे वास्तविक उपभोक्ताओं को सिलेंडर मिलने में परेशानी होती है। कुछ स्थानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों को कथित तौर



पर ब्लैक में बेचने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि घरेलू गैस की कमी या आपूर्ति को लेकर आम उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, तो फिर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और ठेलों तक घरेलू सिलेंडर कैसे पहुंच रहे हैं? शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में जगह जगह दुकानों और खाद्य ठेलों पर घरेलू सिलेंडर दिखाई देने के बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। जानकारों के मुताबिक होटल, रेस्टोरेंट, चाट-चाउमीन तथा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए गैर-घरेलू (कमर्शियल) गैस सिलेंडर की व्यवस्था है, जो घरेलू सिलेंडर से अलग होता है। इसके बावजूद यदि दुकानदार घरेलू सिलेंडरों का इस्तेमाल कर रहे हैं तो यह जांच का विषय है। जनता का सवाल है कि आखिर घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर रोक कब लगेगी? गैस एजेंसी से लेकर संबंधित आपूर्ति विभाग और प्रशासन को शहर में घरेलू सिलेंडरों के दुरुपयोग, कथित ब्लैक बिक्री तथा व्यावसायिक उपयोग की जांच कर वास्तविक उपभोक्ताओं को राहत दिलाने की जरूरत है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार विभाग इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जांच और कार्रवाई करता है या फिर आम उपभोक्ता इसी तरह गैस सिलेंडर के लिए एजेंसी के चक्कर काटते रहेंगे।

# जैतहरी क्षेत्र में सट्टे का कारोबार जोरो पर

**समाज जागरण**

जैतहरी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जैतहरी क्षेत्र में सट्टे का कारोबार हाईटेक ढंग से जोर-जोर से चल रहा है। मोबाइल के माध्यम से ओपन क्लोज का धंधा के संचालन होने के कारण पुलिस को सटोरियों को पकड़ने में सफलता हासिल नहीं हो पा रही है। बताया जाता है कि जैतहरी के में मार्केट में किराना दुकान गला दुकान के आड़ में सट्टे का कारोबार कुछ व्यापारियों द्वारा किया जा रहा है। सट्टे के इस व्यापार में खिलाने वाले तो आबाद हो रहे हैं लेकिन खेलने वाले बर्बाद हो रहे हैं। युवा बच्चे बूढ़े सहित महिलाएं भी इस धंधे के आगोश में आ चुकी हैं। मजदूर अपनी दैनिक मजदूरी सट्टे के अंक में लगा देते हैं जिसके कारण परिवार में प्रतिदिन कलह की स्थिति भी उत्पन्न होती है।

# पुनर्वास प्रथम में समृद्धि जन कल्याण संस्थान ने किया वृक्षारोपण, जल्द शुरू होगा शिक्षा एवं महिला सिलाई प्रशिक्षण केंद्र

**समाज जागरण/सन्तोष कुमार**

बीजपुर/ सोनभद्र। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर बीजपुर के पुनर्वास प्रथम में समृद्धि जन कल्याण संस्थान के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। संस्था का उद्देश्य प्रस्तावित शिक्षा केंद्र परिसर को हरा-भरा, स्वच्छ एवं छायादार बनाना है, ताकि यहां आने वाले बच्चों को बेहतर एवं अनुकूल वातावरण मिल सके।



वृक्षारोपण कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष सिद्धार्थ गुप्ता, उपाध्यक्ष जावेद अहमद, कोषाध्यक्ष जय सिंह, महामंत्री महावीर सिंह गोंड, वरिष्ठ सलाहकार प्रकाश चंद विश्वकर्मा के साथ सोनू गुप्ता, रूपेश कुमार देवदास यादव सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान परिसर की साफ-सफाई एवं केंद्र की व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा की गई।

संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि पुनर्वास प्रथम में निःशुल्क शिक्षा केंद्र को जल्द शुरू करने की तैयारी की जा रही है। यहां जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही क्षेत्र की महिलाओं एवं युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से महिला सिलाई प्रशिक्षण केंद्र भी शुरू किया जाएगा, जहां उन्हें सिलाई-कढ़ाई सहित रोजगारपरक प्रशिक्षण देने की योजना है।

अध्यक्ष सिद्धार्थ गुप्ता ने क्षेत्रवासियों से शिक्षा एवं प्रशिक्षण केंद्र को सुचारू रूप से संचालित करने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से केंद्र में आवश्यक संसाधन जुटाकर इसे बेहतर सुविधाओं के साथ जल्द शुरू किया जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा डोडहर में भी जल्द निःशुल्क शिक्षा केंद्र का शुभारंभ किया जाएगा। संस्था का प्रयास है कि ग्रामीण एवं जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के साथ-साथ महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान किया जाए।

# शिक्षक दिवस पर काव्य संध्या का भव्य आयोजन, तीन कवयित्रियों समेत पांच लोगों को किया जाएगा सम्मानित

## - रॉबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित अधिवक्ता भवन में होगा कार्यक्रम

**समाज जागरण/**
**डॉ अरुण पांडेय "गुरुजी"**

सोनभद्र। शहीद स्थल प्रबंधन ट्रस्ट करारी, सोनभद्र के तत्वावधान में 5 सितंबर शनिवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर काव्य संध्या का आयोजन किया गया है। इस मौके पर तीन कवयित्रियों समेत पांच लोगों को सम्मानित किया जाएगा।



कार्यक्रम के आयोजक/ संयोजक प्रद्युम्न त्रिपाठी एडवोकेट ने बताया कि 5 सितंबर को शाम 5 बजे शिक्षक दिवस के अवसर पर रॉबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित अधिवक्ता भवन में काव्य संध्या का आयोजन किया गया है। इसमें तीन कवयित्रियों क्रमशः कौशल्या कुमारी चौहान, दिव्या राय व अनुपम वाणी, शिक्षक एवं कवि अरुण तिवारी के साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पत्रकार राजेश कुमार पाठक को विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि प्रमुख रूप से जिन कवियों को आमंत्रित किया गया है उसमें अशोक तिवारी एडवोकेट, राकेश शरण मिश्र एडवोकेट,दिवाकर द्विवेदी 'मेघ', सुधाकर पांडेय "स्वदेश प्रेम", प्रभात सिंह चंदेल, सुशील मिश्रा, दयानंद दयालु, मदन चौबे एडवोकेट एवं धर्मेश चौहान एडवोकेट शामिल हैं।

# रेडिया में आस्था का सैलाब, चोपन छठ घाट से जल लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

**समाज जागरण/**
**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। ग्राम सभा पटवध के रेडिया में मंदिर स्थापना को लेकर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चियां और पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। गाजे-बाजे और धार्मिक जयकारों के बीच निकली कलश यात्रा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय नजर आया। कलश यात्रा रेडिया से शुरू होकर चोपन स्थित छठ घाट पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पवित्र जल भरा और कलश लेकर वापस रेडिया के लिए रवाना हुए। रास्तेभर श्रद्धालु धार्मिक जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। महिलाओं और बच्चियों में कलश यात्रा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। बताया गया कि रेडिया में मंदिर स्थापना के दौरान राधा-कृष्ण,



भगवान महादेव, नंदी, भगवान गणेश, ब्रह्मा और भगवान विष्णु की मूर्तियों की स्थापना की जाएगी। इसी धार्मिक आयोजन के तहत पवित्र जल लाने के लिए कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह देखते ही बन रहा था। गाजे-बाजे के साथ निकली यात्रा से पूरे इलाके का माहौल भक्तिमय हो गया। बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने के कारण आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में भी उत्साह देखने को मिला। वहीं, कलश यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन भी अलर्ट रहा। यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों की मौजूदगी रही। शांतिपूर्ण तरीके से कलश यात्रा संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। रेडिया में मंदिर स्थापना को लेकर ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# लगातार बारिश से भरभरा कर गिरा मकान, परिवार बाल-बाल बचा

**समाज जागरण/ सन्तोष कुमार**

सोनभद्र। बभनी विकासखंड के करकच्छी गांव में लगातार बारिश के चलते एक मकान ढह गया। यह घटना सुबह करीब 10 बजे हुई। गनीमत रही कि हादसे के वक्त घर में कोई मौजूद नहीं था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। यह मकान छबिलाल पुत्र अशफीर्लाल का था। मकान गिरने से घर में रखा कुछ सामान खराब हो गया है। हालांकि, परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित हैं और किसी को कोई चोट नहीं आई है। घटना के बाद गांव के लोग अशफीर्लाल के घर के पास जमा हो गए। उन्होंने अशफीर्लाल को क्षेत्रीय लेखपाल को इसकी जानकारी देने



की सलाह दी। क्षेत्रीय लेखपाल संजय कनौजिया ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी और नियमों के हिसाब से कार्रवाई होगी।

बभनी क्षेत्र में लगातार बारिश के बीच मकान गिरने की घटना से चिंता का विषय है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के कारण कई कच्चे और पुराने मकान कमजोर हो गए हैं। ऐसे में प्रशासन को प्रभावित परिवारों की स्थिति का जायजा लेकर आवश्यक मदद उपलब्ध करानी चाहिए। राहत की बात यह रही कि जितने भी हादसे हुए है उस समय घर खाली होने के कारण किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

# खनन व्यवसायी की गिरफ्तारी को लेकर खोजबीन जारी, पुलिस की सक्रियता से मामला गम्भीर

**समाज जागरण/**
**अनिल कुमार अग्रहरी**

ओबरा/ सोनभद्र। स्थानीय नगर के डिग्री कालेज रोड स्थित खनन व्यवसायी इशितयाक खान के आवास पर गुरुवार को हुई पुलिसिया दबिश और ओबरा थाने के भीतर उसकी पत्नी से अधिकारियों की घंटों चली पूछताछ ने जिले के प्रशासनिक व खनन गलियारों में हलचल मचा दी है। अपर पुलिस अधीक्षक ( एएसपी) भले ही इसे "एक आवेदन की जांच" करार देकर मामले से बचने की कोशिश कर रहे हों, लेकिन धरातल की तस्वीरें और इशितयाक खान व उनकी पत्नी



आफरीना खान पर दर्ज कई संगीन मुकदमों का रिकॉर्ड एक अलग ही कहानी बयां कर रहा है। इसी मामले को लेकर पुलिस टीम द्वारा खनन व्यवसायी की पत्नी को शुक्रवार को फिर थाने ले आई और पूछताछ की।वहीं इस संबंध में एएसपी ने बताया गया कि खनन कारोबारी को किसी मामले को लेकर पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है लेकिन वह हाजिर नहीं हो रहा है जिसको लेकर छापेमारी जारी है। मामले की गंभीरता को लेकर खनन व्यावसायी के घर के बाहर पुलिस बैठा दिया गया है।

### आयकर सर्वे की जियो-मैपिंग से विजिलेंस और ED की कड़ियां

इसी वर्ष फरवरी में बिल्ली-मारकुंडी खदानों पर आयकर विभाग (IT) ने ड्रोन और जियो-मैपिंग से तीन दिनों तक तकनीकी जांच की थी।

विधिक जानकारों का मानना है कि फर्जी ई-पास, रंगदारी और अवैध खनन से अर्जित करोड़ों रुपये की काली कमाई (Proceeds of Crime) अब विजिलेंस और प्रवर्तन निदेशालय (ED) के निशाने पर है। 3 और 4 सितंबर को जन्माष्टमी जैसे त्योहार के दिन भी आवास पर पुलिस की घेराबंदी और थाने बुलाकर पूछताछ इसी बड़ी वित्तीय जांच की पूर्व-तैयारी मानी जा रही है।समाचार लिखे जाने तक खनन व्यवसायी इशितयाक खान अभी भी फरार है।एएसपी,सीओ ओबरा व थाना प्रभारी लगातार जांच में जुटे हुए है।वही खनन क्षेत्र में व्यवसायी मामले की हकीकत जानने के लिए टकटकी लगाए है।

# बारिश से टमाटर, खीरा और करेला की फसल तबाह , किसानों को लाखों का नुकसान

**समाज जागरण/ सन्तोष कुमार**

सोनभद्र। बभनी ब्लॉक के चैनपुर, पोखरा और म्योरपुर ब्लॉक के धरतीडाड क्षेत्र में लगातार हो रही तेज बारिश ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया है। खेतों में पानी भर जाने से सब्जी की लहलहाती फसलें सड़ गई हैं। इससे बड़े पैमाने पर खेती करने वाले किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। सबसे ज्यादा मार उन किसानों पर पड़ी है, जिन्होंने आधुनिक और वैज्ञानिक तरीके से सब्जी की खेती में अपनी पूंजी लगाई थी। प्रभावित किसानों में संतोष कुमार दुबे, धर्मेंद्र जायसवाल, जय कुमार सिंह, लेखंशु गुप्ता, रामा, संतोष गुप्ता, मुन्नी लाल गुप्ता और मंशाराम गुप्ता समेत कई किसान शामिल हैं। इन किसानों ने ड्रिप इरिगेशन (टपका सिंचाई) विधि का बड़े स्तर पर इस्तेमाल कर सब्जी की बंपर पैदावार का सपना देखा था। लेकिन खेतों में जलभराव के कारण उनकी पूरी मेहनत बर्बाद हो गई है। लगातार बारिश और खेतों में पानी भरने से बाजार में ज्यादा मांग वाली कई प्रमुख फसलें पूरी तरह खराब हो चुकी हैं। इनमें टमाटर, खीरा, बरबटी, लौकी और करेला की फसलें पूरी तरह गलकर नष्ट हो गई हैं। खेतों में खड़ी उड़द और तिली (तिल) की फसल को भी भारी नुकसान पहुंचा है। ड्रिप विधि से खेती के लिए किसानों ने अच्छे बीज, खाद,



महंगे उपकरण और अपनी गाढ़ी कमाई का बड़ा निवेश किया था। फसल कटाई के लिए तैयार थी, तभी कुदरत की इस मार ने सब कुछ तबाह कर दिया। अब इन किसानों के सामने परिवार के भरण-पोषण के साथ-साथ बैंक और साहूकारों का कर्ज चुकाने का भी बड़ा संकट खड़ा हो गया है। बभनी और म्योरपुर क्षेत्र के पीड़ित किसानों ने जिला प्रशासन और कृषि विभाग के बड़े अधिकारियों से मांग की है कि जल्द से जल्द गांवों में जाकर खेतों में हुए नुकसान का सर्वे कराया जाए। इससे संकट में फंसे किसानों को उचित मुआवजा मिल सकेगा और वे इस आर्थिक तंगी से बाहर निकल पाएंगे। पंचायत सहायक अधिकारी कृषि नीरज कुमार साहू ने बताया कि जिन किसानों का प्रधानमंत्री फसल बीमा हुआ है, वे अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

# घर के बाहर बंधी बकरी चोरी, बिलख रहे बकरी के बच्चे, अजय कुमार परेशान

**समाज जागरण/**
**आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के सिंदूरिया गांव में देर रात घर के बाहर बंधी काली बकरी चोरी होने का मामला सामने आया है। घर के मुखिया अजय कुमार के बाहर आने तक चोर बकरी को स्कूटी पर लादकर फरार हो गए। पीड़ित ने तत्काल बाइक से चोर का पीछा किया और चोपन बैरियर तक पहुंच गया, लेकिन पुलिस की मौजूदगी के बावजूद आरोपी सलखन की तरफ भाग निकला। चोरी की वारदात का कुछ हिस्सा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुआ है। अजय कुमार



के मुताबिक, वह बीती रात घर में सो रहे थे। इसी दौरान बाहर से कुछ आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर वह बाहर निकलने लगे तो उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति उनकी बकरी को लेकर जा रहा है। अजय ने चोर को पकड़ने के लिए उसका पीछा किया, लेकिन जब तक वह उसके पास पहुंचते, आरोपी बकरी को स्कूटी पर लाद चुका था। इसके बाद चोर तेजी से मौके से फरार हो गया। अजय ने बताया कि उन्होंने बिना देर किए बाइक से चोर का पीछा शुरू कर दिया। पीछा करते हुए वह चोपन बैरियर तक पहुंचे, जहां पुलिस की पिकेट भी लगी हुई थी। इसके बावजूद चोर स्कूटी लेकर सलखन की ओर भाग निकला। पीड़ित ने बताया कि उसने काफी दूर तक आरोपी का पीछा किया, लेकिन उसे पकड़ने में सफलता नहीं मिली। घटना के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। इसमें कुछ लोग बकरी को लेकर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज पुलिस के लिए आरोपियों की पहचान में अहम साबित हो सकती है। उसने पुलिस से फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान कर बकरी बरामद कराने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इधर, चोरी हुई बकरी के 3 बच्चे (2 बकरा, 1 बकरी) अपनी मां के इंतजार में परेशान हैं। परिजनों के अनुसार, तीनों बच्चे मां के बिछड़ने के बाद ठीक से खाना नहीं खा रहे हैं और लगातार अपनी मां को ढूंढते हुए आवाज लगा रहे हैं। बच्चों की हालत देखकर परिवार के लोग भी चिंतित हैं। पीड़ित परिवार को उम्मीद है कि पुलिस जल्द कार्रवाई कर बकरी को बरामद करेगी और तीनों बच्चों को उनकी मां मिल सकेगी।

# फेसबुक पर निवेश कर धनराशि दोगुना करने का झांसा देकर ₹15.93 लाख की साइबर ठगी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण/**
**अनिल कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के दिशा-निर्देशन में साइबर क्राइम पुलिस थाना, सोनभद्र द्वारा साइबर ठगी के प्रकरण में प्रभावी कार्रवाई करते हुए 02 अभियुक्तों को दिनांक 03.09.2026 को गिरफ्तार किया गया।

घटना का विवरण- प्रकरण में आवेदक/वादी जितेन्द्र कुमार मौर्य पुत्र रामसेवक, निवासी ग्राम करकी, थाना करमा, जनपद सोनभद्र द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था कि वर्ष 2023 में फेसबुक पर धनराशि निवेश कर दोगुना प्राप्त करने संबंधी विज्ञापन के माध्यम से उनका संपर्क हुआ। अभियुक्तों द्वारा विभिन्न माध्यमों से संपर्क कर उन्हें BetVet एप के माध्यम से धनराशि निवेश करने तथा निवेश की गई धनराशि को दोगुना वापस प्राप्त करने का प्रलोभन दिया गया। वादी द्वारा अभियुक्तों के बताए अनुसार मई 2023 से जून 2026 तक कई बार में कुल ₹15,93,000/- की धनराशि निवेश की गई। इसके उपरान्त अभियुक्तों द्वारा धनराशि वापस न कर धोखाधड़ी की गई। उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना साइबर क्राइम, सोनभद्र पर मु0 अ0सं0 20/2026, धारा 318 (4) BNS एवं 66D IT Act पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण में धारा 336(3) BNS का अपराध भी पाया गया।

पुलिस की कार्रवाई; प्रकरण के सफल अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निदेशों के क्रम में, नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) एवं क्षेत्राधिकारी साइबर के पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम पुलिस थाना, सोनभद्र



की टीम द्वारा तकनीकी एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए प्रकरण में संलिप्त 02 अभियुक्तों को दिनांक 03.09.2026 को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में प्रकाश में आए महत्वपूर्ण तथ्य; गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में बताया गया कि मिजार्पुर के कपिल देव भारद्वाज, निवासी दीक्षितपुर, थाना चुनार, जनपद मिजार्पुर, जो वर्तमान में मिजार्पुर जेल में निरुद्ध है, से अभियुक्तों की मुलाकात हुई है। अभियुक्तों द्वारा अपने बैंक खाते कपिल देव भारद्वाज को उपलब्ध कराए जाते थे। कपिल देव द्वारा ऑनलाइन गेम से संबंधित APK फाइल साइबर फ्रॉड करने वाले व्यक्तियों को उपलब्ध कराई जाती थी तथा उनसे बैंक खातों की व्यवस्था कर धनराशि का लेन-देन किया जाता था। अभियुक्तों ने बताया कि जिन साइबर फ्रॉड करने वाले व्यक्तियों को कपिल देव बैंक खाते उपलब्ध कराता था, उनसे उनकी कभी मुलाकात नहीं हुई। थाना साइबर क्राइम, सोनभद्र पर पंजीकृत मु0अ 0सं0 06/2025, जिसमें रेलवे कर्मचारी के साथ पेंशन के नाम पर साइबर फ्रॉड किया गया था, में कपिल देव भारद्वाज प्रथम लेयर का बेनिफिशियरी पाया गया था। कपिल देव को रिमांड पर लेकर पूछताछ किए जाने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया है, जिससे बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले अन्य व्यक्तियों एवं पूरे साइबर फ्रॉड सिंडिकेट का पदार्फाश किया जा सके। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता; 1. जयप्रकाश बिन्द पुत्र ओमप्रकाश बिन्द, निवासी देवरिया जगन्नाथुर, थाना चुनार, जनपद मिजार्पुर। 2. रोहित उर्फ बम्बू पुत्र कमलेश, निवासी देवरिया जगन्नाथुर, थाना चुनार, जनपद मिजार्पुर। गिरफ्तारी/ बरामदगी करने वाली पुलिस टीम; 1. प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार चौधरी, साइबर क्राइम पुलिस थाना, सोनभद्र। 2. उ0नि0 बृजेश दूबे, साइबर क्राइम पुलिस थाना, सोनभद्र। 3. का0 अखिलेश यादव, साइबर क्राइम पुलिस थाना, सोनभद्र। 4. का0 अभिषेक तिवारी, साइबर सेल, सोनभद्र। 5. का0 सुनील कुमार रावत, साइबर सेल, सोनभद्र।

# चोपन नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

## मंदिरों में गूंजे भजन-कीर्तन, देर रात तक चला धार्मिक आयोजनों का दौर, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

**समाज जागरण/**
**आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर शुक्रवार को चोपन नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा एवं उल्लास का माहौल रहा।भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर विभिन्न मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं के मंदिरों में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर रात तक जारी रहा। जन्माष्टमी के अवसर पर नगर के विभिन्न स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जगह-जगह अखंड हरिकीर्तन, सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। नगर के थाना परिसर, अग्रवाल धर्मशाला, कैलाश मंदिर, काली मंदिर, गौरीशंकर मंदिर, शीतला माता मंदिर सहित अन्य



प्रमुख धार्मिक स्थलों पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर विशेष आयोजन किए गए। मंदिरों में आकर्षक सजावट और विद्युत झालरों से की गई रोशनी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। धार्मिक स्थलों पर भक्ति गीतों एवं कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का समय नजदीक आते ही श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण की झांकी सजाई गई।श्रद्धालुओं ने बाल गोपाल का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और जन्मोत्सव के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। कई स्थानों पर बच्चों को श्रीकृष्ण के स्वरूप में सजाकर झांकियां भी प्रस्तुत की गईं। जन्माष्टमी पर्व को लेकर नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। घरों में भी श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की तथा व्रत रखकर आधी रात को भगवान के जन्म के बाद व्रत का पारण किया। वहीं, पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी गई। प्रमुख मंदिरों एवं आयोजन स्थलों के आसपास पुलिस बल की तैनाती की गई तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस कर्मियों द्वारा लगातार निगरानी की गई। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया गया। पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए विशेष सतर्कता बरती गई।

# बभनी में तेज रफ्तार वाहनों पर पुलिस ने कसा शिकंजा, 200 वाहनों के काटे चालान

**समाज जागरण/ सन्तोष कुमार**

सोनभद्र। बभनी थाना क्षेत्र में यातायात पुलिस ने तेज रफ्तार वाहनों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर खास अभियान चलाया। इस अभियान में अब तक 200 छोटे-बड़े वाहनों का चालान किया गया है। पुलिस ने यह विशेष अभियान अत्याधुनिक इंटरसेप्टर मोटरसाइकिल का इस्तेमाल करके चलाया। 26 अगस्त 2026 को



बभनी थाना क्षेत्र के राजपूत ढाबा के पास यह कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने स्पीड लेजर गन से वाहनों की गति जांची। तय गति सीमा से तेज चलने वाले कुल 200 वाहनों का चालान किया गया। ओवर स्पीड चार पहिया वाहनों पर दो हजार रुपये और बस व ट्रक पर चार हजार रुपये का चालान किया जा रहा है। इंटरसेप्टर मोटरसाइकिल में खास कैमरे लगे हैं, जो वाहनों की नंबर प्लेट स्कैन कर सकते हैं। इन्हीं कैमरों के आधार पर ई-चालान किए जा रहे हैं। इन हाई-रिजॉल्यूशन और रात में भी देखने वाले कैमरों से दूर से ही वाहनों की तस्वीरें ली जा सकती हैं। इनमें नंबर प्लेट पहचानने की तकनीक भी है, जो अपने आप गाड़ियों की नंबर प्लेट पढ़ लेती है।

बभनी पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, तय गति सीमा के भीतर वाहन चलाएं और सड़क सुरक्षा में सहयोग करें। इस अभियान में यातायात विभाग के हेड कांस्टेबल दयाशंकर सिंह और सतनाम सागर शामिल रहे।

# थाना करमा पुलिस ने POCSO एक्ट के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राजेश कुमार राय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना करमा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 171/2026 धारा 87, 64(2)(m), 74, 115(2), 352, 351(3) बीएनएस एवं धारा 5L/6 व 7/8 पॉक्सो एक्ट से संबंधित एक नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। आज दिनांक 04.09.2026 को थाना करमा पुलिस द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग एवं वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु तलाश की जा रही थी। मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा शाहगंज से बैडाढ़ जाने वाले मार्ग पर बैडाढ़ पुलिया के पास से अभियुक्त सोनू पुत्र राजकुमार, निवासी नदिहार, थाना करमा, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 24 वर्ष को समय करीब 10:45 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त थाना करमा पर पंजीकृत उपरोक्त मुकदमे में वांछित था। गिरफ्तारी के उपरांत आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# घुटनों तक गंदे पानी में डूबा पश्चिमपाली, सड़क पर नहाकर समाजसेवी ने खोली व्यवस्था की पोल

## जलजमाव से लेकर जाम, पार्किंग, शौचालय और शुद्ध पेयजल तक सवालों के घेरे में शहर की व्यवस्था

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



लगातार हो रही बारिश ने किशनगंज शहर की जलनिकासी व्यवस्था की पोल खोल दी है। पश्चिमपाली की प्रमुख सड़क पर घुटनों तक गंदा पानी जमा है। इसी जलजमाव के बीच समाजसेवी इम्तियाज नसर ने सड़क पर गंदे पानी में नहाकर विरोध जताया और व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। पश्चिमपाली ही नहीं, शहर के कई इलाकों में बारिश के बाद सड़कों पर पानी जमा होना अब आम समस्या बनती जा रही है।

ह्यक्लीन और ग्रीनह्व शहर बनाने के दावों के बीच बारिश ने व्यवस्था की जमीनी हकीकत सामने ला दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई स्थानों पर नालियां सड़क से ऊंची होने के कारण बारिश का पानी नालियों में जाने के बजाय सड़क पर ही जमा हो जाता है। हर साल जलजमाव की समस्या सामने आने के बावजूद स्थायी समाधान नहीं होने से लोगों में नाराजगी है।

**एक समस्या नहीं, कई सवालों से घिरा शहर**

शहर की परेशानी सिर्फ जलजमाव तक सीमित नहीं है। जाम, पर्याप्त पार्किंग का अभाव और सार्वजनिक यूरिनल-शौचालय की कमी भी गंभीर समस्या बनी हुई है। बड़े-बड़े शोरूम और व्यावसायिक प्रतिष्ठान तो लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से सड़क किनारे वाहन खड़े किए जाते हैं। कई जगह सड़क पर ही दुकानें लगने से जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती है।

**नल-जल योजना के बावजूद शुद्ध पानी पर सवाल**

नल-जल योजना के बावजूद शुद्ध पेयजल को लेकर भी लोगों में असंतोष है। लोगों का कहना है कि कई जगह नल तो पहुंच गए, लेकिन अपेक्षित गुणवत्ता का पानी नहीं मिल रहा है। ऐसे में योजनाओं और खर्च के बावजूद नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

**चुनावी वादों के बाद जिम्मेदारी किसकी?**

शहरवासियों का सवाल सीधा है– जब जलनिकासी, सड़क, पेयजल, पार्किंग और सार्वजनिक शौचालय जैसी सुविधाओं के लिए जिम्मेदार विभाग और संस्थाएं मौजूद हैं, तो समस्याओं का स्थायी समाधान कब होगा? चुनाव के समय विकास और बेहतर नागरिक सुविधाओं के वादे किए जाते हैं, लेकिन समस्या सामने आते ही जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डालने का सिलसिला शुरू हो जाता है।

अब लोगों को आश्वासन नहीं, जमीन पर काम चाहिए। शहरवासियों ने जलजमाव, जाम, पार्किंग, सार्वजनिक शौचालय और शुद्ध पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

# 90 दिन पुराने यातायात चालान पर 50% तक की छूट, 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




वाहन मालिकों एवं चालकों के लिए लंबित यातायात चालान के निपटारे का अवसर दिया गया है। परिवहन कार्यालय, किशनगंज तथा यातायात पुलिस की ओर से ह्लएकमुश्त यातायात चालान निपटान योजना-2026ह्व के तहत 12 सितंबर 2026 को किशनगंज व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। योजना के तहत 90 दिन या उससे अधिक पुराने चालान की राशि में 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। इसका लाभ लेने के इच्छुक वाहन मालिक एवं चालक 7 सितंबर से 11 सितंबर 2026 तक परिवहन कार्यालय, किशनगंज के प्रथम तल पर पहुंचकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। परिवहन विभाग ने संबंधित वाहन मालिकों एवं चालकों से अपील की है कि निर्धारित अवधि में पंजीकरण कराकर योजना का लाभ उठाएं और अपने लंबित यातायात चालान का निपटारा कराएं।

# बिहार के डीजीपी पहुंचे पटना के खुसरूपुर

## ऐतिहासिक बैकुंठनाथ धाम मंदिर परिसर में किया ओपी थाने का किया उद्घाटन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार के डीजीपी विनय कुमार ने शुक्रवार को खुसरूपुर के ऐतिहासिक श्री गौरीशंकर बैकुंठनाथ धाम मंदिर परिसर में नवनिर्मित ओपी (पुलिस चौकी) थाना का औपचारिक उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह से पहले डीजीपी ने मंदिर में विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक और पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।मंदिर पहुंचने पर न्यास समिति के सदस्यों और नगर अध्यक्ष मिंटू कुमार ने डीजीपी का स्वागत किया। इस दौरान न्यास समिति के सचिव राजाराम सिंह ने उन्हें अंगवस्त्र और बैकुंठनाथ धाम का स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। नवनिर्मित इस पुलिस चौकी में एक ओपी थानाध्यक्ष, एक सब-इंस्पेक्टर (SI), दो असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (ASI), 10 सिपाही और एक आधिकारिक वाहन की तैनाती की गई है। इस अवसर पर डीजीपी ने कहा कि बैकुंठनाथ धाम आस्था का एक बड़ा केंद्र है, जहाँ धार्मिक आयोजनों और मेलों के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। भीड़भाड़ का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व चोरी जैसी वारदातों को अंजाम देते हैं, जिस पर अंकुश लगाने और श्रद्धालुओं को पूर्ण सुरक्षा देने के उद्देश्य से इस पुलिस चौकी का सृजन किया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य के अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भी जरूरत के अनुसार पुलिस चौकियां स्थापित की जाएंगी। खुसरूपुर थाना के अपने भवन न होने के सवाल पर डीजीपी ने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासन जल्द से जल्द इसके लिए जमीन चिह्नित करें। भूमि मिलते ही वहां एक आधुनिक चार मंजिला थाना भवन का निर्माण कराया जाएगा, क्योंकि सरकार की प्राथमिकता है कि भविष्य में कोई भी थाना किराए के मकान में संचालित न हो। इस उद्घाटन समारोह के दौरान कई वरिष्ठ पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पटना के दानापुर में बाढ़ पीड़ितों ने बलदेव स्कूल राहत शिविर में ली शरण

## एसडीओ और डीसीएलआर ने लिया जायजा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दानापुर दियारा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण घरों में तीन से चार फीट पानी घुस जाने के बाद कई परिवारों ने मजबूरन अपने मवेशियों के साथ पलायन कर दानापुर के बलदेव उच्च विद्यालय स्थित राहत शिविर सह सामुदायिक किचन में शरण ली है। बाढ़ पीड़ित शंभू राय ने बताया कि सरकारी नाव की व्यवस्था न मिलने पर उन्हें किराए की नाव का सहारा लेना



पड़ा। वे अपने पूरे परिवार और पशुओं को नाव पर लादकर किसी तरह गंगा पार कर इस राहत शिविर में पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि बड़ा-छोटा कासिमचक, हरशामचक समेत अन्य बाढ़ प्रभावित गांवों के करीब 50 परिवार और लगभग 100 पशु इस शिविर में शरण लिए हुए हैं। पीड़ितों का कहना है कि शिविर में भोजन तो मिल रहा है, लेकिन शुरूआती दौर में पशुओं के चारे को लेकर कुछ समस्याएं थीं। स्थिति का जायजा लेने के लिए शुक्रवार सुबह एसडीओ वीरूपाक्ष विक्रम सिंह, डीसीएलआर प्रवीण चंदन और सीओ दिलीप कुमार गुप्ता ने राहत शिविर का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और जल्द समाधान का भरोसा दिया।

एसडीओ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पीड़ितों ने पशु चारे की समस्या की बात कही थी, जिसके बाद प्रखंड पशुपालन अधिकारी को तत्काल समुचित मात्रा में चारा उपलब्ध कराने के निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि शिविर में सामुदायिक किचन और शौचालय की साफ-सफाई ठीक है तथा स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मेडिकल टीम भी तैनात कर दी गई है। इस दौरान भाजपा नेता भाई सनोज यादव ने भी शिविर पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों का हालचाल जाना। वहीं, पूर्व जिला पार्षद ओम प्रकाश यादव ने जिलाधिकारी, एसडीओ और सीओ से मांग की है कि शिविर में रह रहे लोगों के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं को और बेहतर बनाया जाए। प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

# पटना के दानापुर में स्वच्छता अभियान में बड़ी लापरवाही

## बिना सुरक्षा उपकरणों के काम करने को मजबूर हैं सफाईकर्मी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के दानापुर नगर परिषद क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। नगर के 40 वार्डों को स्वच्छ रखने के लिए तैनात किए गए दैनिक सफाईकर्मी बिना किसी सुरक्षा उपकरणों के जोखिम भरे माहौल में काम करने को मजबूर हैं। सफाई आउटसोर्सिंग एजेंसी 'एडम' की बड़ी लापरवाही के कारण सफाईकर्मी नंगे पांव, बिना ग्लब्स, मास्क और अन्य सुरक्षा किट के गंदे नालों और सड़कों की सफाई कर रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नालों के कचरे में कांच के टुकड़े, सिरिंज और कई खतरनाक संक्रमण फैलाने वाली वस्तुएं होती हैं। ऐसे में सुरक्षा उपकरणों के बिना काम करना कर्मचारियों की जान जोखिम में डालने जैसा है। नगर परिषद में करीब 900 दैनिक सफाईकर्मी कार्यरत हैं, जिन्हें पिछले चार सालों से भी अधिक समय बीत जाने के बावजूद एजेंसी द्वारा सुरक्षा किट, जूते या मास्क मुहैया नहीं कराए गए हैं। आलम यह है कि कर्मी जिन कपड़ों में घर से आते हैं, उन्हीं कपड़ों और बिना सुरक्षा के गंदे नालों की सफाई कर वापस घर लौटते हैं, जिससे उनके परिवारों तक संक्रमण पहुंचने का खतरा बना रहता है।

बेली रोड संपर्क पथ और आसपास के बड़े नालों के किनारे सफाई कार्य के दौरान भी यही लापरवाही देखने को मिली, जहां तैनात कर्मचारियों के पास न तो जूते थे और न ही हाथों में दस्ताने। हैरानी की बात यह है कि नगर परिषद प्रशासन द्वारा 40 वार्डों की साफ-सफाई पर हर महीने लगभग सवा करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं, फिर भी जमीनी स्तर पर कर्मियों को मूलभूत सुविधाएं तक नसीब नहीं हो रही हैं। इस मामले को लेकर स्वच्छता पदाधिकारी अपर्णा कुमारी ने बताया कि सफाई आउटसोर्सिंग एजेंसी 'एडम' को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी कर्मियों को ड्रेस और जरूरी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराएं। साथ ही, एजेंसी की इस लापरवाही पर उससे स्पष्टीकरण भी मांगा गया है।

# पटना के पालीगंज में धूमधाम से निकाली गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पालीगंज विधानसभा क्षेत्र के दिहपाली गांव से एक भव्य और आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन के दौरान पूरा क्षेत्र भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति, उल्लास और गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कान्हा के प्रति अपनी अगाध आस्था व श्रद्धा प्रकट की। शोभायात्रा के दौरान सजाई गई भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक और आकर्षक झांकियां लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। श्रद्धालुओं ने जय श्रीकृष्ण और राधे-राधे के जयघोष के साथ पूरे वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। इस दौरान वक्ताओं ने याद दिलाया कि भगवान श्रीकृष्ण प्रेम, सत्य, धर्म और मानवता के प्रतीक हैं और उनके द्वारा दिए गए उपदेश आज भी समाज को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग एवं युवा श्रद्धालु प्रमुख रूप से मौजूद रहे। शोभायात्रा के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को अपने दैनिक जीवन में उतारने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने माना कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी केवल एक धार्मिक पर्व भर नहीं है, बल्कि यह हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति, आस्था और अटूट परंपरा का जीवंत प्रतीक है। अत्यंत उत्साह और अनुशासन के साथ निकाली गई यह शोभायात्रा क्षेत्र के लोगों के लिए एक यादगार और ऐतिहासिक अनुभव बन गई। अंत में सभी श्रद्धालुओं ने मिलकर भगवान श्रीकृष्ण से पूरे क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और चहुंमुखी खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

# पटना के दानापुर में बाढ़ के पानी के साथ गांव में घुसे जंगली सुअर

## सुअर के हमले से महिला और युवक गंभीर रूप से जख्मी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दानापुर के दियारा क्षेत्र में बाढ़ की विभीषणता के बीच अब जंगली जानवरों का आतंक भी बढ़ने लगा है। शुक्रवार की सुबह पुरानी पानापुर गांव में बाढ़ के पानी के साथ बहकर आए एक जंगली सुअर ने जमकर तांडव मचाया और घर में घुसकर हमला कर दिया, जिससे एक महिला और एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के संबंध में बताया गया कि पुरानी पानापुर गांव निवासी अजीत कुमार की पत्नी सुनीता देवी अपने घर में खाना बना रही थीं। इसी दौरान अचानक एक जंगली सुअर उनके घर में घुस आया और उनके पुत्र पर हमला कर दिया। अपने बेटे की जान बचाने के लिए जब सुनीता देवी आगे आईं, तो आक्रामक सुअर ने उन पर भी हमला बोल दिया और अपने नुकीले दांतों से काटकर उन्हें गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। इसके अलावा, सुअर ने गांव के ही एक अन्य युवक को भी काटकर घायल कर दिया। इस घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों के बीच भारी दहशत का माहौल बन गया है। बाढ़ की मार झेल रहे दियारावासी अब जंगली सुअर के इस आतंक से काफी डरे हुए हैं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए दानापुर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। वहाँ के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए दोनों को पीएमसीएच रेफर कर दिया है। इस घटना से ग्रामीणों में वन विभाग और स्थानीय प्रशासन के प्रति भी चिंता देखी जा रही है, क्योंकि बाढ़ के दिनों में जंगली जीवों के रिहायशी इलाकों में आने से बड़ा खतरा पैदा हो गया है।

# कार से 408 लीटर देशी शराब बरामद, वाहन जप्त तस्कर फरार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नबीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने माली थानांतर्गत ग्राम पड़रिया रोड में शिव मंदिर के पास से एक चार चक्का वाहन पर लदे




कुल 408 लीटर देशी शराब को जब्त किया है। वहीं पुलिस को आने की भनक लगते ही तस्कर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि वाहन को भी जब्त कर लिया गया है और मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पटना के पालीगंज में पुनपुन नदी का जलस्तर बढ़ने से कई गांवों में घुसा बाढ़ का पानी, संपर्क सड़क टूटी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज में पुनपुन नदी के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि ने अब त तटीय इलाकों में कहर बरपाना शुरू कर दिया है। नदी का बढ़ता पानी अपने दायरे को फैलाते हुए प्रखंड के कई गांवों में प्रवेश कर चुका है, जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। विशेष रूप से बउंआ, हेल्हा और रूपापुर जैसे गांवों में बाढ़ का पानी घुसने से निचले इलाकों में रहने वाले लोगों की चिंताएं काफी बढ़ गई हैं। पानी के बढ़ते दबाव और तेज बहाव के कारण दहिया पंचायत के अंतर्गत आने वाली रूपापुर-बाला बिगहा गांव को जोड़ने वाली मुख्य सड़क टूट गई है। सड़क के बीचों-बीच कट जाने से इस मार्ग पर वाहनों और पैदल यात्रियों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। अब ग्रामीणों को रोजमर्रा के कार्यों और बाजार जाने के लिए लंबे और दूसरे वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि नदी का जलस्तर जिस रफ्तार से बढ़ रहा है, यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में आसपास के अन्य गांवों में भी बाढ़ का पानी फैल सकता है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए, टूटी हुई सड़क के कारण उत्पन्न आवागमन की समस्या के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कराई जाए और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किए जाएं। इधर, पुनपुन नदी के जलस्तर में लगातार हो रहे इजाफे को लेकर स्थानीय प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क हो गया है। अधिकारी लगातार स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए हैं ताकि जलस्तर में और बढ़ोतरी होने पर प्रभावित गांवों के लोगों को समय रहते सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके और हरसंभव तत्काल सहायता मुहैया कराई जा सके।

# पटना के मनेर में कांग्रेस कार्यकताओं ने किया उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का पुतला दहन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के मनेर प्रखंड अंतर्गत ब्यापुर स्थित आर्यसमाज मंदिर के पास कांग्रेस कमेटी के बैनर तले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पुतला दहन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ब्रह्म प्रकाश यादव और मनेर प्रखंड अध्यक्ष अरुण आर्य ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान कार्यकताओं ने केंद्र और उत्तराखंड की बीजेपी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ब्रह्म प्रकाश ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बीते 8 अगस्त को दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे, जहां उन्होंने देश के गरीब, दलितों और पिछड़ों की आवाज बुलंद की थी। आरोप लगाया गया कि इसके ठीक तीन दिन बाद उसी मैदान को गंगाजल से धोकर और हवन करके उसका "शुद्धिकरण" किया गया। कांग्रेस नेताओं ने सवाल उठाया कि आखिर ऐसा क्यों किया गया? क्या राष्ट्रीय अध्यक्ष के वहां जाने से मैदान अपवित्र हो गया था? उन्होंने इसे सीधे तौर पर संविधान और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के सपनों का अपमान बताया। चौधरी ब्रह्म प्रकाश ने आगे कहा कि जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस अछूत और भेदभावपूर्ण मानसिकता के खिलाफ आवाज उठाई और दोषियों पर FIR दर्ज करने की मांग की, तो उत्तराखंड की धामी सरकार ने दोषियों पर कार्रवाई करने के बजाय राहुल गांधी पर ही एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दिया। उन्होंने इसे भाजपा-आरएसएस की मनुवादी सोच करार देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी इस तानाशाही रवैये के खिलाफ डटकर लड़ेगी। इस पुतला दहन और विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम को प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष मिथलेश यादव, कांग्रेस नेता अजय कुमार, बादल कुमार, मोहम्मद जसीम और विक्की यादव समेत कई अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए दलित और पिछड़ों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

# पटना के दानापुर में बाढ़ के पानी में नहाने के दौरान शिक्षक डूबा SDRF की टीम तलाश में जुटी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिला के दियारा क्षेत्र स्थित अकिलपुर थाना क्षेत्र के मानस गांव में कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। बाढ़ के पानी में नहाने के दौरान एक 55 वर्षीय शिक्षक गहरे पानी में डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है, हालांकि अभी तक शव बरामद नहीं किया जा सका है। मृतक की पहचान मानस गांव निवासी स्वर्गीय राम लखन सिंह के 55 वर्षीय पुत्र रवि शेखर सिंह के रूप में हुई है, जो पेशे से शिक्षक थे। परिजनों के अनुसार, शुक्रवार की सुबह रवि शेखर सिंह अपने घर के पास कमर भर बाढ़ के पानी में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में चले गए। पानी का बहाव तेज होने के कारण वे बह गए और डूब गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने अपनी तरफ से उनकी काफी खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर प्रशासन को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही अकिलपुर थाना पुलिस के साथ-साथ एसडीओ और सीओ हरकत में आए। प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गंगा नदी और आसपास के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में शव की खोजबीन के लिए SDRF (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) की टीम को मौके पर रवाना किया। समाचार लिखे जाने तक रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है, लेकिन शव का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस अप्रत्याशित हादसे से शोकाकुल परिवार और ग्रामीणों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूर्व जिला पार्षद ओम प्रकाश यादव, जिला पार्षद प्रतिनिधि सह भाजपा नेता रंजीत कुमार यादव तथा भाजपा नेता भाई सनोज यादव ने जिला प्रशासन (DM) और अनुमंडल पदाधिकारी (SDO) से आग्रह किया है कि गोताखोरों और SDRF की मदद से जल्द से जल्द शव को खोजा जाए ताकि परिजनों को ढांढस बंधाया जा सके। मामले की पुष्टि करते हुए दानापुर के अनुमंडल पदाधिकारी (SDO) वीरूपाक्ष विक्रम सिंह ने बताया कि मानस गांव में बाढ़ के पानी में नहाने के दौरान एक व्यक्ति के डूबने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही बचाव दल और रऊ्रक्रकी टीम को तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है। नदी और पानी के तेज बहाव वाले इलाकों में सघन खोजबीन अभियान चलाया जा रहा है, और जैसे ही कोई नई जानकारी मिलती है, उसे साझा किया जाएगा।

# पटना के नौबतपुर में 831 लीटर अवैध विदेशी शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के नौबतपुर थाना पुलिस ने शराब माफियाओं के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब की खेप बरामद की है। पुलिस ने गश्ती और छापेमारी के दौरान मौके से तीन अंतरजिला तस्करों को रंगे हाथ दबोचने में सफलता हासिल की है। जब्त की गई शराब की कुल मात्रा 831.48 लीटर आंकी गई है।पुलिस को शुक्रवार सुबह करीब 05:30 बजे गश्ती के दौरान गुप्त सूचना मिली कि परसा-नगवां जाने वाली सरकारी पइन के समीप, मुखिया जी के भोज भात रेस्टोरेंट के पास सड़क किनारे अवैध शराब की एक बड़ी खेप उतारी गई है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष मंजीत कुमार के नेतृत्व में पु०अ०नि० शिव कुमार राम और सशस्त्र बलों की टीम ने तुरंत बताए गए ठिकाने पर छापेमारी की। पुलिस बल को देखकर तस्करों में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन मुस्तैद जवानों ने घेराबंदी कर शराब की निगरानी कर रहे तीनों व्यक्तियों को मौके पर ही दबोच लिया। तलाशी के दौरान विभिन्न नामी ब्रांडों की कुल 831.48 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। अभियुक्त शराब से जुड़ा कोई भी वैध कागजात या संतोषजनक जवाब पेश नहीं कर सके। पकड़े गए तीनों तस्कर छपरा जिले के रहने वाले हैं, जिनकी पहचान सुनील राय पिता विशुन राय निवासी - रामपुर बिनगांवा थाना - डोरीगंज जिला - छपरा, ब्रिजेश राय पिता किशोरी राय निवासी - रामपुर बिनगांवा थाना - डोरीगंज जिला - छपरा, मृत्युंजय कुमार सिंह पिता स्व० धुरेन्द्र सिंह निवासी - नवका बड़का बैजू टोला थाना - रिविलगंज जिला - छपरा के रूप में हुआ है। नौबतपुर पुलिस ने सभी जप्त शराब को थाने के मालखाने में सुरक्षित रखवा दिया है। थानाध्यक्ष मंजीत ठाकुर ने बताया कि इस मामले में थाना कांड संख्या- 665/26 के तहत बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 30( ) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस अब इस बात का पता लगाने में जुटी है कि यह शराब की खेप कहां से लाई गई थी और इसे स्थानीय स्तर पर किन लोगों को सप्लाई किया जाना था।

# CEIR पोर्टल की मदद से तिरुलडीह पुलिस ने बरामद किए दो गुम मोबाइल, वास्तविक मालिकों को सौंपा

समाज जागरण

तिरुलडीह : गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी को लेकर तिरुलडीह थाना पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पुलिस ने CEIR (Central Equipment Identity Register) पोर्टल के माध्यम से दो गुम मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता हासिल की है। दोनों मोबाइल फोन को आवश्यक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया गया।



पुलिस के अनुसार, 04 सितंबर 2026 को CEIR पोर्टल के माध्यम से तकनीकी प्रक्रिया के तहत गुम हुए मोबाइल फोन को ट्रैक कर बरामद किया गया। मोबाइल बरामद होने की सूचना मिलने के बाद संबंधित मालिकों को थाना बुलाया गया। पहचान और मोबाइल से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन करने के पश्चात दोनों मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द कर दिए गए।

लंबे समय से गुम मोबाइल वापस मिलने पर दोनों मोबाइल मालिकों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। उन्होंने तिरुलडीह थाना पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए पुलिस टीम के प्रति आभार जताया। मोबाइल फोन आज के समय में लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ उसमें व्यक्तिगत दस्तावेज, फोटो, संपर्क नंबर और अन्य जरूरी जानकारी भी सुरक्षित रहती है। ऐसे में मोबाइल वापस मिलने से लोगों को काफी राहत मिली।

इस संबंध में तिरुलडीह थाना प्रभारी कौशल कुमार ने बताया कि गुम अथवा चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए पुलिस द्वारा CEIR पोर्टल के माध्यम से लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोबाइल गुम होने पर लोग इसकी सूचना पुलिस को देने के साथ आवश्यक प्रक्रिया पूरी करें, ताकि तकनीकी माध्यम से मोबाइल की बरामदगी का प्रयास किया जा सके। पुलिस की इस पहल से लोगों में अपने गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन के वापस मिलने की उम्मीद बढ़ी है। थाना पुलिस ने लोगों से मोबाइल फोन सुरक्षित रखने और मोबाइल गुम होने की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की है।

# पॉक्सो एक्ट के आरोपी बबलू अंसारी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

समाज जागरण

चांडिलः सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली ओपी क्षेत्र में पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 42 वर्षीय आरोपी बबलू अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से अदालत के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

कपाली ओपी प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया कि हाशमी मोहल्ला (डेमडुब्बी) निवासी बबलू अंसारी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी।



इसी क्रम में एएसआई मुन्ना राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सशस्त्र बल के जवानों के साथ छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी कीं और उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। अदालत के आदेश के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की आगे की जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

# कपाली और चौका क्षेत्र में अवैध बालू लदे दो ट्रक जब्त

समाज जागरण

चांडिलः उपायुक्त सरायकेला-खरसावां के निर्देश पर जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में




शुक्रवार, 4 सितंबर 2026 को जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में खान निरीक्षक ने कपाली एवं चौका क्षेत्र में जांच अभियान चलाया।

अभियान के दौरान अवैध बालू लदे दो आईसर ट्रकों को पकड़ा गया। दोनों वाहनों को आवश्यक कार्रवाई के लिए क्रमशः चौका थाना एवं कपाली थाना के सुपुर्द कर दिया गया है। खनन विभाग द्वारा वाहनों से संबंधित कागजात एवं बालू के परिवहन की वैधता की जांच की जा रही है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में खनिजों के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। खनन विभाग ने बताया कि अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध जांच एवं छापेमारी अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# चौका में ढाबा संचालक से हथियार के बल पर लूट, विरोध करने पर हथौड़े से किया हमला

समाज जागरण

चांडिलः चौका-कांड्रा मुख्य सड़क पर घाटदुलमी के समीप स्थित माउंट टेन व्यू ढाबा एंड रेस्टोरेंट में देर रात अपराधियों ने हथियार के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया। चार की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने पहले ढाबे में बैठकर खाना खाया और इसके बाद संचालक को निशाना बनाते हुए करीब सात हजार रुपये नकद तथा दो मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए।

बताया जाता है कि चारों युवक दो मोटरसाइकिलों से ढाबे पर पहुंचे थे। उन्होंने वहां मछली-भात का भोजन किया। खाना खाने के बाद जब भुगतान के लिए काउंटर पर पहुंचे, तभी एक युवक ने पिस्टल निकालकर ढाबा संचालक प्रकाश महतो को धमकाना शुरू कर दिया। अचानक हुई इस घटना में प्रकाश महतो ने बदमाश का हाथ पकड़ने का प्रयास किया। इसी दौरान दूसरे अपराधी ने हथौड़े से उनके सिर पर वार कर दिया। हमले के बाद अपराधियों ने काउंटर में रखे लगभग सात हजार रुपये और दो मोबाइल फोन अपने कब्जे में ले लिए।



घटना के दौरान अपराधियों की एक जिंदा गोली जमीन पर गिर गई। वारदात के बाद चारों आरोपी चौका की ओर भाग निकले। सूचना मिलने पर चौका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने मौके से जिंदा कारतूस बरामद किया है।

थाना प्रभारी गौरव कुमार के अनुसार, घटना की जांच की जा रही है। अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।

**लगातार घटनाओं से कारोबारियों में चिंता**

चौका थाना क्षेत्र में हाल के दिनों में आपराधिक घटनाओं के सामने आने से स्थानीय व्यवसायियों में चिंता बढ़ गई है। इससे पहले बानसा स्थित सरकारी शराब दुकान में लूट के प्रयास तथा उरमाल के माधुरी पेट्रोल पंप से करीब 25 हजार रुपये की लूट की घटना सामने आ चुकी है। उरमाल गांव में चोरी की घटना में इस्तेमाल एक कार भी पुलिस द्वारा जब्त की गई थी। ढाबे में हुई इस वारदात के बाद आसपास के दुकानदारों और कारोबारियों ने रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाने तथा अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

# बलरामपुर के ऐतिहासिक झूलन मेले में जुए का आरोप, खबर प्रकाशित करने पर पत्रकार को जान से मारने की धमकी

समाज जागरण

पुरुलिया जिले के बलरामपुर स्थित सराय मैदान में आयोजित ऐतिहासिक झूलन मेले में कथित तौर पर खुलेआम अवैध जुए का खेल चलने का मामला सामने आया है। आरोप है कि मेले में शाम के समय भारी भीड़ के बीच मेला कमेटी की कथित मिलीभगत से झंडी सहित जुए का खेल चल रहा था। इसकी तस्वीरें कैमरे में कैद होते ही जुए में शामिल लोग मौके से फरार हो गए।



बताया जा रहा है कि 31 अगस्त को इस अवैध जुए के कारोबार से संबंधित खबर विभिन्न माध्यमों में प्रकाशित/प्रसारित होने के बाद विवाद बढ़ गया। आरोप है कि 2 सितंबर की रात स्थानीय पत्रकार अमलेश कुमार को फोन कर मेला कमेटी के सचिव स्वपन कुमार एवं मेला कमेटी के सदस्य तथा स्थानीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पारा शिक्षक वैद्यनाथ माझी ने कथित तौर पर गाली-गलौज, साम्प्रदायिक टिप्पणी और जान से मारने की धमकी दी।

एक शिक्षक पर इस तरह के कथित व्यवहार का आरोप लगने के बाद स्थानीय लोगों और पत्रकारों में भी नाराजगी देखी जा रही है।

घटना को लेकर पत्रकार अमलेश कुमार ने पत्रकारों की सुरक्षा की मांग करते हुए बलरामपुर के पत्रकारों की मौजूदगी में बलरामपुर थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पत्रकार ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

मामले को लेकर अब पुलिस की जांच और कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

# जन्माष्टमी पर सुरक्षा को लेकर आरआईटी थाना सक्रिय, विशेष गश्त और चेकिंग अभियान

## प्रमुख अभियान और गतिविधियाँ वाहन द्वारा गश्त

अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 04 अगस्त 2026: त्योहार के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने मुख्य मार्गों



और बस्तियों में दोपहिया व चारपहिया वाहनों द्वारा विशेष गश्ती की गई।

यातायात निर्देश: चौक चौराहा और कॉलोनी के सभी मैदानों और जगह जगह अड्डेबाजी कर रहे है युवकों को चेतावनी देकर छोड़ा गया।वहीं बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने वालों को हिदायत दी गई तथा तेज गति व वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने की सलाह दी गई।

स्वच्छता और सजावट: वहीं जगह जगह मंदिरों और थाना परिसरों के साथ साथ थानों में स्थित मंदिरों की विशेष साफ-सफाई की गई तथा उन्हें रोशनी व झालरों से सजाया गया।

शांति अपील: पुलिस अधिकारियों ने आम जनता से शांतिपूर्ण, आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।

# पोटका में गूंजा 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' का जयघोष, जन्माष्टमी पर भक्तिमय हुआ माटकू पंचायत

समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)

पोटका श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को पोटका विधानसभा क्षेत्र के माटकू पंचायत में भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला। पंचायत निवासी अजय पात्रो के आवास पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन नजर आए।

कार्यक्रम में पोटका विधायक संजीव सरदार भी शामिल हुए। विधायक के पहुंचते ही आयोजन समिति एवं स्थानीय ग्रामीणों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। उनके आगमन के बाद श्रद्धालुओं में उत्साह और बढ़ गया। विधायक ने भगवान श्रीकृष्ण की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

**विधायक ने की विधिवत पूजा-अर्चना**

जन्माष्टमी समारोह में विधायक संजीव सरदार ने पूरे विधि-विधान के साथ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण से पोटका विधानसभा क्षेत्र के लोगों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की। साथ ही क्षेत्र में आपसी भाईचारा, सामाजिक सद्भाव और शांति कायम रहने की कामना की।

पूजा-अर्चना के दौरान श्रद्धालुओं ने धार्मिक जयकारे लगाए। वातावरण में भक्ति और आस्था का रंग साफ नजर आया। भगवान श्रीकृष्ण के



जन्मोत्सव को लेकर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की आराधना कर परिवार एवं क्षेत्र की मंगलकामना की।

**ग्रामीणों और श्रद्धालुओं से की आत्मीय मुलाकात**

पूजा कार्यक्रम के बाद विधायक संजीव सरदार ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों और श्रद्धालुओं से मुलाकात की। उन्होंने सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस दौरान ग्रामीणों ने भी विधायक का स्वागत करते हुए उनके साथ बातचीत की और जन्माष्टमी की खुशियां साझा कीं।

कार्यक्रम स्थल पर लगातार भजन-कीर्तन का आयोजन होता रहा। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के भजनों पर भक्तिभाव में नजर आए। जय श्रीकृष्ण के जयघोष से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उनके संदेशों को याद करते हुए धर्म, सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया।

**आस्था के साथ सामाजिक एकजुटता का संदेश**

माटकू पंचायत में आयोजित जन्माष्टमी समारोह केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने ग्रामीणों के बीच सामाजिक एकजुटता और आपसी भाईचारे का संदेश भी दिया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता से कार्यक्रम में सामुदायिक सौहार्द की झलक देखने को मिली।

ग्रामीणों ने एक-दूसरे को जन्माष्टमी की बधाई दी और भगवान श्रीकृष्ण से क्षेत्र में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहा। पूरे कार्यक्रम में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सद्भाव का वातावरण बना रहा।

स्थानीय लोगों ने कहा कि जन्माष्टमी जैसे पर्व समाज को एकजुट करने और आपसी प्रेम एवं भाईचारे को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन सत्य, धर्म, कर्म और मानवता का संदेश देता है, जिसे समाज में आत्मसात करने की जरूरत है।

माटकू पंचायत में आयोजित इस जन्माष्टमी समारोह में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी और श्रद्धालुओं की आस्था ने आयोजन को खास बना दिया। देर तक चले धार्मिक कार्यक्रम में श्रीकृष्ण के जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा माहौल कृष्णमय बना रहा।

# खान खनिज संशोधन विधेयक के खिलाफ धरना प्रदर्शन की तैयारी जोरों पर

समाज जागरण

गोड्डा मेहरमा खान खनिज संशोधन विधेयक के खिलाफ झामुमो प्रखंड इकाई के द्वारा आगामी सात सितंबर को प्रखंड कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर शुक्रवार को अमौर स्थित पंचायत भवन में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई इस दौरान केंद्र



सरकार द्वारा खान खनिज संशोधन विधेयक को राज्य के लिए काला कानून करार देते हुए इसके खिलाफ जन जागरण अभियान चलाने तथा आगामी सात सितंबर को प्रखंड कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की सफलता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि काला कानून के वापस होने तक पार्टी कार्यकर्ताओं का आंदोलन जारी रहेगा। किसी भी कीमत पर इस काला कानून को प्रदेश में लागू होने नहीं दिया जाएगा।इस अवसर पर ललन बेसरा,बल्लू सोरेन, प्रकाश हेम्ब्रम, प्रेम हांसदा,सुनील सोरेन, पंकज दास,सुमन सदा, राहुल कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# मानगो बस स्टैंड के पास हथियार के साथ दो कथित शूटर गिरफ्तार, गणेश सिंह गिरोह के सदस्य की हत्या की साजिश का पुलिस ने किया खुलासा

समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)

जमशेदपुर शहर में संभावित गैंगवार और सुपारी किलिंग की एक कथित साजिश का पुलिस ने समय रहते पर्दाफाश करने का दावा किया है। सीतारामडेरा थाना पुलिस ने मानगो बस स्टैंड के पास पाण्डेय घाट इलाके से उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर निवासी दो युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों कथित शूटर जमशेदपुर के कुख्यात अपराधी गणेश सिंह गिरोह के एक सदस्य की हत्या की नीयत से शहर पहुंचे थे।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक लोडेड देसी पिस्टल और दो जिंदा गोलियां बरामद की हैं।

पुलिस के मुताबिक, 2 सितंबर को गुप्त सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध युवक हथियार के साथ मानगो बस स्टैंड के आसपास घूम रहे हैं और किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की तैयारी में हैं। सूचना मिलते ही सीतारामडेरा थाना पुलिस ने छापेमारी दल का गठन किया। टीम जब मानगो बस स्टैंड से पहले पाण्डेय घाट के समीप पहुंची तो दो संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर शौचालय के पीछे छिपने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 38 वर्षीय प्रदीप सिंह और 24 वर्षीय अभिनय यादव, दोनों निवासी सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान प्रदीप सिंह के पास से एक लोडेड देसी पिस्टल तथा दो जिंदा गोलियां बरामद की गईं। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की।

**सुपारी लेकर हत्या करने जमशेदपुर आने का आरोप**

पुलिस के अनुसार, पूछताछ में दोनों आरोपियों ने दावा किया कि वे जमशेदपुर के रहने वाले सिंटू सिंह उर्फ अभिमन्यु सिंह और अशोक कुमार सिंह उर्फ राघव के कथित बुलावे पर सुपारी लेकर हत्या करने के लिए शहर पहुंचे थे। पुलिस का आरोप है कि दोनों कथित शूटरों को



सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के कुम्हारपाड़ा स्थित अशोक कुमार के मकान में सुनील रजक के माध्यम से ठहराया गया था।

पुलिस के मुताबिक, कथित तौर पर हत्या के लिए पिस्टल और गोलियां भी उपलब्ध कराई गई थीं। हालांकि, जिस व्यक्ति को निशाना बनाया जाना था, उसका नाम और उसकी पूरी जानकारी आरोपियों को अभी नहीं दी गई थी। दोनों कथित शूटर टारगेट की पहचान और सुपारी की रकम तय होने का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

**19 अगस्त को भी जमशेदपुर आए थे आरोपी**

जांच के दौरान पुलिस को दोनों आरोपियों के पूर्व में जमशेदपुर आने की भी जानकारी मिली। पुलिस के अनुसार, दोनों 19 अगस्त को अपने एक अन्य सहयोगी राहुल विश्वकर्मा के साथ जमशेदपुर आए थे। उस समय कथित तौर पर निखार सबलोक की हत्या की योजना बनाई गई थी।

पुलिस का कहना है कि सुपारी की रकम के एडवांस भुगतान को लेकर सिंटू सिंह के साथ विवाद हो गया था। रकम को लेकर सहमति नहीं बनने के बाद तीनों बिना किसी वारदात को अंजाम दिए उत्तर प्रदेश लौट गए थे।

**दोबारा बुलाए जाने पर पुलिस ने पकड़ा**

पुलिस के अनुसार, निखार सबलोक की कथित हत्या की योजना के बाद दोनों आरोपियों को दोबारा सिंटू सिंह और अशोक कुमार सिंह उर्फ राघव ने जमशेदपुर बुलाया। इस बार कथित तौर पर गणेश सिंह गिरोह के एक अन्य सदस्य को निशाना बनाने की तैयारी थी। दोनों आरोपी टारगेट की पहचान और सुपारी की रकम तय होने की प्रतीक्षा कर रहे थे।

इसी बीच पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई और दोनों को हथियार समेत गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का दावा है कि समय रहते हुई इस कार्रवाई से शहर में संभावित गैंगवार या हत्या की वारदात को टालने में सफलता मिली है।

**अन्य संदिग्धों की तलाश में छापेमारी**

पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

वहीं, मामले में कथित रूप से शामिल सिंटू सिंह उर्फ अभिमन्यु सिंह, अशोक कुमार सिंह उर्फ राघव, सुनील रजक और अन्य संदिग्धों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

पुलिस पूरे मामले में हथियार की आपूर्ति, कथित सुपारी की रकम, टारगेट की पहचान और इस साजिश से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। पुलिस की कार्रवाई को शहर में संभावित आपराधिक वारदात को समय रहते रोकने की दिशा में अहम सफलता माना जा रहा है।

# पटना के मसौढ़ी में करंट की चपेट में आने से पति-पत्नी की मौत, उठी एक साथ अर्थी

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के भगवानगंज थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहाँ खेत में करंट लगने से पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में 37 वर्षीय नरेंद्र भगत और उनकी 32 वर्षीय पत्नी रूबी देवी की जान चली गई। घटना के बाद से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और दोनों मासूम बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ गया है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार की दोपहर करीब तीन बजे नरेंद्र भगत अपनी पत्नी रूबी देवी के साथ गांव के किनारे स्थित अपने खेत में फूल की खेती देखने और निकौनी करने गए थे। इसी दौरान खेत के समीप लगे अर्थिंग तार की चपेट में नरेंद्र भगत आ गए। पति को गंभीर हालत में देख उन्हें बचाने के लिए रूबी देवी तुरंत आगे बढ़ीं, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गई। यह हादसा इतना भयावह था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। शाम तक दंपती के घर न लौटने पर परिजनों को चिंता सताने लगी। रात करीब आठ बजे उनके 13 और 8 साल के दोनों बेटे अन्य परिजनों के साथ माता-पिता को खोजते हुए खेत पर पहुँचे। वहां दोनों को एक-दूसरे से सटे मृत अवस्था में देखकर परिजनों के होश उड़ गए और कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही भगवानगंज थाना पुलिस मौके पर पहुँची और दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक नरेंद्र भगत के पिता का नाम नरेश भगत है। शुक्रवार को जब एक ही घर से पति-पत्नी की अर्थी एक साथ उठी, तो पूरा चैनपुर गांव गमगीन हो गया। इस दुखद घटना से मृतक दंपती के दोनों छोटे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। माता-पिता की अचानक हुई इस मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

# ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ नबीनगर की कार्रवाई, देशी और अंग्रेजी शराब बरामद

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार)ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ नबीनगर ने ट्रेन से लावारिस हालत में अंग्रेजी और देशी शराब बरामद की है। गुप्त सूचना पर निरीक्षक प्रभारी राम विलास राम के नेतृत्व में सहायक निरीक्षक शिव शंकर यादव, आरक्षी संजीव कुमार, सत्य प्रकाश एवं शैलेश कुमार शर्मा की टीम ने गाड़ी संख्या 63557 बड़का खाना वाराणसी मेमू अप की जांच की।जांच के दौरान नबीनगर रेलवे स्टेशन पर कोच संख्या ईसी-



218507 में एक ट्रॉली बैग लावारिस हालत में मिला। तलाशी में उसमें 40 अदद छबीली देशी शराब (प्रत्येक 200 ML) और 40 अदद किंगफिशर स्ट्रांग प्रीमियम बीयर बरामद हुई।आरपीएफ के अनुसार कुल 28 लीटर शराब बरामद हुई है, जिसकी कीमत लगभग 5,400 रुपये है।जब्ती सूची तैयार कर बरामद शराब को अग्रिम कार्रवाई के लिए थानाध्यक्ष, सदर उत्पाद, औरंगाबाद को सुपुर्द कर दिया गया है।

# राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर शुभकामनाएं दी

**रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**



नई दिल्ली ,4 सितंबर : भारत की राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर देश के सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दी हैं।अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा है, शिक्षक दिवस के अवसर पर, मैं देश के सभी शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। शिक्षक दिवस भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन महान लेखक और दार्शनिक थे। वे एक अतुल्य शिक्षक भी थे। मैं, इस अवसर पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।शिक्षक अपने मार्गदर्शन और सहयोग से विद्यार्थियों की प्रतिभा में निखार लाते हैं तथा उन्हें चरित्रवान भी बनाते हैं। शिक्षक का दायित्व है कि वह विद्यार्थी को एक अच्छे व्यक्ति में रूपांतरित करे। एक समर्पित और संवेदनशील शिक्षक विद्यार्थियों की विशिष्ट क्षमता की पहचान करता है, उनके लिए प्रेरणा-स्रोत बनता है और उन्हें अपने कार्यों में उत्कृष्टता हासिल करने में समर्थ बनाता है। शिक्षकों को प्रौद्योगिकी को अपनाते हुए निरंतर ज्ञान अर्जित करते रहना चाहिए तथा शिक्षण की नवीन पद्धतियों को भी अपनाना चाहिए। विद्यार्थियों में स्वतंत्र सोच को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें विद्यार्थियों में जिज्ञासा का भाव विकसित करना चाहिए।मैं सभी समर्पित शिक्षकों के योगदान के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त करती हूं। मैं कामना करती हूं कि सभी शिक्षक ऐसी प्रबुद्ध पीढ़ियों का निर्माण करें जो देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं।

# प्रधानमंत्री मोदी आज श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के शताब्दी समारोहों में होंगे शामिल

**समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब रघुनंदन पराशर**



चंडीगढ़,4 सितंबर : प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 5 सितम्बर को शाम 7 बजे श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) के शताब्दी समारोहों में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे।दिल्ली विश्वविद्यालय का श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स भारत के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों में से एक और वाणिज्य, अर्थशास्त्र तथा प्रबंधन के क्षेत्र में शिक्षा का एक प्रतिष्ठित केन्द्र है। प्रख्यात उद्योगपति और जरूरतमंदों की सहायता करने वाले सर श्री राम ने 1926 में इस कॉलेज की स्थापना की। कॉलेज ने एक शताब्दी के दौरान विद्वानों, पेशेवरों, प्रशासकों, उद्यमियों, नीति-निमार्ताओं और राष्ट्र-निमार्ताओं की अनेक पीढ़ियां तैयार की हैं।शताब्दी समारोह शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित हो रहा है, जिससे यह अवसर विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि इस दिन राष्ट्र पीढ़ियों के निर्माण और समाज की नींव को मजबूत करने में शिक्षकों और शिक्षाविदों के योगदान का सम्मान करता है।

# फिरोजपुर मंडल के ब्यास रेलवे स्टेशन पर डिजिटल लॉकर सुविधा प्रारंभ

**रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

जैतो,4 सितंबर : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा शुक्रवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि फिरोजपुर मंडल द्वारा यात्रियों को सुरक्षित, बेहतर एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज ब्यास रेलवे स्टेशन पर डिजिटल लॉकर सुविधा प्रारंभ की की गई है। डिजिटल लॉकर में यात्री




अपने बैग एवं अन्य सामान को सुरक्षित रूप से रख सकेंगे। इससे यात्रियों को अपने सामान के साथ हर समय घूमने की असुविधा से मुक्ति मिलेगी। विशेष रूप से वे यात्री जिन्हें ट्रेन की प्रतीक्षा करनी होती है या कुछ समय के लिए स्टेशन से बाहर जाना होता है। डिजिटल लॉकर सुविधा के तहत यात्री अपनी आवश्यकता के अनुसार लॉकर को निर्धारित समयावधि के लिए बुक कर सकेंगे। किराया भी समयावधि के अनुसार लिया जाएगा।

यात्री को लॉकर पैनल पर अपना मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी प्राप्त करना होगा। तत्पश्चात लॉकर को चयन कर क्यूआर कोड स्कैन कर ऑनलाइन भुगतान किया जा सकेगा। ब्यास रेलवे स्टेशन पर इस सुविधा के प्रारंभ होने से यात्रियों को आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा तथा यात्रियों के सामान की सुरक्षा सुनिश्चित होगा।

# बारिश में तिरपाल के नीचे अंतिम संस्कार, विकास के दावों की खुली पोल...

## हटा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पांजी में मुक्तिधाम बदहाल, टीन शेड तक नहीं; ग्रामीणों ने तिरपाल बांधकर किया शवदाह, तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल...

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**




दमोह/हटा। विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच हटा ब्लॉक की ग्राम पंचायत पांजी से सामने आई तस्वीरें व्यवस्था की हकीकत बयां कर रही हैं। गांव के मुक्तिधाम में बारिश से बचाव के लिए टीन शेड तक की व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्रामीणों को तिरपाल बांधकर अंतिम संस्कार करना पड़ा। मुक्तिधाम में बुनियादी सुविधाओं का अभाव ग्रामीणों की परेशानी को और बढ़ा रहा है।

बताया जा रहा है कि बारिश के दौरान शवदाह के लिए ग्रामीणों ने तिरपाल का सहारा लिया। इस पूरे घटनाक्रम की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पंचायत की व्यवस्थाओं और जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। एक ओर विकास के दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अंतिम संस्कार जैसी संवेदनशील और आवश्यक व्यवस्था के लिए भी ग्रामीणों को तिरपाल का सहारा लेना पड़ रहा है।

# गौ-सेवा और गौ-संरक्षण का लिया संकल्प, कलेक्टर ने गौशाला पहुंचकर की गौ-माता की पूजा

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**



दमोह। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं बलराम जयंती के अवसर पर जिले में गौ-सेवा एवं गौ-संरक्षण को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस अवसर पर दमोह कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने मारुताल स्थित वैष्णवी गौशाला पहुंचकर गौ-माता की पूजा-अर्चना की और उन्हें गुड़ खिलाकर गौ-सेवा का संदेश दिया। कलेक्टर ने कहा कि गौवंश की सुरक्षा और संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे गौ-संरक्षण के इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं तथा सड़कों पर विचरण करने वाले गौवंश को सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराने में प्रशासन का सहयोग करें।

**दो दिनों में करीब एक हजार गौवंश गौशालाओं में पहुंचाए**

जिले में चलाए जा रहे सड़क से गौशाला की ओर अभियान के तहत प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। अभियान के दौरान महज दो दिनों में लगभग 1,000 गौवंश को सड़कों से सुरक्षित हटाकर गौशालाओं में पहुंचाया गया। इससे जहां गौवंश को सुरक्षित आश्रय मिला, वहीं सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करने में भी मदद मिलेगी।

प्रशासन द्वारा अभियान के तहत सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर घूम रहे गौवंश को चिन्हित कर उन्हें संबंधित गौशालाओं तक पहुंचाने की कार्रवाई की जा रही है। अभियान का उद्देश्य गौवंश की सुरक्षा के साथ-साथ आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है।

**आमजन से सहयोग की अपील**

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि केवल प्रशासनिक प्रयासों से गौ-संरक्षण का लक्ष्य पूरा नहीं किया जा सकता। इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे गौवंश को सड़कों पर खुला न छोड़ें और जरूरत पड़ने पर प्रशासन एवं संबंधित गौशाला प्रबंधन को सूचना देकर सहयोग करें।

जन्माष्टमी एवं बलराम जयंती के अवसर पर आयोजित गौ-पूजन कार्यक्रम ने गौ-सेवा और संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया। प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे ह्यसड़क से गौशाला की ओरह्ल अभियान को जिले में गौ-संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# बाढ़ के बीच योगी सरकार का राहत अभियान तेज, 18,810 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया

**समाज जागरण**

लखनऊ, 04 सितंबर। उत्तर प्रदेश में बाढ़ की चुनौती के बीच योगी सरकार का राहत और बचाव अभियान लगातार तेज गति से जारी है। सरकार की सक्रियता और प्रशासन की तत्परता से बाढ़ प्रभावित लोगों तक भोजन, स्वास्थ्य सुविधाएं और जरूरी राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। उत्तर प्रदेश राहत आयुक्त कार्यालय के मुताबिक अब तक 18,810 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है, जबकि शुक्रवार को ही 4,799 लोगों का रेस्क्यू किया गया। राहत अभियान के तहत अब तक 4.02 लाख से अधिक लंच पैकेट और 79,666 बाढ़ राहत किट वितरित की जा चुकी हैं। 1,821 नाव एवं मोटरबोट रेस्क्यू कार्य में लगाई गई हैं। बाढ़ से अब तक कोई जनहानि की सूचना नहीं है।

**6 हजार से ज्यादा लोग शरणालय में रह रहे**

वर्तमान में 24 जिलों में बाढ़ का असर है। प्रशासन की ओर से संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी और राहत कार्य किया जा रहा है। अब तक 18,810 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। इसके साथ ही 1,313 बाढ़ शरणालय स्थापित किए गए हैं, जिनमें 6 हजार से ज्यादा लोग रह रहे हैं।

**4 लाख से ज्यादा लंच पैकेट किए वितरित**

बाढ़ के बीच प्रभावित परिवारों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चल रहा है। बाढ़ की शुरूआत से अब तक 4.02 लाख से अधिक लंच पैकेट और 79 हजार से अधिक बाढ़ राहत किट वितरित की जा चुकी हैं। शुक्रवार को भी 38 हजार से ज्यादा लंच पैकेट और 6 हजार से ज्यादा बाढ़ राहत किट बांटी गईं। इससे प्रभावित लोगों को संकट की स्थिति में तत्काल भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

**स्वास्थ्य सुरक्षा पर भी सरकार का विशेष फोकस**

बाढ़ के बाद जलजनित बीमारियों की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को भी सक्रिय रखा गया है। प्रदेश में अब तक 1,072 मेडिकल टीमें गठित की जा चुकी हैं। स्वच्छ पेयजल और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए 5.75 लाख से अधिक क्लोरीन टैबलेट और 2 लाख से ज्यादा ओआरएस पैकेट वितरित किए गए हैं।

**1,821 नाव-मोटरबोट से लगातार रेस्क्यू**

जलभराव और बाढ़ के कारण जहां सड़क मार्ग से पहुंचना मुश्किल है, वहां नाव और मोटरबोट के जरिए राहत एवं बचाव दल पहुंच रहे हैं। अब तक 1,821 नाव एवं मोटरबोट का प्रयोग किया जा चुका है। इससे प्रभावित गांवों में फंसे लोगों को निकालने और जरूरी राहत सामग्री पहुंचाने में महत्वपूर्ण मदद मिल रही है। अब तक बाढ़ से कोई व्यक्ति या पशुहानि दर्ज नहीं हुई है, जो रेस्क्यू ऑपरेशंस और निगरानी व्यवस्था की अहम उपलब्धि है। बाढ़ से मकान क्षतिग्रस्त होने के 485 मामलों में प्रभावित परिवारों को सहायता वितरित की जा चुकी है।

**प्रभावित 24 जिले**

अयोध्या, आजमगढ़, बदायूं, बलिया, बाराबंकी, बस्ती, चंदौली, फर्रुखाबाद, गाजीपुर, गोंडा, गोरखपुर, हरदोई, कासगंज, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, मिजार्पुर, मुरादाबाद, प्रयागराज, रायबरेली, रामपुर, संत कबीर नगर, शाहजहांपुर, उन्नाव और वाराणसी।

**सोशल मीडिया से सूचना पर पहुंची मदद, आवास का दिया भरोसा**

अयोध्या में सोशल मीडिया के माध्यम से परिवार की परेशानी की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई की। बीकापुर के खजुराहट गांव के बरगदीया मजरे में प्रभावित अर्पिता पाण्डेय के परिवार को खाद्य सामग्री, सब्जियां, तिरपाल, बर्तन, गैस सिलेंडर सहित जरूरी गृह उपयोगी सामान उपलब्ध कराया गया। विधायक डॉ. अमित चौहान भी राहत सामग्री लेकर पहुंचे। प्रशासन ने परिवार को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी प्राथमिकता से शुरू कर दी है।

**बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचे राज्यमंत्री**

रायबरेली में उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर राहत सामग्री वितरित की। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रदेश सरकार प्रत्येक प्रभावित परिवार के साथ पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता से खड़ी है। उन्होंने अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी तरह की शिथिलता न बरतने और प्रत्येक जरूरतमंद परिवार तक समयबद्ध तरीके से राहत व सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए।

# गोरक्षपीठ में सीएम योगी ने मनाया गोपाल का प्राकट्योत्सव

- मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर के गर्भगृह में विधि विधान से की पूजा-अर्चना, प्राकट्य के बाद प्रभु श्रीकृष्ण के लड्डू गोपाल स्वरूप को पालने में झुलाया
- महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में बाल गोपाल को दुलारकर भजनों का भी आनंद उठाया गोरक्षपीठाधीश्वर ने
- श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मथुरा से लेकर गोरखपुर तक, योगेश्वर की साधना में रमे रहे गोरक्षपीठाधीश्वर

**समाज जागरण**



गोरखपुर, 4 सितंबर। भक्ति, प्रेम व धर्म के शाश्वत आलोक, गोपाल, जगतपाल, पूर्ण परब्रह्म, भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्योत्सव का पवित्र पर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शिवावतार महायोगी गोरखनाथ की साधनास्थली गोरखनाथ मंदिर में पारंपरिक श्रद्धा, भव्यता एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। गोरक्षपीठ के इस पारंपरिक कार्यक्रम का नेतृत्व करने के लिए गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार रात लखनऊ से गोरखपुर पहुंचे।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार सुबह से मध्य रात्रि तक, मथुरा से लेकर लखनऊ और गोरखपुर तक, समस्त योगियों के परमेश्वर माने जाने वाले योगेश्वर श्रीकृष्ण की साधना में रमे रहे। सुबह उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा स्थित जन्मभूमि मंदिर में कान्हा की विधि विधान से आराधना कर प्रदेशवासियों के सुखमय जीवन की प्रार्थना की। शाम को वह लखनऊ पुलिस लाइन में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह में सम्मिलित हुए और फिर रात में गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर उन्होंने पारंपरिक श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह में प्रभु के प्राकट्य अनुष्ठान को पूर्ण कराया। गोरखनाथ मंदिर पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने सबसे पहले शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन किया। इसके बाद उन्होंने अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेक पुष्पार्चन किया, उनका आशीर्वाद लिया। गोरखनाथ मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में भजन संध्या का आयोजन किया गया था। मुख्यमंत्री यहां पहुंचे और सुमधुर भजनों का आनंद उठाते हुए राधा-कृष्ण बने बच्चों को दुलारकर उन्हें उपहार देते रहे।

गोरक्षपीठाधीश्वर ने मध्य रात्रि गोरखनाथ मंदिर के गर्भगृह में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर विधि विधान से विशिष्ट पूजा अर्चना की। रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य के बाद 'नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की' और श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी, हे नाथ नारायण वासुदेव की मंगल धुन, सोहर गीत और घंटों-घड़ियाल की ध्वनि के बीच गोरक्षपीठाधीश्वर उन्हें गोद में लेकर गर्भगृह से बाहर आए। सीएम योगी ने, प्रभु श्रीहरि के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल को फूलों से सजे पालने में बैठाकर श्रद्धाभाव से उन्हें झुलाया और आरती उतारी। प्रभु श्रीकृष्ण का प्राकट्य अनुष्ठान पूर्ण होने के उपरांत मंदिर की तरफ से श्रद्धालुओं को फलाहार और प्रसाद वितरित किया गया।

गोरखनाथ मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव परंपरागत रूप से धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में भजन संध्या कार्यक्रम सुपरिचित लोक गायक डॉ. राकेश श्रीवास्तव के संयोजन में शाम से ही जारी था। दूसरी तरफ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का मुख्य धार्मिक अनुष्ठान मंदिर के गर्भगृह में रात करीब साढ़े ग्यारह बजे से प्रारंभ हुआ और ठीक मध्य रात्रि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोपरांत मंगल गीत व प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, कई साधु-संत और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मध्य रात्रि तक मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा।

**राधा-कृष्ण बने बच्चों को मिला सीएम योगी का स्नेह व उपहार**

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में भजन कीर्तन के मध्य श्रीकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में राधा व कृष्ण बने बच्चों को खूब स्नेह दिया। उनसे खूब हंसी ठिठोली भी की। उन्हें खिलौने व चॉकलेट उपहार में दिए। इस दौरान कई मासूमों को अपनी गोद में लेकर वह काफी देर तक खिलाते रहे, प्यार-दुलार करते रहे। कुछ बच्चों ने सीएम योगी को दोहे और श्लोक सुनाए तो कुछ ने उनके साथ सेल्फी ली। मुख्यमंत्री सभी बच्चों का अनुरोध पूरा करते रहे।

**बालरूप सज्जा नयनाभिराम**

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर गोरखनाथ मंदिर के ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित श्रीकृष्ण बालरूप सज्जा प्रतियोगिता में सजधज कर आए बच्चों ने लोगों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में कोई श्रीकृष्ण के रूप में था तो कोई राधा। इन बच्चों के वेश और रूप से सभागार एकबारगी गोकुल का भान करा रहा था। दो वर्गों में हुई इस प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चे कार्यक्रम का आकर्षण बढ़ा रहे थे। बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता के कान्हा वर्ग में प्रथम पुरस्कार शर्विल पांडेय को, द्वितीय पुरस्कार सौम्या प्रजापति और तृतीय पुरस्कार हिमांशी श्रीवास्तव को दिया गया। गोपाल वर्ग में प्रथम पुरस्कार सार्थक, द्वितीय राजवीर और तृतीय पुरस्कार रूद्र को मिला। श्रीकृष्ण रूप सज्जा में विजेताओं को मुख्यमंत्री ने प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर पुरस्कृत किया। निर्णायक की भूमिका सारिका राय, मनीषा सिंह और हृदया त्रिपाठी ने निभाई जबकि संचालन शिवेंद्र पांडेय ने किया।

**भजनों में गूंजा जय कान्हा-श्याम**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में, डॉ. राकेश श्रीवास्तव के संयोजन में आयोजित भजन संध्या में कान्हा-श्याम की आराधना की गूंज रही। शुभारंभ पुनीत श्रीवास्तव ने एक सुमधुर भक्ति गीत से किया। इसके पश्चात हृदया त्रिपाठी व अनीता सिंह ने सोहर और लक्ष्मी गुप्ता ने बधाई गीत की कर्णप्रिय प्रस्तुति दी। गायक उमेश मिश्रा और एकता शुक्ला ने कृष्ण भजन सुनाकर सबको भाव विभोर कर दिया। डॉ. राकेश श्रीवास्तव ने पारंपरिक बधाई गीत एवं सोहर के गायन से वातावरण को उल्लासमय बना दिया। वाद्य यंत्रों पर श्यामसुंदर लाल श्रीवास्तव हंसलोना, दीपक, आभास पाठक एवं सुधाकर सिन्हा ने संगत की।

**गर्भगृह में हनुमत संगीत आश्रम ने सजाई भजन संध्या**

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पावन अवसर पर गोरखनाथ मंदिर के गर्भगृह में हनुमत संगीत आश्रम एवं सेवा संस्थान की तरफ से रात आठ बजे से बारह बजे तक भजनों की प्रस्तुति की गई। जन्मोत्सव से पूर्व, गर्भगृह में भजनों का श्रवण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी किया। कार्यक्रम की शुरूआत गायक और संगीतकार अभिषेक पांडेय बिट्टू के भजनों से हुई। तत्पश्चात सिद्धि सिंह, निशांत शुक्ला, श्रेयांश तेजस्वी, ओम सिंह, हृदयांश श्रीवास्तव, अपूर्व नमन, आकांक्षा त्रिपाठी, प्रीति अग्रहरि और अलका जायसवाल ने अपने भजनों की प्रस्तुति से लोगों को खूब झुमाया। कार्यक्रम का संयोजन धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव एवं संगीत निर्देशन अभिषेक पांडेय बिट्टू का था। वाद्य यंत्र पर अजीत राज, शैलेश दुबे व रुद्राक्ष शुक्ला ने संगत की।

# आक्रांता मंदिर तोड़ सकता है, हमारी आस्था नहीं: सीएम योगी

- लखनऊ पुलिस लाइन में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आयोजन में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
- अंधकार में जन्म लेकर श्रीकृष्ण ने जीवन भर समाज को दिखाया प्रकाश का मार्ग- मुख्यमंत्री
- सीएम ने कहा- आक्रांताओं ने मूर्तियां तोड़ीं, मंदिरों के ऊपर इमारतें खड़ी कीं, लेकिन हमारे मन में बसे श्रीराम-श्रीकृष्ण को नहीं छू पाए
- अयोध्या में राम मंदिर और काशी विश्वनाथ धाम के भव्य स्वरूप ने दिखाई आस्था की अजेय शक्ति

**समाज जागरण**

लखनऊ, 4 सितंबर। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आक्रांता मंदिर तोड़ सकता है, लेकिन आस्था नहीं। वे मूर्तियां तोड़ सकते हैं, मंदिरों के ऊपर अपनी इमारत खड़ी कर सकते हैं, लेकिन वे हमारे मन में बसे श्रीराम-श्रीकृष्ण को कभी छू नहीं पाए। सोमनाथ मंदिर बार-बार टूटा, लेकिन भारत ने उसे बार-बार बनाया। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भगवान राम का मंदिर बार-बार टूटा, लेकिन आज यह अपनी अजेय पताका के साथ खड़ा है। काशी में बाबा विश्वनाथ का मंदिर भी बार-बार टूटा, लेकिन पहले लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर और आधुनिक भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने काशी विश्वनाथ धाम के रूप में इसे भव्य स्वरूप दिया।

पुलिस लाइन लखनऊ में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने भारत को मिटाने और उसकी आस्था को नष्ट करने का प्रयास किया, वे स्वयं इतिहास के पन्नों में मिट गए। आज कोई उन्हें पूछने वाला नहीं। इसके विपरीत भारत आज भी जाग्रत है और अपनी शाश्वत यात्रा को लेकर आगे बढ़ रहा है। आज का यह आयोजन हम सभी को योगेश्वर श्रीकृष्ण के उस शाश्वत संदेश के साथ जोड़ता है, जो पिछले 5000 वर्षों से अधिक समय से सम और विषम परिस्थितियों में इस समाज का मार्गदर्शन कर रहा है।

सीएम ने कहा कि श्रीकृष्ण का जन्म जेल की काल कोठरी में होता है। जन्म अंधकार में होता है, लेकिन जीवन भर श्रीकृष्ण ने उन परिस्थितियों को परास्त करते हुए समाज को प्रकाश का मार्ग दिखाया। धर्म, सत्य और न्याय की स्थापना के लिए प्रभु का अवतरण हुआ। यह धर्म कुछ और नहीं, बल्कि वही कर्तव्य है, जिसका पालन करते हुए श्रीकृष्ण को हमने कंस के विरुद्ध और महाभारत के युद्ध में भी देखा है। जीवन में जब भ्रम हो, संशय हो, तब कर्म की प्रेरणा प्रदान करने वाला श्रीकृष्ण का संदेश हम सभी को श्रीमद्भगवद्गीता के माध्यम से प्राप्त होता है, हर सनातनी और हर भारतवासी बड़ी श्रद्धा के साथ उनका स्मरण करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सौभाग्य रहा कि मैं कल से आज दोपहर तक वृंदावन और मथुरा में ही था। वहां लाखों की संख्या में उमड़ा जनसैलाब था। लोगों को न बरसात की चिंता थी, न गर्मी की, न सुविधा की और न ही किसी प्रकार का कोई संकोच। सभी के मन में एक ही भाव और एक ही भंगिमा थी कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि में दर्शन करना है। मथुरा, वृंदावन, बरसाना, गोकुल, गोवर्धन, बलदेव और नंदगांव, इन सभी क्षेत्रों में आज भी श्रीकृष्ण की वे स्मृतियां लोगों के मन में बसी हुई हैं। वहां लोग अनावश्यक रूप से पहाड़ों का खनन नहीं करते, पेड़ों की टहनियां नहीं तोड़ते और प्रकृति को नुकसान नहीं पहुंचाते।

सीएम ने कहा कि इंद्र अपनी पूजा कराना चाहते थे। श्रीकृष्ण ने कहा कि नहीं, जो हमारे अन्नदाता किसानों को और हमारे पशुपालकों को संरक्षण देता है, हमें उसकी पूजा करनी चाहिए। इसीलिए आज भी हम लोग पिछले 5000 वर्षों से गोवर्धन की पूजा कर रहे हैं। श्रद्धालु गोवर्धन की परिक्रमा करते हैं और लाखों की संख्या में वहां पहुंचते हैं। यह भाव हमें दिखाता है कि आक्रांता मंदिर तोड़ सकता है, लेकिन हमारी आस्था नहीं।

**प्रतिस्पर्धा सकारात्मक होनी चाहिए**

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीकृष्ण का संदेश हम सबके लिए एक ही है कि कर्म क्षेत्र में अपने आप को पहचानो। आज प्रत्येक क्षेत्र में एक नई प्रतिस्पर्धा है। एक नए भाव के साथ पूरा देश आगे बढ़ने के लिए उत्सुक दिखाई देता है, लेकिन यह प्रतिस्पर्धा सकारात्मक होनी चाहिए। जिन लोगों ने आस्था को नष्ट करने का प्रयास किया था, उनका भाव नकारात्मक था, इसलिए वे स्वयं नष्ट हो गए। जिन लोगों ने भारत के भाव और भंगिमा को नष्ट करने का प्रयास किया था, वे इतिहास में नाम शेष हो गए।

**हर व्यक्ति अपने कर्तव्यों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यात्रा केवल सरकार को नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतवासियों को मिलकर तय करनी है। विकसित भारत की संकल्पना तब पूरी होगी, जब सकारात्मक भाव के साथ हर व्यक्ति अपने-अपने कर्तव्यों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करे। हर व्यक्ति कर्म क्षेत्र में श्रेष्ठ करने की दिशा में अग्रसर होगा तो निश्चित रूप से भारत विकसित भारत होगा और उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश होगा।

कार्यक्रम में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, ऊर्जा राज्य मंत्री कैलाश राजपूत, पूर्व डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा, पूर्व मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, जय देवी, अमरेश कुमार और ओपी श्रीवास्तव, मुख्य सचिव एसपी गोयल, पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण, अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद समेत गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

# किन फलों को छीलकर खाएं और किन्हें बिना छिलकों के

**फल खाते और काटते वक्त कई बार समझ नहीं आता कि छिलका हटाकर फल को खाएं या इसे छिलका के साथ ही खा लें. आजकल मिलावट और कैमिकल्स की वजह से ज्यादातर लोग फलों के छिलके हटाकर खाते हैं. जानिए किन फलों को छिलकों के साथ और बिना छिलकों के खाया जा सकता है.**



फलों के बिना हमारा भोजन संपूर्ण नहीं है. दालों और अनाज के साथ-साथ फलों को डाइट में शामिल करना बेहद जरूरी है. बता दें कि फलों में तमाम विटामिन, मिनरल और फाइबर समेत पोषक तत्व होते है. ये सारे तत्व हमारे हमारे शरीर के विकास के लिए जरूरी हैं. लेकिन फल को खाते समय समझ नहीं आता कि किसके छिलके उतारकर खाएं और किसके नहीं. मिलावट और केमिकल के चलते लोग फलों के छिलके उतारकर खाते हैं.

अपोलो हॉस्पिटल में चीफ न्यूट्रिशिनिस्ट डॉ. प्रियंको रोहतगी के कहती हैं कि फलों को अच्छी तरह से धोकर छिलके के साथ खाना सेफ माना जाता है. इससे जरूरी फाइबर और विटामिन मिलते हैं. सेब, चीकू और अंगूर को छिलकों के साथ ही खाया जाता है. हालांकि, कुछ लोग अपने पाचन तंत्र को ध्यान में रखकर फल छिलके उतार कर ही खाते हैं.

## किन फल को छिलकों के साथ खाएं

डॉ. प्रियंको रोहतगी कहती हैं कि फलों को छिलकों के साथ खाने में कोई रिस्क नहीं है लेकिन इन्हें पहले अच्छी तरह से धो लें. ताकि हानिकारक केमिकल्स निकल जाएं. जानिए किन फलों को छिलकों के साथ खाया जा सकता है.

### सेब

आपको बता दें कि सेब के छिलके में एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है. ऐसे में इसे अच्छी तरह धोकर छिलकों के साथ ही खाना चाहिए.

### आलू बुखारा

सुर्ख लाल रंग का दिखने वाला आलू बुखारा खाने में खट्टा और मीठा लगता है. इस फल को भी छिलकों के साथ खाया जाना चाहिए.

### नाशपाती

नाशपाती को छीलकर खाएंगे तो इसके पोषक तत्व कम हो जाएंगे. इसलिए इसे धोने के बाद छिलकों के समेत ही खाना चाहिए.

### चीकू

चीकू के छिलके में विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट, पोटेशियम और आयरन होता है. आपकी स्किन को हेल्दी रखने और आंत को स्वास्थ्य रखने में मदद करता है.

## इन फलों को छिलके उतार कर खाएं

### तरबूज


तरबूज का छिलका बहुत सख्त और मोटा होता है. इसे खाना भी आसान नहीं है. इसलिए तरबूज को आप छिलकों को उतारकर ही खाएं.

### कीवी

कुछ लोग कीवी को भी छिलकों के साथ ही खाना पसंद करते हैं. लेकिन अगर आपको इसके छिलके से परेशानी है तो इसे छीलकर ही खाएं.

### संतरा

संतरा का छिलका विटामिन सी, विटामिन बी 6, कैल्शियम और राइबोफ्लेविन से भरपूर होता है. हालांकि, जब इसे खाया जाए तो ये स्वाद में कड़वा लगता है.



# रोजाना दो कीवी का सेवन हर साल बचा सकता है आपके हजारों रुपये, सेहत के लिए ये बहुत लाभकारी

**अध्ययनों से स्पष्ट होता है कि अगर आहार में ही सुधार कर लिया जाए तो कई प्रकार की बीमारियों के खतरे को कम किया जा सकता है। आहार में गड़बड़ी को शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत के लिए गंभीर दुष्प्रभावों वाला माना जाता है। प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाने से लेकर पाचन को ठीक रखने, त्वचा और मेटाबॉलिज्म को सुधारने के लिए नियमित रूप से कीवी का सेवन करना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।**

कई गंभीर बीमारियों के जोखिमों से बचाने में भी कीवी खाने को फायदेमंद पाया गया है। यानी अगर आप नियमित रूप से कीवी का सेवन करते हैं तो आप हर माह बीमारियों पर होने वाले खर्च को कम कर सकते हैं।



कीवी लो कैलोरी वाले फल के साथ फाइबर से भरपूर होता है। इसमें प्रोटीन पाचन एंजाइम और विटामिन-सी होता है, जिसका अर्थ है कि यह प्रभावी रूप से वजन घटाने और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूती देने में आपके लिए विशेष लाभकारी है। यदि आप अपने हृदय और पाचन स्वास्थ्य में सुधार करना चाहते हैं तो रोजाना एक-दो कीवी खाना बेहतर विकल्प हो सकता है।

### प्रतिरक्षा को मजबूत करती हैं कीवी

कीवी में विटामिन-सी की अधिकता होती है, 100-ग्राम कीवी से दैनिक विटामिन सी का 80त्न तक प्राप्त किया जा सकता है। विटामिन-सी शरीर में एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट के रूप में कार्य करता है और कोशिकाओं को ऑक्सीडेटिव डैमेज से बचाता है। प्रतिरक्षा प्रणाली के मजबूत होने से कई प्रकार के संक्रामक रोगों का खतरा कम होता है, इसलिए रोजाना कीवी का सेवन आपके लिए बहुत लाभकारी है।

### पोटेशियम का अच्छा स्रोत है कावी

हृदय, किडनी, मांसपेशियों और तंत्रिकाओं को ठीक से काम करने के लिए पोटेशियम की आवश्यकता होती है। एक कीवी में 215 मिलीग्राम तक पोटेशियम होता है, ऐसे में कीवी का सेवन करना आपके रक्तचाप और तंत्रिकाओं के लिए लाभकारी है। आहार के माध्यम से पोटेशियम की पूर्ति करना उच्च रक्तचाप और स्ट्रोक जैसी हृदय संबंधी समस्याओं को कम करने, किडनी की पथरी और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं से बचाने में आपके लिए फायदेमंद है।

### ब्लड क्लॉटिंग होती है कम

नसों में रक्त का थक्का जमना हृदय और मस्तिष्क में रक्त के संचार को बाधित कर सकता है, जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा हो सकता है। कीवी, रक्त में वसा के स्तर को कम करके रक्त के थक्के को जमने से बचा सकती है। प्रतिदिन दो से तीन कीवी फल खाने से रक्त को पतला करने और समय के साथ हृदय स्वास्थ्य को बढ़ाने में मदद मिल सकती है। स्ट्रोक के खतरे को कम करने में भी इसके लाभ हैं।

### पाचन स्वास्थ्य में मिलता है लाभ

कीवी में अघुलनशील और घुलनशील दोनों प्रकार के फाइबर होते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि कीवी में लगभग एक-तिहाई घुलनशील और दो-तिहाई अघुलनशील फाइबर होता है। फाइबर, रक्त शर्करा के स्तर को ठीक रखने के साथ, हृदय और पाचन स्वास्थ्य को लाभ पहुंचा सकता है। फाइबर का सेवन करना आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।